दैनिक

# नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 6 मार्च 2024, वर्ष-9 अंक- 335 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com



DSPL-794

## छात्र सशक्तिकरण का नया युग
## नबीन ओडिशा मैजिक कार्ड

## नवीन ओडिशा के निर्माण और भविष्य के लिए तैयार

नबीन ओडिशा मैजिक कार्ड, ओडिशा के छात्रों को सशक्त बनाने की एक अनूठी पहल।
यह कार्ड १५ अगस्त २०२४ से वितरित होना शुरू होगा और इसका उद्देश्य छात्रों को सक्षम, आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी बनाना है, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

## नवीन अवसरों की शुरुआत, समृद्धि के पासपोर्ट के साथ

यात्रा में आसानी | डिजिटल कनेक्टिविटी | कौशल विकास | विशेष लाभ

अपने नबीन ओडिशा मैजिक कार्ड के लिए आज ही पंजीकरण करें

www.magiccard.odisha.gov.in

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग

लोकसभा चुनाव 2024

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश झारखंड

# बीआरएस ने लोस चुनाव के लिए जारी की कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट

**हैदराबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है।

बीआरएस ने पहली लिस्ट में 4 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है. बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव ने नामा नागेश्वर राव को खम्मम, बी विनोद कुमार को करीमनगर, मलोथ कविता को महबूबाबाद और कोप्पुला ईश्वर को पेद्दापल्ली सीट से चुनावी मैदान में उतारा है।

तेलंगाना के संसदीय क्षेत्रों के प्रमुख नेताओं के साथ 2 दिन तक चले लंबे मंथन के बाद बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव ने पहली लिस्ट जारी कर दी।

## पार्टी ने इन चार नेताओं के नाम का किया ऐलान

नागेश्वर राव और मलोथ कविता निवर्तमान लोकसभा के मौजूदा सांसद हैं, जबकि एक अन्य बीआरएस उम्मीदवार विनोद कुमार पहले लोकसभा सदस्य के रूप में काम कर चुके हैं. कोप्पुला ईश्वर तेलंगाना की पिछली बीआरएस सरकार में मंत्री थे।

तेलंगाना के सियासी समीकरण की बात करें तो 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में बीआरएस को 9, बीजेपी को 4, कांग्रेस को 3 और एआईएमआईएम को महज 1 सीट पर ही संतोष करना पड़ा था. इसके अलावा 2023 में हुए विधानसभा चुनावों का. कांग्रेस ने 9 साल से सत्ता में काबिज केसीआर को बेदखल कर दिया था। पार्टी की ओर से कहा गया है कि बीआरएस अध्यक्ष ने संबंधित संसदीय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण नेताओं के साथ परामर्श करने और उम्मीदवारों के नामों पर आम सहमति के बाद यह निर्णय लिया है. बता दें कि तेलंगाना में कुल 17 लोकसभा सीटें हैं।

# स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को दिया चैलेंज मैदान तुम चुन लो, मैं बहस के लिए तैयार हूं'

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बजने वाला है और उसके पहले देशभर का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। इस बीच केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर लिया है। ईरानी ने राहुल गांधी को यूपीए सरकार और मोदी सरकार के 10 सालों में किए गए कामों के बीच अंतर पर बहस करने को चुनौती दी है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी बीजेपी के एक कार्यकर्ता के सामने भी नहीं टिक पाएंगे।नागपुर में भरतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री

ने कहा कि अगर मेरी आवाज राहुल गांधी के पास तक पहुंच रही है तो अपने कानों को खोलकर सुनना चाहिए। अब तक नरेंद्र मोदी सरकार और यूपीए सरकार के बीच किए गए कामों पर एक बहस हो जाए। साथ ही, ईरानी ने दावा करते हुए यह भी कहा कि अगर वह राहुल गांधी के साथ चर्चा करना चाहेंगी तो कांग्रेस नेता इस बहस में हिस्सा नहीं लेंगे।

नागपुर के इस सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि मैं गारंटी देती हूं कि राहुल गांधी के सामने अगर युवा मोर्चा का एक कार्यकर्ता भी बोलना शुरू कर दे तो कांग्रेस नेता अपनी बोलने की ताकत खो देंगे। स्मृति ईरानी ने आगे कहा कि बीते 10 सालों में बीजेपी ने घोषणापत्र में किए गए अपने तीन बड़े वादों को पूरा किया है। ईरानी ने कहा कि मेनिफेस्टो में अनुच्छेद 370 हटाना, विधायिका में महिलाओं को रिजर्वेशन और राम मंदिर बनाने का वादा किया था और बीजेपी ने इन्हें पूरा भी किया है।

## न्यूज गैलरी

### मुख्तार अंसारी की याचिका पर एससी ने की कड़ी टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुख्तार अंसारी की सजा को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई को टालते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। याचिका को टालते हुए कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अंसारी एक खूंखार अपराधी है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने अंसारी की याचिका पर सुनवाई मंगलवार को स्थगित कर दी। पीठ ने कहा, वह एक खूंखार अपराधी है और उनपर ऐसे कई मामले हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गरिमा प्रसाद ने कहा कि अंसारी ने राज्य में ÷आतंक का राज÷ फैलाया है, जिस पर पीठ ने कहा, ÷वह अब सलाखों के पीछे है÷। पिछले साल 13 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अंसारी की अपील पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था।

### गया में सेना का एयरक्राफ्ट विमान गिरा, दोनों पायलट सुरक्षित

**गया, (वार्ता)।** बिहार में गया जिले के बोधगया प्रखंड के बगदाहा गांव के बधार में आज सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट विमान अचानक गिर गया। सूत्रों ने बताया कि गया के पहाड़पुर गांव के समीप स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) से ट्रेनिंग के दौरान माइक्रो एयरक्राफ्ट विमान ने उड़ान भरी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण विमान बगदाहा गांव के गेहूं के खेत में गिर गया। विमान में एक महिला और एक पुरुष पायलट सवार थे। सूत्रों ने बताया कि ग्रामीणों ने दोनों पायलट को विमान से बाहर निकाला। इसके बाद पायलट के द्वारा इसकी सूचना ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी को दी गई।अकादमी के अधिकारी मौके पर पहुंचकर विमान को वापस लेकर चले गये।

### डीके शिवकुमार को बड़ी राहत सुको ने केस को खारिज किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ 2018 के मनी लॉन्ड्रिंग मामले को खारिज कर दिया है। इस तरह पीएमएलए के तहत अब इस मामले की जांच नहीं हो सकेगी। ये मामला डीके शिवकुमार के घर पर मिले नकद से जुड़ा हुआ है।2017 के अगस्त महीने नें डीके शिवकुमार के घर से बेहिसाब नकद बरामद हुई थी। इसको लेकर मनी लॉन्ड्रिंग की धाराओं के तहत जांच शुरू हुई, मगर अब सुप्रीम कोर्ट से शिवकुमार को बड़ी राहत मिल गई है। बता दें कि कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक कथित मामले में उन्हें जारी किए गए ईडी समन को रद्द करने से इनकार करने के हाईकोर्ट के 2019 के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

### 'हिंदू भगवानों का अपमान ही विपक्ष का एजेंडा', ए राजा के बयान पर भड़की भाजपा

**नई दिल्ली।** ए राजा के विवादित बयान पर भाजपा ने कड़ी नाराजगी जताई है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने ए राजा के बयान पर विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या कांग्रेस पार्टी भी ए राजा के बयान का समर्थन करती है? रविशंकर प्रसाद ने सवाल किया कि क्या डीएमके नेता किसी अन्य धर्म के खिलाफ भी ऐसी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर सकते हैं? डीएमके नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा के एक बयान पर विवाद हो गया है। दरअसल ए राजा ने कहा है कि भारत एक राष्ट्र नहीं है बल्कि एक उपमहाद्वीप है। भारत कभी भी एक राष्ट्र नहीं था। ए राजा ने ये भी कहा कि हम राम के शत्रु हैं और हमें रामायण और भगवान राम पर विश्वास नहीं है। ए राजा के इस बयान पर भाजपा ने तीखा पलटवार किया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि 'वह (ए राजा) कह रहे हैं कि हम कभी भी 'जय श्री राम' और 'भारत माता की जय' को स्वीकार नहीं करेंगे...तो क्या सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे भी उनकी बात से सहमत हैं? क्या डीएमके नेता ऐसी ही अपमानजनक टिप्पणियां किसी दूसरे धर्म के भगवानों के खिलाफ कर सकते हैं? हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।' भाजपा नेता ने कहा कि 'ये साफ हो गया है कि भारत के लोकाचार, हिंदू भगवानों का अपमान करना और भारत के विचार पर सवाल खड़े करना ही विपक्षी गठबंधन का एजेंडा है। क्या कांग्रेस अपने राजनीतिक फायदे के लिए इतना नीचे गिरने के लिए तैयार है।

# लालू यादव की नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी के बाद बीजेपी ने छेड़ दिया मोदी का परिवार कैंपेन

**■ नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना की जनसभा में जनता से लगवाया मोदी का परिवार वाला नारा**

**पटना।** 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने नरेंद्र मोदी को कथित तौर से 'चायवाला' कहा और कांग्रेस अधिवेशन में चाय बेचने की सलाह दी। उनके इस बयान से राजनीति में हंगामा मच गया और चुनाव की दिशा ही बदल गई। बीजेपी ने इस बयान के बाद पूरे देश में चाय पर चर्चा कैंपेन लॉन्च कर दिया। इसके साथ यह नैरेटिव फैला कि कांग्रेस गरीब परिवार के चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री पद पर नहीं देख सकती है। फिर आगे क्या हुआ, सभी जानते हैं। बीजेपी को पहली बार 282 सीटों पर जीत मिली और पीएम मोदी प्रधानमंत्री बने। 2019 के लोकसभा चुनाव में

कांग्रेस ने 'चौकीदार चोर है' का नारा बुलंद किया।

राहुल गांधी अपनी चुनावी रैलियों में यह नारा दोहराते रहे। भाजपा ने इसके जवाब में 'मैं हूं चौकीदार' अभियान चला दिया। आम लोग भी 'मैं भी चौकीदार' की टोपी और शर्ट पहने नजर आए। मई 2019 के चुनावी नतीजे भी इतिहास में दर्ज हो गए। बीजेपी 303 सीटें जीतकर दोबारा केंद्र की सत्ता में पहुंची और नरेंद्र मोदी दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। 2024 के चुनाव में नरेंद्र मोदी को यह मौका बिहार के नेता लालू यादव ने दिया है।

### कैंपेन तैयार था और लालू यादव ने मौका दे दिया

लालू यादव ने इंडिया गठबंधन की जन विश्वास रैली में नरेंद्र मोदी पर ताबड़तोड़ हमले किए। लालू यादव ने कहा कि ई मोदी क्या है? मोदी कोई चीज है क्या? ये नरेंद्र मोदी परिवारवाद पर हमला कर रहे हैं। अरे भाई, तुम बताओ न, तुमको कोई संतान नहीं हुआ। ज्यादा संतान होने वाले लोगों को बोलता है कि परिवारवाद है, परिवार के लिए लोग लड़ रहे है। तुम्हारे पास परिवार नहीं है और तुम हिंदू भी नहीं है। इस रैली में लालू यादव ने नरेंद्र मोदी के हिंदू होने पर भी सवाल उठाए, मगर बीजेपी ने इसमें से परिवारवाद को लपका। इस कैंपेन के लिए पार्टी ने राहुल गांधी और कांग्रेस के बयान का इंतजार नहीं किया। बीजेपी के मंत्री, सांसद के साथ प्रचार तंत्र इस बयान तुरंत एक्टिव हुई और अगले 24 घंटे में 'मोदी का परिवार' कैंपेन शुरू हो गया। नरेंद्र मोदी ने भी अपनी रैलियों में परिवार का मुद्दा उठाया।

# मेक्सिको में बड़ा सड़क हादसा, ट्रक से टकराई वैन, 3 नाबालिग समेत 9 की मौत

**नई दिल्ली।** मेक्सिको के कैरेबियाई तट पर सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया. यहां हाइवे पर एक वैन दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों ने जानकारी दी कि यह हादसा तब हुआ जब वैन एक ट्रक से टकरा गई. यह हादसा सोमवार तड़के टुलम रिसॉर्ट से लगभग 120 किलोमीटर दक्षिण में एक क्षेत्र में हुआ। ट्रक से टक्कर के बाद वैन में आग लग गई. वहीं इस वैन में सवार अन्य छह लोगों को गंभीर चोट आई है, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है. मृतकों में तीन नाबालिग शामिल हैं। क्षेत्र के बड़े पैमाने पर माया मूल निवासियों के बीच वैन सार्वजनिक परिवहन का सबसे बड़ा साधन है. क्योंकि यह क्षेत्र तट से कुछ दूरी पर है. पर्यटक इस क्षेत्र में कम ही आते हैं. अधिकारियों ने कहा कि सभी पीड़ित स्थानीय निवासी हैं. बता दें कि जैसे-जैसे कैरेबियाई तट अधिक विकसित होता जा रहा है और यातायात बढ़ रहा है, स्थानीय राजमार्गों पर अधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं। बता दें कि जनवरी में मेक्सिको में एक भयानक सड़क हादसा हुआ था. जिसमें एक यात्री बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई और 19 लोग मारे गए थे. साथ ही 18 घायल भी हुए थे. स्थानीय अधिकारियों ने बताया था कि बस में 37 लोग सवार थे.।

# यूपी पुलिस की पेपर लीक मामले में बड़ी कार्रवाई, भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष को हटाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले को लेकर योगी सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को पद से हटा दिया गया है और राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड की जिम्मेदारी दी गई है।

उत्तर प्रदेश में 60,000 से अधिक कांस्टेबल भर्ती पदों के लिए 48 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया था। पेपर लीक होने के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी। यह परीक्षा दोबारा से 6 महीने बाद आयोजित की जाएगी। सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में चूक और एफआईआर दर्ज कराने में लापरवाही के चलते डीजी भर्ती बोर्ड रेणुका मिश्रा को पद से हटाया है।

इसके बाद डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। पेपर रद्द होने के बाद से भर्ती बोर्ड की आंतरिक कमेटी रिपोर्ट जमा नहीं कर पाई थी और ना ही मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। बता दें की पेपर लीक होने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि ऐसी कार्रवाई करेंगे जो नजीर बनेगी।

# एक ही दिन में 4 जगह वंदे भारत पर फेंके गए पत्थर, रेलवे अलर्ट

**नई दिल्ली।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने की कई घटनाएं सामने आई हैं लेकिन मंगलवार को जो हुआ वह चौंकाने वाला था। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को दक्षिण भारत के दो राज्यों में चार अलग-अलग स्थानों पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंके गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने की यह घटना कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की अलग-अलग जगहों पर हुई है। हालांकि गनीमत यह रही कि इन चारों की घटनाओं में ट्रेन की खिड़कियों को नुकसान जरूर हुआ है लेकिन कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ है। साउथ वेस्टर्न अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ये घटनाएं रविवार की हैं। इन मामलों में तीन अलग-अलग केस फाइल किए गए हैं और जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पहली घटना सुबह सवा छह बजे ट्रेन संख्या 20661 के साथ हुई। घटना के समय इस वंदे भारत ने चिक्कबनावारा रेलवे स्टेशन ही पार किया था।

# हिजबुल्लाह के आतंकवादी हमले में 1 भारतीय की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में इजराइल के दूतावास ने ट्वीट कर बताया 'हम कल दोपहर उत्तरी मार्गालियोट गांव में एक बाग की खेती कर रहे शांतिपूर्ण कृषि श्रमिकों पर शिया आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह द्वारा किए गए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के कारण एक भारतीय नागरिक की मौत और दो अन्य के घायल होने से बहुत स्तब्ध और दुखी हैं। इजरायली मेडिकल संस्थान पूरी तरह से घायलों की सेवा में हैं जिनका इलाज हमारे सबसे अच्छे मेडिकल स्टाफ द्वारा किया जा रहा है।'

# बेंगलुरु जेल में बंदियों को कट्टरपंथी बनाने के मामले में एनआईए का बड़ा एक्शन, 7 राज्यों में 17 इलाकों में छापेमारी

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने के मामले में एनआईए सात राज्यों में 17 स्थानों पर तलाशी की कार्रवाई कर रही है। बेंगलुरु और तमिलनाडु समेत अन्य राज्यों में छापेमारी चल रही है। यह छापे आतंकी साजिश में शामिल संदिग्धों से जुड़े हैं। इस साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बेंगलुरु लश्कर-ए-तैयबा जेल कट्टरपंथ और 'फिदायीन'हमले की साजिश रचने के मामले में एक आजीवन कारावास की सजा पाने वाले और दो भगोड़ों सहित आठ लोगों पर आरोप पत्र दायर किया। बेंगलुरु सिटी पुलिस द्वारा 18 जुलाई, 2023 को सात आरोपी व्यक्तियों के कब्जे से हथियार, गोला-बारूद, हथगोले और वॉकी-टॉकी की जब्ती के बाद दर्ज किया गया था। बरामदगी तब की गई जब सातों लोग एक आरोपी के घर में एकत्र हुए थे। एनआईए ने अक्टूबर 2023 को इस मामले की जांच को अपने हाथ में ले लिया था। साल 2017 में आरोपी टी. नसीर अन्य आरोपियों के संपर्क में आया था। सलाम पोसको मामले में जेल में था। कट्टरपंथी बनाने और उन्हें लश्कर में भर्ती करने के उद्देश्य से नसीर उनकी क्षमता का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने के बाद उन सभी को अपने बैरक में स्थानांतरित करने में कामयाब रहा था।

## इन आरोपियों पर मुकदमा किया गया दर्ज

आरोपपत्र में शामिल आरोपियों में केरल के कन्नूर जिले का टी नसीर भी शामिल है, जो 2013 से बेंगलुरु की सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। वहीं जुनैद अहमद उर्फ जेडी और सलमान खान के विदेश भाग जाने का संदेह है। अन्य की पहचान सैयद सुहैल खान उर्फ सुहैल, मोहम्मद उमर उर्फ उमर, जाहिद तबरेज उर्फ जाहिद, सैयद मुदस्सिर पाशा और मोहम्मद फैसल रब्बानी उर्फ सदाथ के रूप में हुई है। सभी आठ आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता, गैरकानूनी गतिविधियांअधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया गया है।

### निर्माणाधीन पुल का डेक गिरने से 1 व्यक्ति की मौत

**पेरिस(वार्ता)।** फ्रांस के टूलूज़ शहर की मेट्रो लाइन पर सोमवार को निर्माणाधीन पुल का डेक गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। मीडिया आउटलेट ला डेपेच डू मिडी ने बताया, सोमवार को टूलूज़ मेट्रो की लाइन सी के टिसियो निर्माण स्थल पर निर्माणाधीन पुल के डेक का एक हिस्सा ढह गया।

# 450 का सिलेंडर, एमएसपी की गारंटी, अग्निवीर योजना बंद करने का वादा, जल्द जारी होगा कांग्रेस का घोषणा पत्र

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अपना घोषणा पत्र जारी करने वाली है। सोमवार शाम को हुई बैठक के बाद कांग्रेस पार्टी ने साफ किया है कि जल्द ही पार्टी का घोषणा पत्र सामने आ जाएगा। फिलहाल पार्टी के भीतर उम्मीदवारों के नामों को लेकर भी मंथन जारी है और जल्द ही कांग्रेस लोकसभा चुनाव को लेकर अपने प्रत्याशी मैदान में उतार सकती है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस का घोषणा पत्र किसानों, पिछड़ों, दलितों, महिलाओं और युवाओं के मुद्दों पर केन्द्रित होगा। माना जा रहा है कि पार्टी अग्निवीर योजना को बंद करने जैसे बिन्दु को भी घोषणा पत्र में जगह दे सकती है। कांग्रेस एआई के ज़रिए बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार की तैयारी कर रही है। यह संभावना है कि कांग्रेस मंगलवार को पी.चिदंबरम की अध्यक्षता वाली कमेटी के द्वारा घोषणा पत्र जारी कर सकती है। इस घोषणा पत्र में खास्तुयर पर युवाओं की बात करें तो अग्निवीर योजना और बेरोजगारी भत्ता जैसे वादे शामिल किए जा सकते हैं। 450 रुपए का गैस सिलेंडर का वादा एक अहम मुद्दा कांग्रेस इस चुनाव में बना सकती है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी झूठी गारंटी का थैला लेकर चल रहे हैं। कांग्रेस की मेनिफेस्टो कमेटी के छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव संयोजक हैं। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया, जयराम रमेश, शशि थरूर और प्रियंका गांधी वाड्रा इसके सदस्य हैं।

# 'कोई भारतीय सैनिक मालदीव में नहीं रहेगा, सादे कपड़ों में भी नहीं', 10 मई तक सबकी होगी वापसी : मुइज्जू

**नई दिल्ली(ए.)।** भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्यकर्मी मौजूद नहीं रहेगा , यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब कुछ समय पहले भारत की एक सिविलियन टीम मालदीव में एक एविएशन प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। राष्ट्रपति मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले ग्रुप की वापसी के लिए 10 मार्च 2024 की समयसीमा तय की थी।

किबा द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति

को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। पोर्टल ने चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के हवाले से कहा, ''यह कहना कि ये लोग (भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं, वे सादे कपड़े पहनकर अपनी वर्दी बदलने के बाद वापस लौट रहे हैं। हमें ऐसे विचार नहीं लाने चाहिए जो हमारे दिलों में संदेह पैदा करें और झूठ फैलाएं।'' इससे पहले, 2 फरवरी 2024 को दोनों पक्षों के बीच दिल्ली में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत इस द्वीपीय देश में तीन एविएशन प्लेटफॉर्म में अपने सैन्यकर्मियों को बदलेगा और इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा किया जाएगा। पांच फरवरी को संसद में दिए अपने पहले संबोधन में भी मुइज्जू ने ऐसी ही टिप्पणियां की थीं। गौरतलब है कि अभी भारत के 88 सैन्यकर्मी मालदीव में हैं, जो मुख्य रूप से दो हेलीकॉप्टर और एक विमान का संचालन करने के लिए हैं। इनके जरिये सैकड़ों मेडिकल बचाव और मानवीय सहायता मिशन को पूरा किया गया है।

### भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी : मालदीव के राष्ट्रपति

मालदीव के राष्ट्रपति ने कहा, ''10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मैं विश्वास के साथ यह कहता हूं।'' उन्होंने यह बयान ऐसे दिन दिया है जब उनके देश ने निःशुल्क सैन्य सहायता हासिल करने के लिए चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 6 मार्च 2024, वर्ष-9 अंक- 335 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

# एसईसीएल की गेवरा बनेगी एशिया की सबसे बड़ी कोयला खान

■ 70 मिलियन टन वार्षिक कोल उत्पादन के लिए मिली पर्यावरणीय स्वीकृति

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** एसईसीएल की गेवरा खदान को आज मौजूदा उत्पादन क्षमता 52.5 मिलियन टन से बढ़ाकर 70 मिलियन टन प्रति वर्ष करने के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति मिल गयी है जिससे खदान के एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में कोयला मंत्रालय की भूमिका बेहद अहम रही। मंत्रालय द्वारा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से लागातार समन्वय बनाकर रिकॉर्ड समय में गेवरा परियोजना को 70 मिलियन टन की पर्यावरण स्वीकृति दिलाने में मदद की जोकि राष्ट्र की ऊर्जा आकांक्षाओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

इस अवसर पर एसईसीएल सीएमडी प्रेम सागर मिश्रा ने

एसईसीएल टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में कोल इंडिया एवं एसईसीएल टीम ने आज एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। हमारा सपना है कि गेवरा अत्याधुनिक खनन तकनीक से युक्त दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदान बने और आज मिली यह स्वीकृति इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

एसईसीएल प्रबंधन ने गेवरा खदान के लिए पर्यावरण स्वीकृति हासिल करने में सहयोग के लिए कोयला मंत्रालय को धन्यवाद दिया और कहा कि यह हमारे लिए एक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### गेवरा देश का गौरव

गेवरा खदान एसईसीएल के मेगाप्रोजेक्ट्स में से एक है और पिछले साल वित्त वर्ष 22-23 में 52.5 मिलियन टन कोयला उत्पादन के साथ ही इसने देश की सबसे बड़ी कोयला खदान बनने का गौरव हासिल किया है। यह खदान लगभग 40 से अधिक वर्षों से देश की ऊर्जा सुरक्षा में अपना योगदान दे रही है। खदान की स्ट्राइक लंबाई लगभग 10 किलोमीटर और चौड़ाई 4 किलोमीटर है। खदान में सरफेस माइनर, रिपर माइनिंग के रूप में पर्यावरण-अनुकूल ब्लास्ट-रहित खनन तकनीक का प्रयोग किया जाता है। खदान में ओवरबर्डन हटाने के लिए 42 क्यू.मि. शोवेल और 240-टन डम्पर जैसी उच्चतम क्षमता वाली दुनिया की सबसे बड़ी एचईएमएम मशीनों का उपयोग किया जाता है। इसमें त्वरित और पर्यावरण-अनुकूल कोयला निकासी के लिए कन्वेयर बेल्ट, साइलो और रैपिड लोडिंग सिस्टम से सुसज्जित फर्स्ट-माइल कनेक्टिविटी भी है।

## आज बेबाक

**मैं** हुं चौकीदार के बाद अब मैं हुं मोदी का परिवार मुहिम ने विपक्षी महागठबंधन के लिए आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर दी है। पटना में अयोजित महागठबंधन की रैली में लालू यादव ने पीएम मोदी के परिवार को लेकर विवादास्पद टिप्पणी कर दी। लालू के लाल इस बोथरे हथियार से किये गए वार के जवाब में पीएम मोदी ने ऐसा पलटवार किया कि मैं हुं मोदी का परिवार अब भाजपा का प्रमुख हथियार बन गया। यह हथियार विपक्ष ने ही दिया है इसे ही कहते है हमसे ही सिखी अदाएं और हमपर ही वार किया।

## पीएम मोदी की पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा कल

**श्रीनगर, (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की पहली यात्रा पर होंगे। उनके आगमन के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा एजिसियों की नजर है। यात्रियों की लगातार जांच जारी है। हवाई सुरक्षा बढ़ाई गई है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली कश्मीर यात्रा होगी। श्री मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की हाईप्रोफाइल दौरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपाय बढ़ाये गये हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।

## हिमाचल में 5 किमी गहराई में भूकंप के हल्के झटके

**शिमला, (वार्ता)।** हिमाचल प्रदेश के मंडी और लाहौल स्पीति जिलों के कुछ स्थानों पर पिछले 24 घंटों के दौरान भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार, राज्य के मंडी जिले में सुबह करीब 6.56 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र मंडी जिले के थुनाग उपखंड में कोयल में 31.57 देशांतर और 77.18 अक्षांश पर पांच किमी की गहराई पर स्थित था। आईएमडी के मुताबिक, सोमवार अपराह्न करीब 1.28 बजे लाहौल स्पीति के बर्फीले क्षेत्र में भी समान तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया था। इस दौरान, भूकंप का केंद्र 32.15 देशांतर और 77.67 अक्षांश पर पांच किमी की गहराई में स्थित था।

## शाहजहांपुर में युवक ने एसपी ऑफिस में किया आत्मदाह का प्रयास

**शाहजहांपुर, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर मंगलवार को एक युवक ने आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक युवक ने मंगलवार को एसपी ऑफिस में खुद को पेट्रोल डालकर कथित रूप से आग लगा ली। आग लगाने के बाद पीड़ित काफी देर तक आग की लपटों में घिरा रहा। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने पीड़ित पर कंबल डाल कर बचाया और मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। थाना कांट कस्बे में रहने वाला ताहिर अली आज दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय आया और उसने अपने ऊपर कोई तरल पदार्थ डालकर आग लगा ली।

## महिला ने तीन बच्चों के साथ की आत्महत्या

**अलवर, (वार्ता)।** राजस्थान में अलवर जिले के दुहार चौगान गांव में एक महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ कथित रूप से आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलते ही, परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। मृतका के भाई ने घटना की जानकारी आज सुबह करीब आठ बजे थानागाजी थाने में दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंजू (35) ने अपने पुत्र दीपांशु (सात), पुत्री दिव्यांशी (आठ) शिवानी (नौ) के साथ अज्ञात कारणों से कथित रूप से जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता आज सुबह परिजनों को मृतका मंजू की छोटी बहन से तब पता चला, जब उसने फोन कर अपने पिता रमेश चंद इस बारे में सूचना दी।

# कांग्रेसी रणनीति : कोरबा-बस्तर सांसदों का कट सकता है टिकट

### बीजेपी प्रत्याशियों की घोषणा के बाद कांग्रेस का बदलेगा पैनल; राजनांदगांव-दुर्ग से बघेल-ताम्रध्वज की चर्चा

**रायपुर/नवप्रदेश।** लोकसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो चुकी है। वहीं कांग्रेस में बैठकों के साथ उठा-पटक का दौर जारी है। दिल्ली में सोमवार को घंटों चली बैठक के बावजूद कांग्रेस के दिग्गज एक सीट पर भी सिंगल नाम तय नहीं कर पाए हैं। दरअसल, भाजपा उम्मीदवारों के नामों की घोषणा होने के बाद कांग्रेस ज्यादा सावधानी बरत रही है। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस की ओर से पहले तैयार किए गए पैनल में अब कुछ बदलाव किए जाने की चर्चा है। पार्टी रायपुर, राजनांदगांव जैसी सीट पर दिग्गज नेताओं को उतार सकती है।

**जातीय समीकरणों पर भी मंथन :** छह सामान्य संसदीय क्षेत्रों में भी जातिगत संतुलन बनाने को लेकर चर्चा हुई। इनमें दो सामान्य और चार ओबीसी समेत अन्य समुदाय के प्रत्याशी तय किए जा सकते हैं। कम से कम दो सीट में ब्राह्मण प्रत्याशियों को टिकट मिल सकता है। हालांकि यह तय नहीं हो पाया कि साहू समुदाय के प्रत्याशी को किस सीट से उतारा जाए। वहीं पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू और धनेंद्र साहू के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### इन सीटों पर इनके नामों की चर्चा

इनमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम चर्चा में है। रायपुर और राजनांदगांव दोनों लोकसभा सीटों पर उनके नाम को लेकर प्रस्ताव आया है। हालांकि राजनांदगांव से छन्नी साहू का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है। छन्नी साहू इसी सीट से विधायक भी रह चुकी हैं। रायपुर से पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू का नाम भी सामने आया है। धनेंद्र पहले भी एक बार रायपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं दुर्ग से पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू और राजेंद्र साहू, कांकेर से मोहन मरकाम और बीरेश ठाकुर में से किसी एक के नाम पर फैसला हो सकता है।

## बैज के खिलाफ बेटे के लिए दिल्ली पहुंचे कवासी

**बस्तर लोकसभा से बेटे हरीश लखमा को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने 25 समर्थकों समेत दिल्ली में डेरा डाला**

**रायपुर/नवप्रदेश।** लोकसभा चुनाव के टिकट वितरण से पहले ही छत्तीसगढ़ कांग्रेस में घमासान शुरू हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के खिलाफ पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने मोर्चा खोल दिया है। वे बेटे और समर्थकों के साथ दिल्ली पहुंच गए और पार्टी आलाकमान के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## नितिन नबीन बोले- पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनावी प्रबंधन में कोई कसर बाकी नहीं रखें

■ अजय जम्वाल ,पवन साय,शिवरतन शर्मा ने किया विस्तार से मार्गदर्शन

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी नितिन नवीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसकर परिश्रम करने कहा है। पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनावी प्रबंधन में कोई कसर बाकी नहीं रखें और प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा का कमल खिलाने के लिए कृत-संकल्पित हों। श्री नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं की भावनाओं का हर स्तर पर सम्मान किया है और अब प्रदेश के कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि वे प्रदेश की सभी 11 सीटों पर भाजपा को जिताकर प्रधानमंत्री श्री मोदी को भेंट करें।

**जम्वाल बोले- 11 लोकसभा सीटें भाजपा की जोली में डालनी है:** भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने प्रबंधन समिति को के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि इसी चुनाव प्रबंधन समिति ने विधानसभा चुनाव का काम भी सम्हाला था और उसमें काफी सफलता भी अर्जित हुई थी। उस दौरान जो कमियाँ रह गई थीं, उन्हें दूर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## पीएम मोदी ने किया 354 करोड़ का सीएआरओ केन्द्र राष्ट्र को समर्पित

■ घरेलू और सहयोगी अनुसंधान के माध्यम से विमानन समूह के लिए यह एक वैश्विक अनुसंधान मंच

**हैदराबाद, (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन (सीएआरओ) कॉम्प्लेक्स राष्ट्र को समर्पित किया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा नागरिक उड्डयन क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) गतिविधियों को उन्नत करने और बढ़ाने के लिए हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर यह केंद्र स्थापित किया गया था।

यह केंद्र स्वदेशी और नवीन समाधान प्रदान करने के लिए घरेलू और सहयोगी अनुसंधान के माध्यम से विमानन समूह के लिए एक वैश्विक अनुसंधान मंच प्रदान करता है।

इस केन्द्र का निर्माण लागत 354 करोड़ रुपये से अधिक आया है। यह केन्द्र अत्याधुनिक सुविधा 5-स्टार-गृह रेटिंग और ऊर्जा संरक्षण भवन कोड (ईसीबीसी) मानदंडों के अनुरूप है। यह युवाओं के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### यहां मिलेंगी ये सुविधाएं

कॉम्प्लेक्स में एटीएम एमुलेटर, डेटा एनालिटिक्स लैब और विजुअलाइज़ेशन लैब सहित यूएएस और मानवरहित विमान प्रणाली यातायात प्रबंधन (यूटीएम) प्रयोगशालाएं होंगी। परिसर में साइबर सुरक्षा और खतरा विश्लेषण प्रयोगशालाएं, एक डेटा प्रबंधन केंद्र, एक परियोजना सहायता केंद्र, एक सॉफ्टवेयर समाधान और उपकरण केंद्र और एक नेटवर्क बुनियादी ढांचा केंद्र भी होगा।

## सरकार बनने पर पेपर लीक गठजोड़ प्राथमिकता से करेंगे खत्म : राहुल

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पेपर लीक को उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की गंभीर समस्या बताया है। गांधी ने कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर पेपर लीक माफिया गठजोड़ को जड़ से खत्म करेंगे और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देंगे।

गांधी ने ट्विटर पोस्ट में कहा पेपर लीक उत्तर प्रदेश ही नहीं देशभर में युवाओं के लिए अभिशाप बन गया है। पिछले सात वर्षों में ही 70 से अधिक पेपर लीक के मामलों ने दो करोड़ से अधिक छात्रों का सपना तोड़ा गया है। इससे न सिर्फ भविष्य निर्माण के कीमती वर्ष बर्बाद हो रहे हैं बल्कि उनके परिवारों पर भी आर्थिक और मानसिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## चुनावी बॉंड मामले में एसबीआई को मोहरा बना रही है सरकार : खड़गे

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि चुनावी बॉंड भारतीय जनता पार्टी सरकार की भ्रष्टाचारी योजना थी जिसे उच्चतम न्यायालय ने रद्द करके असंवैधानिक और अवैध करार दिया है। खड़गे ने कहा लेकिन सरकार इस मामले में शीर्ष अदालत के फैसले को विफल करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक(एसबीआई) का इस्तेमाल कर रही है। अध्यक्ष खड़गे ने आज कहा, मोदी सरकार चुनावी बांड के माध्यम से अपने संदिग्ध लेन-देन को छिपाने के लिए देश के सबसे बड़े बैंक को ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। देश के शीर्ष न्यायालय ने चुनावी बॉंड की मोदी सरकार की 'काला धन सफेद करने' की योजना को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## जवान पोते को कोबरा से बचाने के चक्कर में दादी की गई जान

■ सो रहे पोते की ओर सांप को बढ़ता देख दादी ने हाथों में जकड़ लिया जहरीला कोबरा

**जौनपुर/नवप्रदेश।** माता-पिता अपने बच्चों के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं। वे मौके-बेमौके अपनी जान जोखिम में डालकर बच्चों की देखभाल करते हैं। उत्तर प्रदेश के जौनपुर की एक दादी ने ऐसी ही हिम्मत दिखाई। रात में घर में अपने पोते के साथ सोते समय दादी की नजर एक कोबरा सांप पर पड़ी।

जैसे ही उसने देखा कि वह पोते की ओर तेजी से बढ़ रहा है, दादी ने बिना कुछ सोचे-समझे कोबरा सांप को अपने हाथों में पकड़ लिया। तभी दादी के हाथ में कोबरा सांप ने काट लिया। दुर्भाग्य से अस्पताल में इलाज के दौरान दादी की मृत्यु हो गई।

यह घटना इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है। कोबरा को पोते की ओर झपटता देख दादी ने कोबरा को हाथ में ही पकड़ लिया। तभी सांप के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## गरमा-गरम

**गौरव...** गोवा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया नए प्रशासनिक और प्रशिक्षण भवन नेवल वॉर कॉलेज (एनडब्ल्यूसी) का उद्घाटन

# 'चोल भवन' नौसेना की समुद्री उत्कृष्टता के विरासत का प्रतीक : राजनाथ

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** नेवल वॉर कॉलेज (एनडब्ल्यूसी), गोवा में मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नए प्रशासनिक और प्रशिक्षण भवन का उद्घाटन किया। इस आधुनिक इमारत का नाम 'चोल' है, यह नामकरण प्राचीन भारत के चोल वंश के शक्तिशाली समुद्री साम्राज्य को अर्पित श्रद्धांजलि है।

इस दौरान रक्षा मंत्री ने विश्व स्तरीय अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधा बनाने के लिए नौसेना की सराहना की, जो दुनिया की समुद्री शक्तियों के बीच भारत के कद को यथोचित रूप से दर्शाता है। सिंह ने कहा कि भारत हिंद महासागर में देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा करके यह सुनिश्चित कर रहा है कि क्षेत्र में किसी का एकाधिकार न रहे।

### वसुधैव कुटुम्बकम' के माध्यम से भारत ने दिया अनुठा मंत्र

रक्षा मंत्री ने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' के मंत्र के माध्यम से भारत ने विश्व में सभी को एक साथ लेकर चलने का अनूठा मूल्य दिया है। अगर भारत मजबूत होगा तो न केवल आसपास के क्षेत्र प्रगति करेंगे, बल्कि लोकतंत्र और कानून का शासन भी मजबूत होगा। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री की क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) विजन के अनुरूप अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ

आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में काम करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

**उभरती सुरक्षा चुनौतियों की ओर किया ध्यानाकर्षित :** एडमिरल आर हरि कुमार ने विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में उभरती सुरक्षा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### बढ़ रहा समुद्री खतरा

रक्षा मंत्री ने कहा कि अधिकांश व्यापार समुद्री मार्ग के माध्यम से होता है, जिसमें हिन्द-प्रशांत क्षेत्र इसके केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस बढ़ते माल व्यापार के कारण, समुद्री डकैती और तस्करी की घटनाओं जैसे कई खतरे सामने आए हैं।

### इन प्रक्रियाओं में सक्षम

इस अवसर पर सिंह ने नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में नौसेना बेस, कारवार में दो प्रमुख पायर्स का उद्घाटन किया। विमान वाहक पियर दो विमान वाहक और एक लैंडिंग शिप टैंक (बड़ा) को एक साथ निर्धारित स्थान पर रोकने (बर्थिंग) में सक्षम है।

### गुलामी की मानसिकता से बाहर आने का अवसर

रक्षा मंत्री ने चोल भवन को नौसेना की आकांक्षाओं और भारत की समुद्री उत्कृष्टता की विरासत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह गुलामी की मानसिकता से बाहर आने तथा अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत पर गर्व करने की नई मानसिकता का भी प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में विरोधियों की बढ़ती आवाजाही और क्षेत्र के वाणिज्यिक महत्व को देखते हुए, खतरे का पुनर्मूल्यांकन करना जरूरी था। सरकार ने हिन्द महासागर में भारत की भूमिका की न केवल नए सिरे से कल्पना की बल्कि उसे मजबूत भी किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया गया है कि क्षेत्र में नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा, ''भारत यह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## सुविचार

आगे बढ़ने वाला व्यक्ति कभी किसी को नुकसान नहीं पहुंचाता। जो दूसरों को नुकसान पहुंचाता है वह कभी आगे नहीं बढ़ पाता। - अज्ञात

## संपादकीय

# वोट के बदले नोट पर सुको की चोट

**जिन** नेताओं ने रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को अपना अधिकार मान लिया था अब सुप्रीम कोर्ट ने उनके होश ठिकाने लगा दिये हैं। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय बेंच ने 1998 के पीवी नरसिम्हा राव के मामले में अपने निर्णय को पलटते हुए कहा है कि रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं है। इस तरह नोट के बदले वोट पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ी चोट की है। उल्लेखनीय है कि 1998 में पांच जजों की संविधान पीठ ने 3-2 के बहुमत से यह फैसला दिया था कि जनप्रनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। उस समय पीवी नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री थे और उनकी सरकार को जब बहुमत साबित करना था तब झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शीबू सोरेन ने पैसे लेकर अपनी पार्टी के सांसदों का वोट पीवी नरसिम्हा राव सरकार के पक्ष में कराकर उनकी सरकार को बचा लिया था। यह मामला जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो सुप्रीम कोर्ट ने जनप्रनिधियों पर मुकदमा करने को अनुचित करार दे दिया था। इसका नतीजा यह निकला कि अब तो विभिन्न राज्यों में अल्पमत वाली सरकार को बचाने या गिराने के लिए जनप्रतिनिधियों की खरीद फरोख्त का खुला खेल फरूखाबादी चलने लगा है। इसका हालिया उदाहरण हिमाचल प्रदेश है जहां कांग्रेस पार्टी के 6 विधायकों के पाला बदलने से सुखविंदर सुक्खू की सरकार अल्पमत में आ गयी है। कांग्रेस नेता आरोप लगा रहे हैं कि सुक्खू की सरकार को गिराने के लिए कांग्रेस विधायकों की खरीद-फरोख्त की गई है, जिस राज्य में भी कोई बहुमत वाली सरकार मुसीबत में फंसती है तो विधायकों को खरीदे जाने के आरोप लगते हैं। इसकी प्रमुख वजह यही है कि संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 को ऐसे रिश्वतखोर जनप्रतिनिधि अपनी सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करके बच निकलते थे, किन्तु अब सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 7 सदस्यीय संविधान पीठ ने अपने ऐतिहासिक फैसले में यह स्पष्ट कर दिया है कि संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों को रिश्वतखोरी की छूट नहीं दी गई है, क्योंकि रिश्वतखोरी में लिप्त एक सदस्य एक आपराधिक कृत्य में शामिल होता है इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया है कि नोट लेकर वोट देने के साथ ही पैसे लेकर सदन में भाषण देने वाले जनप्रतिनिधियों पर भी मुकदमा चलाया जा सकता है। ऐसे ही एक मामले में तृणमूल कांग्रेस की एक महिला सांसद महुआ मोइत्रा फंसी हुई है। अब उनके खिलाफ भी जो मामला चल रहा है उसमें उन्हें कोर्ट से कोई राहत नही मिलेगी। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला स्वागत योग्य है। अब माननीय जनप्रतिनिधि यदि कागज के चंद टुकड़ों की खातिर अपना ईमान बेचने की गुस्ताखी करेंगे, तो जाहिर है वे लम्बे से नपेंगे।

## गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

**छत्तीसगढ़** के प्रयाग कहे जाने वाले राजिम कल्प कुंभ में पधारे ज्योतिष पीठ के और द्वाराकापीठ के शंकराचार्यों ने गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिये जाने की पुरजोर मांग उठाई है। शंकराचार्यों ने कहा है कि इस मांग को लेकर साधु-संत 14 मार्च को संसद मार्च करेंगे। इसके पहले 10 मार्च को भारत बंद भी किया जाएगा। शंकराचार्यों ने कहा है कि गाय हमारी माता है, लेकिन उसके प्रति अमानवीय व्यवहार बंद नहीं हो रहा है। पिछले सात दशकों से केन्द्र में कई सरकारें रहीं, लेकिन किसी ने भी गौहत्या को रोकने के लिए कड़े कदम नहीं उठाये। जो सरकार गौ हत्या नहीं रोक पा रही है ऐसी सरकार को यदि हम वोट दे रहे हैं तो यह भी हमारे द्वारा किया जा रहा पाप है। इसलिए अब जरूरी है कि गौ हत्या रोकने के लिए गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए। गौ माता को लेकर शंकराचार्यों की यह पीड़ा स्वाभाविक है। वास्तव में आज गोधन की जो दयनीय स्थिति है वह किसी से छिपी नहीं है। सड़कों पर गौ माता मारी-मारी घूमती है। वे बड़ी संख्या में सड़क हादसों का भी शिकार बनती हैं। गायों की तस्करी भी आम बात बन गई है। गाय के तस्करों को रोकने के लिए हिंदूवादी संगठन सामने आते हैं, तो अक्सर विवाद की स्थिति निर्मित होती है। इसके चलते माबलिंकिंग तक की नौबत आ जाती है। गो संरक्षण के लिए केन्द्र और राज्य सरकारें वैसे तो कई कदम उठा रही हैं, लेकिन उनके प्रयास विफल रहे हैं। गौ हत्या पर प्रभावी रोक अब नहीं लग पाई है। गौ माता को इस अमानवीय व्यवहार से बचाने का यही एक मात्र उपाय रह जाता है, जो छत्तीसगढ़ के राजिम कुंभ में शंकराचार्यों ने बताया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि शंकराचार्यों की इस न्यायोचित मांग पर केन्द्र सरकार गंभीरतापूर्वक विचार करेगी और साधू-संतों को आंदोलन के लिए बाध्य नहीं होने देगी। गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिलना चाहिए। लम्बे समय से यह मांग विभिन्न स्तरों पर उठती भी रही है, लेकिन तात्कालिन सरकारें इस मांग की अनदेखी करती रही हैं, किन्तु अब पानी सिर से उपर हो गया है। ऐसी स्थिति में सरकार को चाहिए कि वह जनभावनाओं का सम्मान करे और गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने तथा गौ हत्या को रोकने के लिए तत्काल कड़े कदम उठाये।

रमेश सर्राफ धमोरा

# सुप्रीम फैसलों ने बढ़ाया देश का मान

*शीर्ष अदालत ने कहा कि जो रिजल्ट शीट है उसमें 12 वोट याचिकाकर्ता कुलदीप को मिले हैं। जबकि 16 वोट बीजेपी कैंडिडेट मनोज सोनकर को मिले थे और 8 बैलेट पेपर को पीठासीन अधिकारी ने अमान्य करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इन आठ बैलेट को मान्य करार दिया और कहा कि इनमें वोट कुलदीप कुमार के पक्ष में पड़े थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस तरह से कुलदीप कुमार को कुल 20 वोट मिले हैं और उन्हें मेयर पद पर विजेता घोषित किया जाता है।*

*भारत में इस तरह के फैसलों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होगी। वहीं गलत कार्य करने वालों के मन में भी भय व्याप्त होगा। उन्हे लगेगा कि उनके गलत कार्यो पर कभी भी कार्यवाही की जाकर उन्हे कटघरे में खड़ा किया जा सकता हैं। इसलिये गलत काम करने वाला सौ बार अच्छे बुरे की सोच कर ही अपना कदम उठायेगा।*

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में कई ऐसे फैसले दिए हैं जिससे देश का मान तो बढ़ा ही है। उसके साथ ही वो फैसले न्यायपालिका के क्षेत्र में भी मील के पत्थर साबित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसलों से जहां हर देशवासी को गौरवान्वित किया हैं। वहीं देशवासियों का न्यायपालिका के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ किया है। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों की पूरे देश में सराहना हो रही है। देश के आम आदमी को भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह महसूस होने लगा कि हमारे देश में न्याय कभी कमजोर नहीं हो सकता है। हालांकि पिछले कई वर्षों से देश में न्यायपालिका को कमजोर करने के आरोप लग रहे थे। जिनको सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने झूठला दिया है।

सोमवार को वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अब रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ ने सोमवार को अपना 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, पीएस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक पीठ ने कहा कि हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं। जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी।

1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है। जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है।

आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है। रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है।

यह मुद्दा दोबारा तब उठा जब झामुमो विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिक दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड के राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। सीता सोरेन ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उन्हें सदन में कुछ भी कहने या वोट देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के तहत छूट हासिल है।

इसी तरह कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला देते हुए राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था।

अपने फैसले में चीफजस्टिस ने कहा है कि पॉलीटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी वह प्रक्रिया है जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है। जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है।

याचिकाकर्ताओं ने इस योजना को लागू करने के लिए फाइनेंस एक्ट 2017 और फाइनेंस एक्ट 2016 में किए गए कई संशोधन को गलत बताया था। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि कि इससे राजनीतिक दलों को बिना जांच और टैक्स भरे फंडिंग मिल रही है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2017 के बजट में चुनावी इलेक्टोरल बांड स्कीम को पेश किया था। जिसे 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने नोटिफाई किया था।

दिसंबर 2019 में याचिकाकर्ताओं ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दिया था। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया था कि किस तरह चुनावी बांड योजना पर चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक की चिताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार कर दिया था।

चुनाव आयोग का मानना था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29 ( बी) का उल्लंघन कर चंदा लिया है या नहीं। विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक का मानना था कि इलेक्टोरल बांड मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देगा। इसके जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट करना संभव होगा। चुनाव आयोग व रिजर्व बैंक की आपत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा सकता है। कुछ दिनो पूर्व चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने बड़ा फैसला करते हुए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह की तरफ से घोषित बीजेपी कैंडिडेट मनोज कुमार सोनकर को मेयर के तौर पर विजेता घोषित करने का फैसला अवैध है और उसे खारिज किया जाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पूरे चुनावी प्रक्रिया को खारिज करने से लोकतांत्रिक सिद्धांत के लिए विनाशकारी होगा क्योंकि यह सब पीठासीन अधिकारी के मिसकंडक्ट के कारण हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीठासीन अधिकारी मसीह ने जानबूझकर आठ बैलेट पेपर को विकृत किया है। इसलिये उनके खिलाफ मुकदमा चलाए जाने के लिए नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अनुच्छेद 142 के तहत विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए आदेश पारित करते हुए कहा था कि पूर्ण न्याय के लिए हम निर्देश जारी कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस और चीफ जस्टिस ने बैलेट पेपर और वीडियो का अवलोकन किया और खुद ही परीक्षण किया और पाया है कि वह विकृत नहीं है।

## आज का इतिहास

1886 में आज ही के दिन नर्सों की पहली पत्रिका नाइटिन्गेल प्रकाशित हुई थी। 1902 में 6 मार्च के दिन ही मशहूर फुटबॉल क्लब स्पेन के 'मैड्रिड क्लब' की स्थापना हुई थी। 1915 में आज ही के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रविन्द्रनाथ टैगोर पहली बार शांतिनिकेतन में मिले थे। 1924 में 6 मार्च के दिन ही इस्मेत इनोनु ने तुर्की में एक नई सरकार बनाई थी। 1944 में आज ही के दिन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने मित्र देशों के साथ मिलकर बर्लिन पर भारी बमबारी की थी। 1947 में 6 मार्च के दिन ही भारत से ब्रिटिश सैनिकों को हटाए जाने का विरोध में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने की घोषणा की थी। 1947 में आज ही के दिन बॉम्बे से इकनोमिक टाइम्स का संपादन शुरू हुआ था। 1961 में 6 मार्च के दिन ही भारत का पहला वित्तीय डेली समाचार पत्र 'द इकोनोमिक टाइम्स' टाइम्स आफ इंडिया समूह द्वारा बॉम्बे में लॉन्च हुआ था। 1967 में आज ही के दिन जोसेफ स्तालिन की बेटी स्वेतलाना भारत स्थित रूसी दूतावास से होते हुए अमेरिका पहुंची थीं।

## पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### रेल पथ विध्वंसक नर

रेल पथ विध्वंसक नर है माँग का कैसा ज्वर है भूल गये हर बात आज यह भारत का कैसा कल है माँग नजायज क्यों करते हैं हार जीत पर क्यों मरते हैं चाह रखें नभ छूने जैसा फिर हम डरते क्यों रहते हैं

**राजकिशोर मिश्र 'राज'**

### 'कृति' में भाव पिरोने हैं

'कृति' में भाव पिरोने हैं तो ,चिंतन का विस्तार करो। कवि वैशिष्ट्य लेखनी शुचिता,मत इसका व्यापार करो। अर्थ गहन शब्दों के होते,भाव - प्रवाह बदल जाता, सोच-समझकर ही जीवन में,सब इनका व्यवहार करो।।

**डॉ.बिपिन पाण्डेय**

### खास पाती | सिर्फ भरोसे पे टिका है रिश्तों का संसार

सिर्फ भरोसे पे टिका है रिश्तों का संसार, टूटा भरोसा तो छूटा बचपन का हर यार। झूठी बातों से बात बिगड़ती है मान भी लो , वेद पुराणों से संबंधों का कुछ ज्ञान भी लो। वैसे झूठा दिलासा देना कोई पाप नहीं, पर झूठी तरक्की, सफलता का नाप नहीं। झूठ किसी रिश्ते को तबाह भी कर सकती है, सच से ज़िन्दगी प्राप्त अथाह भी कर सकती है। हर स्थिति में सच का दामन ना छोड़ना चाहिए, और हमें झूठ के रस्ते न कभी दौड़ना चाहिए। माना सच से निभाना हरदम आसान नहीं ,पर झूठ से धन मिल सकता है सम्मान नहीं। वैसे सबके बस का नहीं सच की राह में चलना , पर झूठ की राह में तुम भूल जाओगे हंसना।

**डॉ संजय दानी**

### हे शारदा, हे शाश्वती, हे शैवी शांकरी मां

हे शारदा,हे शाश्वती हे शैवी शांकरी मां वेदज्ञा वेदजननी विश्वविभावरी मां चंड मुंड तूने मारी और वाल्मीकि को तारी तुलसी पे सुर पे भी कृपा रही तुम्हारी मेरी भी लेखनी में तू तेज़ ऐसा भर दे हे मातु विणापाणी वर दायिनी मां वर दे हे हंस वाहिनी मां कृपा तू मुझ पे कर दे।

**आरती आलोक वर्मा**

### कुछ खोने या पाने

कुछ खोने या पाने का गम प्रत्येक दिन, हर किसी को एकबार जरुर सालता है.. निचोड़ है ये अंर्तमन की आहों का जिसका ठहरना संभव नहीं होता और बाँध टूट जाता है किसी न किसी बहाने से ये आँखे खुद को सूख जाने से बचा ही लेती है.. **सपना चन्द्रा**

### कौन है मेरा निकठस्त समीपवर्ती

कौन है मेरा निकठस्त समीपवर्ती सवमे और कौन है मेरा निकटतम समीपवर्ती-- स्व मैं-- और कोई नहीं-कोई नहीं है कौन सी आँख जो जीवन में रोई नहीं, कोई नहीं-कोई नहीं- अंत हो जिसका न ऐसा कौन सा आरंभ है- नाश होगा ही नहीं निर्माण का यह दंभ है- कौन सी उपलब्धी-जो पाई परन्तु खोई नहीं-- कोई नहीं-कोई नहीं- कौन सी है शुभ्रता अकलंक जो भी रह गई- कालिमा हर दाग की आँसुओं में बह गई- कौन सी दागी चादरें जो अश्रु ने धोई नहीं-- कोई नहीं-कोई नहीं

**ललित उपाध्याय**

### श्री राम का दिवाना संसार हो गया

श्री राम का दिवाना संसार हो गया है भारत का एक सपना साकार हो गया है हर जीव है प्रतिक्षित नज़रे गड़ा के बैठा तन मन में इक नया सा संचार हो गया है। बरसों के बाद तंबू से आ रहे हैं बाहर अपने लिए ये मंदिर उपहार हो गया है। हम भक्त बन रहेंगे भगवान की शरण में जीवन सुधार देंगे एतबार हो गया है। छाया खुमार जन जन,देखी जो भव्यता है संसार राममय हो गुलजार हो गया है।।

**रजनी रामदेव**

### संकरी सी सड़क उन्मादित पाँव

सकरी सी सड़क उन्मादित पाँव बरसों से चल रहे ढूँढते इक गाँव अचानक रुक गए शह्र तक आकर खत्म हो गयी थी सकरी सी वो सड़क और थक गए थे पाँव, गुम गया था वो गाँव जिसमें थी झोपड़ी तुम्हारी,,,,

**शुचि भवि**

## प्रेरक प्रसंग

### पवित्रात्मा सब ओर पवित्रता ही देखती है

आचार्य रामानुज मंत्र पाठ करते हुए मंदिर की प्रदक्षिणा कर रहे थे कि वहाँ एक चांडाल स्त्री उनकी परिक्रमा के बीच में आ गई। आचार्य रामानुज ठिठककर रुक गए। उनका वेद पाठ खंडित हो गया। क्रोधपूर्वक बोले-अरी चांडालिन! मेरे रास्ते से हट जा, मेरी प्रदक्षिणा अपवित्र न कर !

चांडाल स्त्री हाथ जोड़कर उनके सामने खड़ी हो गई और पूछने लगी-भगवन् मेरे चारों ओर पवित्रता ही पवित्रता व्याप्त है ! कृपया बतला दीजिए कि मैं अपनी पवित्रता लेकर किस ओर कहाँ चली जाऊँ ? स्वामी रामानुज आचार्य को उसके कथन से मानो ज्ञान मिल गया-हाथ जोड़कर बोले- माँ ! मुझे क्षमा करो, तुम निश्चय ही पवित्रात्मा हो।

## QUIZ TIME

1) कौन वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन 2024 में मुख्य अतिथि थे?

2) जनवरी 2024 में चर्चा में रही फोर स्टार्स ऑफडेस्टिनी नामक पुस्तक किसने लिखी है?

3) प्रबुद्ध भारत समाचार पत्र का स्थापना किसने किया था?

4) भारत की पहली पत्रिका कौन-सी थी?

5) किसे 2 जनवरी को प्रतिष्ठित एमएस स्वामीनाथन पुरस्कार से सम्मानित किया या?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पेट्र फियाला (2) एमएम नरवणे (3) स्वामी विवेकानन्द (4) द ओरिएंटल मैगजीन या कलकत्ता एम्यूजमेंट, 1785 (अंग्रेजी) (5) बी आर कम्बोज

## आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:50, सूर्यास्त : 06:27, चन्द्रोदय : 27:36, चन्द्रास्त : 12:35, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : फाल्गुन, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : पूर्वाषाढ, योग : व्यतीपात, प्रथम करण : गर (08:04 तक), द्वितीय करण : वणिज (19:23 तक)

**॥ गोचर ग्रहाः ॥**

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : धनु, मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

**शुभाशुभ मुहूर्त विचार**

अभिजित मुहूर्त : 12:05 से 12:52, अमृत काल : 09:42 से 11:16, विजय मुहूर्त : 14:25 से 15:12, गोधूलि मुहूर्त : 18:16 से 18:41, सायाह्न सन्ध्या : 18:19 से 19:32, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:52, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:33 से 11:01, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी (08:04 तक), भद्रावास : पाताल (19:23 से 30:30)।

## आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेषः** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा धर्म कर्म आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। परोपकार के लिये भी तैयार रहेंगे।

**वृषः** आज के दिन आप दिन भर शारीरिक कारणों से परेशान रहेंगे शरीर मे कोई ना कोई व्याधि लगी रहेगी एक को ठीक करेंगे तो दूसरी समस्या उभर आएगी।

**मिथुनः** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा आज दिन भर बीच बीच मे किसी की उद्दंडता पर क्रोध भी आएगा लेकिन इससे बचने का प्रयास करें।

**कर्कः** आज के दिन आपको आर्थिक व्यावसायिक एवं घरेलू संबंधित विविध समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

**सिंहः** आज आपका दिन पिछले दिनों की तुलना में अच्छा रहेगा लेकिन मानसिक क्लेश आज भी किसी न किसी कारण से लगा ही रहेगा।

**कन्याः** आज का दिन मानसिक रूप से उठा पटक वाला रहेगा। दिमाग मे आज कुछ न कुछ खुरापात लगी ही रहेगी लेकिन मन के भेद आज किसी से बताना पसंद नही करेंगे।

**तुलाः** आज आपका पराक्रम बढ़ा हुआ रहेगा किसी भी काम मे जल्दी से हार नही मानेंगे।

**वृश्चिकः** आज दिन के आरंभ में आप परिश्रम करने से बचेंगे लेकिन जितना इससे दूर भागेंगे उतने ही काम बढ़ेंगे।

**धनुः** आज के दिन आपका व्यक्तित्त्व निखरा हुआ रहेगा सार्वजनिक क्षेत्र पर आज आप जैसी छवि बनाएंगे उसका उसी अनुसार फल आने वाले समय मे किसी न किसी रूप में मिलेगा।

**मकरः** आपको आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह है दिमाग तो आज बात बात पर गर्म रहेगा ही किसी से अनजाने में कुछ ऐसा बोल देंगे जिसका बाद में पश्चाताप होगा।

**कुंभः** आज का दिन लाभदायक रहेगा सोचा हुआ लाभ पाने के लिये प्रातः काल से ही योजना बनाकर कार्यो में लगना पड़ेगा।

**मीनः** आज के दिन आपकी दिनचार्य में सुधार आयेगा। दिन के आरंभ में किसी कारण से व्यर्थ की उलझन रहेगी परन्तु धीरे धीरे स्थिति सामान्य हो जाएगी।

## शब्द सागर

### शब्द सामर्थ्य -354

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 353 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

# उठाईगिरी करने वाला मध्यप्रदेश का नट गिरोह पकड़ाया

## को-ऑपरेटिव बैंक, बेलतरा में उठाईगिरी के मामले में बाइक सहित 3 सदस्य गिरफ्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** *पिछले महीना 20 फरवरी 2024 को जिला सहकारी बैंक बेलतरा से 50 हजार रूपये नकदी रकम निकालकर जा रहे ग्रामीण किसान के मोटर साईकिल के डिक्की से उठाईगिरी करने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है।*

इस मामले में लिप्त गिरोह के अन्य 3 सदस्य फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। प्रार्थी शंकर सिंह टेकाम पिता स्व. टूलसिंह टेकाम उम्र 55 वर्ष निवासी धौरामुड़ा थाना रतनपुर के द्वारा थाना रतनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 20 फरवरी 2022 को जिला सहकारी बैंक बेलतरा से 50 हजार रूपये नगदी रकम निकालकर कपड़ा खरीदने दुकान में गया था तभी अज्ञात अरोपियों द्वारा प्रार्थी के बाइक के डिक्की को तोड़कर डिक्की में रखे 50000 रूपये को चोरी कर लिया। मामले में थाना रतनपुर में अपराध क्र 154/2024 धारा 379, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (आईपीएस) को घटना की सूचना मिलने पर मामले को गंभीरता से लेते हुये जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को बैंको की सरप्राईज चेकिंग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उठाईगिरी करने वाले अज्ञात आरोपियों के तलाश हेतु थाना रतनपुर एवं एसीसीयू बिलासपुर के अधिकारी एवं कर्मचारियों का टीम बनाकर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा उठाईगिरी सहित बैकों में घटित होने वाले लूट/डकैती जैसे घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से जिले के सभी बैकों के शाखा प्रबंधकों का मीटिंग बुलाकर बैंक एवं बैंक के आसपास कड़ा सुरक्षा प्रबंध करने, बैकों एवं आसपास सीसीटीव्ही कैमरा लगाने, बैकों में सुरक्षा गार्ड तैनात करने, इमरजेंसी अलार्म सिस्टम ठीक करने एवं बैकों में आने वाले आगंतुकों का नाम पता नोट करने आदि निर्देश दिए गए।

### आरोपियों को शहडोल से किया गया गिरफ्तार

घटना घटित करने के बाद किराये के मकान या रिश्तेदारों के घर में रहते हैं, जिससे पुलिस टीम को आरोपीगण के तलाश में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा तीन दिन तक कैंप कर आरोपीगण की तलाश की गई।

### 6 आरोपियों ने गिरोह बनाकर घटना को दिया अंजाम

पूछताछ में अरोपीगण ने बताया कि जितेन्द्र उर्फ जितु कंजर गिरोह का मुखिया है जिसका भाई रवि कंजर, दोस्त उमेश, रंजित उर्फ रन्नो, लहरू एंव मखाडू गिरोह के सदस्य है। जिस स्थान पर घटना घटित करना होता है, वहां रजित उर्फ रन्नों एवं रवि कंजर ग्रामीण के वेश भूषा में बैंक के अन्दर जाकर रकम निकाल रहे ग्राहको की रेकी करते है, रवि कंजर, उमेश, लहरू, मखाडू मोटर सायकल में पीछा करते है और जहां मौका मिलता है वहां से रकम उठाईगिरी कर भाग जाते है।

### ग्रामीण लोगों को बनाते थे निशाना

आरोपीगण ने पूछताछ पर बताया कि उठाईगिरी करने के लिए बैंकों के आसपास रेकी कर सबसे पहले सीधे साधे एवं ग्रामीण परिवेश के लोगों की पहचान करते हैं और जो व्यक्ति भोला-भाला प्रतीत होता है उसका पीछा कर मौका मिलते ही रकम लेकर फरार हो जाते हैं।

### वायरल वीडियो से हुई आरोपियों की पहचान

पुलिस अधीक्षकरजनेश सिंह के निर्देश पर को-ऑपरेटिव बैंक, बेलतरा में आरोपीगण का प्राप्त फुटेज को सायबर सेल द्वारा विभिन्न जिलों के साईबर सेल एवं नेशनल सायबर क्राईम ग्रुप में वायरल किया गया था, वीडियो को देखकर ग्रुप के सदस्यों द्वारा आरोपीगण को थाना मझौली जिला सीधी म.प्र. एवं थाना व्यौहारी जिला शहडोल म.प्र. निवासरत् नट गिरोह के होने की संभावना जाहिर किया गया था। इस संभावना के आधार पर टीम द्वारा स्थानीय मुखबिरों को सीसीटीव्ही फुटेज भेजकर पहचान कराया गया तब थाना मझौली क्षेत्र के स्थानीय मुखबिर ने आरोपी जितेन्द्र कुमार उर्फ जीतू कंजर की पहचान की गई।

## न्यूज गैलरी

### जवाहर उत्कर्ष योजना की लिखित परीक्षा 10 को

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को वर्ष 2024-25 में राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने हेतु 10 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित चयन परीक्षा आयोजित की गई है। जिस हेतु विकासखण्ड बिल्हा, कोटा, मस्तूरी एवं तखतपुर के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र डेल्टा पब्लिक स्कूल, पुराना हाई कोर्ट के सामने, गुम्बर कॉम्प्लेक्स, गांधी चौक बिलासपुर निर्धारित किया गया है। विद्यार्थी अपने रोल नम्बर, प्रवेश पत्र एवं परीक्षा केन्द्र की जानकारी संबंधित विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, बिल्हा,कोटा,तखतपुर एवं मस्तूरी के कार्यालय एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बिलासपुर के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

### बिना अनुमति के मंत्री से मिलने गया पटवारी, कलेक्टर ने थमाया नोटिस

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बिलासपुर जिले के एक पटवारी राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मिलने रायपुर स्थित उनके बंगले पहुंच गया। सक्षम अधिकारी से अनुमति लिए बगैर मुलाकात के लिए सीधे मंत्री के सामने पहुंच गए। मंत्री श्री वर्मा ने इस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर बिलासपुर को अनुशासनात्मक कारवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित पटवारी को शो कॉज नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे में जवाब तलब किया है। मामला मोपका से स्थानांतरित किए गए पटवारी आलोक तिवारी का है। गौरतलब है कि जिला कार्यालय द्वारा गत 29 फरवरी को पटवारी आलोक तिवारी का तबादला बेलगहना तहसील के हल्का बहेरामुडा किया गया। उसी दिन उन्हें बहेरामुड़ा में ज्वाइनिंग देने के लिए भारमुक्त भी कर दिया गया। भारमुक्ति उपरांत श्री तिवारी अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर न जाकर सीधे राजस्व मंत्री श्री वर्मा से मिलने रायपुर पहुंच गए। अपना तबादला मोपका से बाहर नहीं करने की गुहार लगाई। लेकिन उन्होंने मंत्री से मिलने के लिए किसी सक्षम प्राधिकारी से अनुमति नहीं ली थी। मंत्री ने पटवारी के इस हरकत पर गहरी नाराजगी जताई। सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत बताया और कलेक्टर को कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के तहत पटवारी आलोक तिवारी को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब तलब किया है। निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने पर एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### शैक्षणिक भ्रमण में लूतरा शरीफ मदरसे के बच्चे पंहुचे रायपुर

**सीपत/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ राज्य वक़्फ़ बोर्ड द्वारा गठित इंतेजामिया कमेटी दरगाह लुतरा शरीफ ने मंगलवार को मदरसा दारूल उलूम फैजाने इंसान अली शाह के विद्यार्थियों को विज्ञान केंद्र रायपुर का भ्रमण कराया। यहां मदरसा के बच्चों ने विज्ञान की ताकत व चमत्कार को देखा और उसके बारे में बहुत सी जानकारी प्राप्त की।विज्ञान केंद्र रायपुर के वैज्ञानिक अमित कुमार मेश्राम, प्रज्ञा कदम तथा अनुभवी अधिकारी कर्मचारियों ने इन बच्चों को विज्ञान की क्षमताओं एवं ज़रूरत को समझाया, सिखाया और बताया। बच्चे विज्ञान प्रदर्शनी देख अभिभूत हुए साथ ही विज्ञान के महत्व को बारीकी से समझने की कोशिश की। मदरसा दारूल उलूम फैजाने इंसान अली शाह के प्रिंसिपल हाफ़िज़ मोहम्मद रिजवान सलामी, शिक्षक हाफ़िज़ अब्दुल्ला खान, दरगाह के खादिम हाजी साबिर खान, कर्मचारी नसीर खान के साथ मदरसा के बच्चे रायपुर पहुंचे। दरगाह इंतजामिया कमेटी लूतरा शरीफ के उपाध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने बताया की इंतेजामिया कमेटी द्वारा ही मदरसा दारूल उलूम फैजाने इंसान अली शाह लुतरा शरीफ को संचालित किया जाता है जहां बच्चों को दीन के साथ साथ दुनियावी तालीम भी देने की कोशिश की जा रही है। इससे पहले भी शिक्षा को लेकर हमने अपनी सजगता दिखाई है। लूतरा में ही इन बच्चों के लिए शिक्षा संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। हमारा मकसद सभी बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। उनको शिक्षा की तरफ लाना है। शिक्षा वो चिराग है जो हर अंधेरे को उजाले में तब्दील कर सकती है और ये नन्हे बच्चे तालीम हासिल कर अपना मुस्तकबिल खुद तय कर सकते हैं। इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष इरशाद अली कहते हैं बच्चे विज्ञान केंद्र भ्रमण के लिए बेहद उत्साहित थे उनका उत्साह बढ़ाने ही यह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## आत्मानंद में हाथ से लिखे प्रश्न पत्र एनएसयूआई ने किया कलेक्टोरेट का घेराव

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बिलासपुर के खपरगंज स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल लाला लाजपतराय में कक्षा 11वीं की परीक्षा में हाथ से लिखे प्रश्न पत्र वितरण किए जाने पर एनएसयूआई द्वारा बिलासपुर कलेक्ट्रेट का घेराव कर मामले की जांच करने की मांग की ।

एनएसयूआई के प्रदेश माहासचिव अर्पित केशरवानी ने बताया कि बिलासपुर में खपरगंज स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्शिल मिडियम स्कूल लाला लाजपतराय में आज की 11वीं कक्षा की परीक्षा में छात्रों की हिन्दी विषय का हाथ से लिखे पश्न पत्र की फोटोकॉपी प्रश्न बच्चों को वितरित किया गया, जो स्कूल प्रबंधन की बहुत बड़ी लापरवाही है। प्राचार्य द्वारा गोपनीयता का उलंघन कर छात्रों के भविष्य के साथ सीधे तौर पर खिलवाड़ किया गया है। स्वामी आत्मानंद स्कूल में विभिन्न प्रकार के मद होते है। ऐसा लगता है कि छात्रों के लिए प्रश्न पत्र छपवाने पैसे नहीं हैं। केशरवानी ने यह भी कहा कि पहले आत्मनन्द स्कूलो का संबालन कलेक्टर की निगरानी में होता था,लेकिन अब जिला शिक्षा अधिकारी कर रहे है। यही वजह है कि स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षकों द्वारा घोर अनियमितता की जा रही है। मामले में सख्त कारवाई की मांग कलेक्टर से की है।

### मस्तूरी ब्लॉक के गांवों में किसानों ने किया फसल प्रदर्शन

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत मस्तूरी विकासखण्ड के ग्राम रैलहा में चना प्रदर्शन 20 हेक्टेयर, ग्राम भुरकुण्डा एवं जैतपुरी में सरसों प्रदर्शन, ग्राम हिर्री में मूंगफली प्रदर्शन 20 हेक्टर का अवलोकन एवं मूल्यांकन निरीक्षण अधिकारी श्री सरजू पल्लेवाल ने किया। इसके साथ ही उन्होंने बीज उत्पादन प्रोगाम के तहत ग्राम रिस्दा में मटर फसल 10 हेक्टेयर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने योजना क्रियान्वयन, फसल, बीज मिनीकीट, समूह प्रदर्शनी की वर्तमान स्थिति, प्रगति सह रबी फसल की स्थिति व कटाई एवं अन्य योजनाओं के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु विकासखण्ड मस्तूरी के विभिन्न गांवों में फसल प्रदर्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक एम.के. चैहान, उप संचालक पी. हथेश्वर, सहायक संचालक अनिल कौशिक, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ए.के. आहिरे, ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी विजय धीरज एवं समस्त किसान मौजूद थे।

## सूची में नाम से महिलाएं खुश, बोलीं- छोटी छोटी जरूरतें अब आसानी से हो सकेंगी पूरी

**महतारी वंदन योजना**

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** महतारी वंदन योजना के तहत राज्य शासन द्वारा महिलाओं को एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रति माह उपलब्ध कराई जाएगी। योजना की सूची में नाम आने से महिलाएं काफी खुश हैं। महिलाओं ने अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को इन पैसों से पूरा करने की बात कहीं हैं। वहीं मिलने वाली यह राशि कुछ परिवारों के लिए बड़ी राहत है।

चिंगराजपारा की कल्पना सिंह ठाकुर ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से उन्हें काफी सहायता मिलेगी क्योकि उनके पति उनसे अलग रहते हैं और कोई आर्थिक सहायता नहीं करते। एक बेटी के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उन्हे अकेले निभानी है ऐसे में इस राशि से उन्हें बड़ी मदद मिलेगी। सरस्वती राजपूत ने बताया कि इस राशि का उपयोग वह अपने घर को संवारने में खर्च करेंगी। इसी तरह मितानिन नीता वस्त्रकार का कहना है कि मानदेय के रूप में कम राशि प्राप्त होती है ऐसे में शासन द्वारा दी गई एक हजार रूपए की सहायता बड़ी मददगार होगी। इसी तरह योजना में नाम आने से बहतराई सूर्या चौक की सुनीता रात्रे ने बताया कि उनके पति विकलांग हैं। जिसके कारण घर चलाने में उन्हें काफी परेशानी होती है। वह अकेले ही किसी तरह परिवार का खर्च चला रही है। ऐसे में एक हजार रूपए से उन्हें राहत मिलेगी और अपने घरेलू और पति की दवाईयों के खर्च में मदद मिलेगी। महिलाओं ने योजना की सराहना करते हुए सरकार का धन्यवाद किया।जिला मुख्यालयों, ब्लॉक मुख्यालयों एवं नगरीय निकायों में भी इस

### आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में पहल

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में पहल करते हुए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को एक हजार रूपए प्रति माह की सहायता राशि दी जाएगी। 7 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीबीटी के जरिए लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान करेंगे। मुख्य कार्यक्रम राज्य मुख्यालय रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में आयोजित है।

## शहर के विकास में बीआर यादव का योगदान सराहनीय

### पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि स्व. बीआर यादव एक सहज, सरल और मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी थे। बिलासपुर में विकास के नई परिभाषा लिखी, बिलासपुर को कस्बाई संस्कृति से महानगर की ओर ले जाने वाले थे। उन्होंने शहर विकास के लिए अनेक काम किये, गुरुघासीदास विश्वविद्यालय, अरपा नदी में पूल निर्माण, शहर का नियोजित विकास के लिए बिलासपुर प्राधिकरण का गठन,उन्होंने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देते हुए रावत नाचा को राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाई। संयोजक ज़फ़र अली, कृष्णकुमार यादव ने कहा कि स्व. बी आर यादव का एक छोटे से गांव में जन्म हुआ और उन्होंने अपनी काबिलियत से शहर का नेतृत्व किया। विषम परिस्थिति में कांग्रेस पार्टी ने 1977 में टिकिट दी और उन्होंने जीत हासिल कर लगातार चार चुनाव में जीत दर्ज की और मध्यप्रदेश अनेक विभागों के मंत्री रहे 5 मार्च को उनका देहांत हुआ। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, संयोजक ज़फ़र अली, माधव ओत्तालवार, विनोद शर्मा, त्रिभुवन कश्यप, कृष्ण कुमार यादव, काली चरण यादव, शेखर मुदलियार, विनोद साहू, दीपक रायचेलवार, वीरेंद्र सारथी, सीमा घृटेश, स्वर्णा शुक्ला, प्रियंका यादव, राजेश शर्मा, मनोज सिंह, राजेश ताम्रकार, गणेश रजक, सत्येंद्र तिवारी, मनोज शर्मा, गौरव एरी, हेरि डेनिएल, दिनेश सीरिया, वसीम, बबलू एमजीआर, ईश्वर यादव चंद्रहास केशरवानी आदि उपस्थित थे।

## सिम्स में लिफ्ट, किचन शेड सहित सौंदर्यीकरण का काम शीघ्र

**कलेक्टर ने दिए निर्देश**

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर अवनीश शरण ने आज सिम्स अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तकरीबन घंटे भर सिम्स परिसर और वार्डों का दौरा कर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए। अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों से मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछा। अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए बनाए जा रहे किचन शेड और अस्पताल के सौंदर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। स्वीकृत दो नए लिफ्ट का काम भी तत्काल शुरू करने कहा।

कलेक्टर ने अस्पताल में बन रहे 12 बेडेड आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ट्राइएज) काम का भी निरीक्षण किया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. नायक ने बताया कि यह काम पूर्णता की ओर है। कलेक्टर ने अस्पताल में बनाए जा रहे किचन शेड का निरीक्षण किया। अंतःरोगी वार्ड के नजदीक उपलब्ध खुले जगह पर किचन शेड बनाया जा रहा है। अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों के भोजन बनाने के लिए इसका निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस काम को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल सौंदर्यीकरण काम का भी जायजा लिया। सौंदर्यीकरण के अंतर्गत यहां एलईडी डिस्पले गार्डन जैसे अन्य काम किए जा रहे है। इस कार्य को प्राथमिकता के साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में घूम-घूमकर सभी वार्डों का जायजा लिया और व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने पंजीयन विभाग में टोकन व्यवस्था एवं सिकल सेल सैम्पल कलेक्शन सेंटर को भी देखा। मरीजों से चर्चा कर व्यवस्था की जानकारी ली। गायनिक वार्ड में कंचनपुर से आई नंदनी बिंझवार से भोजन के विषय में पूछा। उन्होंने बताया कि सुबह नाश्ते में अंडा, बिस्किट, केला मिला था। भोजन अच्छा मिल रहा है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, सिम्स अस्पताल अधीक्षक डॉ. एसके नायक, उप अधीक्षक डॉ. विवेक शर्मा, पीडब्ल्यूडी एवं सीजीएमएससी से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### विभिन्न वार्डों का मुआयना

कलेक्टर ने पैथोलॉजी में जाकर भी मरीजों से चर्चा की। नर्मदा बाई ने बताया कि उन्होंने खून की जांच के लिए सैम्पल दिया है। कलेक्टर ने डॉक्टरों को निर्देशित किया कि स्लिप में रिपोर्ट देने की तिथि भी अंकित की जाए। कलेक्टर ने दंत रोग विभाग, फिमेल सर्जिकल वार्ड, मेल वार्ड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल में फर्श में हुई टूट-फूट के मरम्मत के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए।

**कार्यक्रम** | साउथ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में सीवीआरयू ने मनवाया लोहा, कल्चरल प्रोसेशन में मिला स्थान

## युवा लिम्बा में सीवीआरयू के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** डॉ. सी व्ही रामन् विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के साउथ ईस्ट जोन के इंटर यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में बाजी मारी है। साउथ ईस्ट जोन के विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच हुई प्रतियोगिता में सीवीआरयू के विद्यार्थियों ने कल्चरल प्रोसेशन में पुरस्कार प्राप्त किया है। विजेता बन कर आए विवि के विद्यार्थी उत्साह से लबरेज नजर आ रहे हैं। एआईयू का युवा महोत्सव जेएसएस साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, मैसूर कर्नाटक में 22 फरवरी से 26 फ़रवरी तक आयोजित किया गया था। इसमें डॉ.सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एआईयू साउथ ईस्ट जोन के इंटर यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में जमकर बाजी मारी है। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में शामिल होने के साथ संस्कृति को भी साझा किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि डा. सीवी रामन् विश्वविद्यालय प्रतिवर्ष होने वाले इस आयोजन में विद्यार्थी अपने-अपने क्षेत्र की लोककला का प्रदर्शन करते हैं, जिसमें हर वर्ष कल्चरल प्रोसेशन में पुरस्कार मिलता है, यह परंपरा बनाए रखी है।

### छत्तीसगढ़ी संस्कृति की सराहना

साउथ ईस्ट में सम्मिलित कर्नाटक और तेलंगाना राज्य की विश्वविद्यालय की छत्तीसगढ़ की संस्कृति को कल्चरल प्रोसेशन मे बहुत सहारना मिली। कल्चरल प्रोसेशन में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को दर्शाया था, जिसमें कि छत्तीसगढ़ महतारी के विभिन्न रूपों को दर्शाया गया तथा नवाखाई उत्सव को दिखाते हुए, आदिवासी संस्कृति को भी दर्शाया गया।

### सफलता पर पूरा विवि परिवार गौरवान्वित-शुक्ला

आने वाले समय में हम ज्यादा तैयारी से शामिल होगें। सफलता पर विवि के कुलपति प्रो. आरपी दुबे ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सीवीआरयू के विद्यार्थियों ने देश के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच छत्तीसगढ़ की लोककला, संस्कृति सहित विभिन्न विषयों पर तैयार किए गए कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी है। इस सफलता पर पूरे विश्वविद्यालय परिवार ने कल्चरल कोऑर्डिनेटर और टीम मैनेजर प्रो. काजल मोइत्रा, डॉ निकेत शुक्ला, जितेंद्र गुप्ता,संदीप ठाकुर ,प्रमोद शुक्ला, कैलाश दास मानिकपुरी और सभी विद्यार्थियों को बहुत सारी शुभकामनाएं दी है।

### हर्षिता ने दी कत्थक की प्रस्तुति

मध्य प्रदेश शासन के तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खजुराहो नृत्य महोत्सव 2024 में डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय की ललित कला विभाग की सहायक प्राधिपिका हर्षिता कुमार ने कथक की प्रस्तुति दी। इस महोत्सव में 1500 कत्थक नृत्यांगनाओं ने अपने कल की प्रस्तुति दी, जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। नृत्य महोत्सव में विख्यात गुरु ने शिरकत की थी, जिसमें मुख्य रूप से पंडित राजेन्द्र गंगानी (जयपुर घराना), सुश्री ममता महाराज (लखनऊ घराना), श्रीमती शमा भाटे जी (लखनऊघराना), पंडित रामलाल (रायगढ़ घराना) शामिल है। इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे, कुल सचिव गौरव शुक्ला, सम कुलपति प्रोफेसर जयंती चटर्जी ने पूरे विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।

■ न्यूज गैलरी

## स्थानांतरित राजस्व अधिकारियों को दी गई विदाई

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के. ने जिले से स्थानांतरण होने वाले राजस्व अधिकारियों को जिले में बेहतर कार्य करने और दिए गए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन के लिए सराहना कर नवीन स्थानांतरण स्थल में नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं दिए। सभी अधिकारियों ने भी बारी-बारी से अपने अनुभव साझा किया। दंतेवाड़ा जिले से संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेंद्र कुमार ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री शिवनाथ बघेल, डिप्टी कलेक्टर श्री आनंद नेताम तथा डिप्टी कलेक्टर डॉ कल्पना ध्रुव का स्थानांतरण हुआ है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कुमार बिश्वरंजन,एसडीएम श्री जयंत नाहटा,अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी और कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया विज्ञान दिवस

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर, प्रश्न मंच सेमिनार और व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. हिरकने ने अपने उद्बोधन में वैज्ञानिक की प्रवृत्ति नवाचार और प्रौद्योगिकी को बढावा देने विषय पर प्रकाश डाला। डॉ. शंकर मुनि राय ने

बताया कि सभी बच्चे बचपन से ही वैज्ञानिक विचार रखते है। डॉ. के.एम. प्रसाद ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्व को बताए, कार्यक्रम का संचालन सुश्री धारणा ठाकुर ने किए। श्री राजीव पाणीग्राही ने सी.वी रमन के जीवन पर सारगर्भित प्रकाश डाले। ज्ञात हो कि हमारे देश में प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष ''विकसित भारत के लिए भारतीय स्वदेशी प्रौद्योगिकी'' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन भारत के महान वैज्ञानिक सीवी रमन ने ''रमन इफेक्ट'' की खोज की थी। जिसके चलते वर्ष 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शिखा सरकार, अधिकारी, कर्मचारी अतिथि व्याख्याता एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 11 मार्च को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

**कोण्डागांव/नवप्रदेश।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र एवं मॉडल कैरियर सेंटर कोण्डागांव द्वारा 11 मार्च को प्रातः साढ़े 11 से 2.30 बजे तक शसकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केशकाल में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट कैम्प में 550 पदों के लिए योग्य युवाओं का चयन किया जायेगा।

# चोरी के अलग-अलग मामलों में दो नाबालिग गिरफ्तार, एक फरार

■ **एक्टिवा बाइक सहित अन्य सामग्री बरामद**

**कांकेर/नवप्रदेश।** थाना कांकेर पुलिस द्वारा चोरी के विभिन्न मामलों में संलिप्त दो विधि से संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार किया गया है,मामलों का विवरण इस प्रकार है कि सिविल लाइन कांकेर निवासी डॉक्टर किशोर सोम ने थाना कांकेर में 24 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि सिविल लाइन कांकेर स्थित प्रार्थी के शासकीय क्वार्टर सूने मकान में दिनांक 15 फरवरी 2024 से 21 फरबरी 2024 के मध्य कोई अज्ञात चोर प्रवेश कर घर में रखा एक्टिवा मोटर साइकिल क्रमांक सीजी बी.एल 0778 को चोरी कर ले गया है, तथा 24 फरवरी को प्रार्थी हुसैन सिन्हा संचालक आयुष मोबाइल गिल्ली चौक कांकेर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके दुकान में कोई अज्ञात चोर प्रवेश कर दो नग मोबाइल फोन चोरी कर ले गया है तथा 02 मार्च 2024 को प्रार्थी महेश दीक्षित निवासी माहुरबंदपारा कांकेर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी के होटल में कोई अज्ञात चोर प्रवेश कर बिस्किट पैकेट, सिगरेट के पैकेट एवं इंडक्शन स्टोव चोरी कर ले गया है तथा 04 मार्च 2024 को प्रार्थी हनीफ शेखानी ने रिपोर्ट दर्ज कराया की उसके दुकान में कोई अज्ञात चोर प्रवेश कर पंद्रह हज़ार रुपया नगदी चोरी कर ले गया है सभी मामलों में पृथक पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है लगातार 3=4मार्च की मध्य रात्रि में थाना कांकेर पुलिस पेट्रोलिंग को डेली मार्केट कांकेर के पास तीन बालक पुलिस पार्टी को देखकर भागते हुए दिखाई दिए जिसे पुलिस पार्टी द्वारा पीछा कर घेराबंदी कर भाग रहे दो विधि से संघर्ष रत बालकों को पुराना टॉकीज के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया जिनसे पूछताछ करने पर बालकों ने अपने साथी अन्य नाबालिग़ विधि से संघर्षरत बालक निवासी बरदेभाटा के साथ मिलकर उक्त सभी चोरी की घटनाओं को करना स्वीकार किए हैं दोनों गिरफ्तार विधि से संघर्षरत बालक एमजी वार्ड कांकेर एवं राजा पारा कांकेर के निवासी हैं।जिनकी उम्र 14 वर्ष एवं 16 वर्ष है दोनों के निशानदेही पर चोरी किया हुआ एक्टिवा मोटर साइकिल, मोबाइल फोन, इंडक्शन स्टोव, नकदी रकम ?1000 रुपया तथा लोहे का जप्त किया गया है चोरी घटनाओं में शामिल अन्य विधि से संघर्ष तक बालक निवासी बरदेभाटा फरार है जिसके खिलाफ पूर्व में भी थाना कांकेर में चोरी के 05 मामले पंजीबद्ध हैं जिसे पूर्व में अभियोजित किया जा चुका है उक्त फरार विधि से संघर्षरत बालक निवासी बरदेभाटा की पतासाजी जी की जा रही हैद्य गिरफ्तार किए गए दोनों विधि से संघर्षरत बालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 11 मार्च को

**कांकेर/नवप्रदेश।** एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 11 मार्च को सुबह 11 से 3 बजे तक किया जाएगा। उक्त कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 1 हजार 350 रिक्तियां के आधार पर भर्ती ली जाएगी। इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसकी सूचना फोन के माध्यम से आवेदक को दी जाएगी।

# भाजपा कार्यालय में लोकसभा प्रत्याशी का हुआ स्वागत

■ **कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज को जीताने कमर कस ले : यशवंत**

**कांकेर/नवप्रदेश।** केन्द्रीय नेतृत्व के व्दारा कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए अंतागढ़ के पूर्व विधायक भोजराज नाग को भारतीय जनता के अधिकृत प्रत्याशी बनाए जाने के बाद आज कमल सदन भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में स्वागत अभिनन्दन का कार्यक्रम रखा गया।कार्यक्रम में बस्तर क्लस्टर सह प्रभारी द्वय विक्रम उसेंडी यशवंत जैन लोकसभा सांसद मोहन मण्डावी, भाजपा प्रदेश मंत्री महेश जैन, लोकसभा सह प्रभारी संतोष बाफना, लोकसभा संयोजक भरत मटियारा, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, विधायक आशा राम नेताम मंचस्थ थे ।

लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग ने कांकेर लोकसभा से प्रत्याशी बनाये जाने पर केंद्रीय व राज्य संगठन का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने सुदूर अंचल में निवास करने वाले मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को पहले विधायक बनाया और अब लोकसभा प्रत्याशी बनाया है इसके लिये मैं पार्टी का हृदय से आभार, धन्यवाद देता हु मैं विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उस पर मैं खरा उतरूंगा कांकेर लोकसभा हम भारी मतों से विजयी होंगे।उन्होंने कहा कि मै हमेशा सदैव आप सभी के साथ और क्षेत्र के जनता के साथ खड़ा रहुंगा सभी के सुख-दुख मे सदैव मुझे खड़ा पाओगे । विक्रम देव उसेंडी ने कहा कि हम सब मिलकर भाजपा प्रत्याशी भोजराज जी के लिए पुरी ऊर्जा के साथ काम करेंगे । इस बार केंद्रीय नेतृत्व ने जो 11 लोकसभा सीट जितने का लक्ष्य दिया है उसे पूरा जरूर करेंगे भाजपा हर एक कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ विजय के लिये कार्य करेगा।यशवंत जैन ने कहा कि हम कांकेर लोकसभा से भोजराज नाग को जिताकर सांसद के रूप मे नरेन्द्र मोदी जी के व्दारा बनाये माला मे एक फूल भेंट करेंगे ।

# कलेक्टर चतुर्वेदी ने किया गीदम विकासखण्ड का भ्रमण

■ **कृषकों से मुलाकात कर उनकी समस्या और अन्य फसल लगाने की सलाह भी दी**

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज अपने भ्रमण करने के दौरान गीदम विकासखंड विभिन्न ग्रामों में कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन, विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए फील्ड में पहुंचकर जानकारी ली एवं कृषकों को उन्नत खेती करने के लिये प्रोत्साहित भी किया गया। उन्होंने कारली के कृषकों से मुलाकात किया गया और अन्य फसल लगाने की सलाह भी दी गयी। जहां पर किसानों के द्वारा काली मिर्च लगाने की मांग की गई। जिसमें उनके द्वारा प्रपोजल तैयार करने हेतु निर्देश दिया गया।

इसके साथ ही कृषकों के द्वारा तार बाड़ी की मांग की गई। जिसे कलेक्टर के द्वारा स्वीकृति हेतु प्रपोजल बनाने का निर्देश भी अधिकारियों दिया गया। इसके अलावा वहीं महिला कृषकों द्वारा पेयजल की समस्या को बताया गया, जिसमें सोलर में लगा टंकी के छोटे होने से पेयजल की पूर्ति नहीं हो पा रही है, इसलिए बड़े टंकी की मांग की गई, साथ ही कृषकों के द्वारा तालाब में बना सिंचाई नहर के गेट मरम्मत की मांग भी की गई। कलेक्टर के द्वारा कृषक श्री रामप्रसाद वेको, ग्राम- बड़े कारली का फील्ड निरीक्षण किया गया। जहां पर पाली हाउस, बायो प्लेग, मूंग फसल, आम, अमरूद, पपीता फसल का अवलोकन किया और उपस्थित कृषक को अच्छे से खेती करने की सलाह दी गई। कलेक्टर ने नागुल में बन रहे तालाब मत्स्य विभाग द्वारा बनाए जा रहे कृषक श्री नाहरू मांझी, हीरानार कृषक श्री बोराराम, बुधू के यहां बने तालाब का निरीक्षण किया गया। ग्राम घोटपालं के कृषकों से मुलाकात किया गया, जिनको पूर्व में तार बाड़ी, नलकूप खनन कार्य हेतु मांग की गई थी उन किसानों का तारबाड़ी स्वीकृत होने की बात बताई गई ।

# जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला आयोजित

**कांकेर/नवप्रदेश।** राज्य शैक्षिक अनु प्रशिक्षण परिषद रायपुर, छत्तीसगढ़ के दिशा निर्देशन में जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान कांकेर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामरूद्र गिरी सहायक प्राध्यापक बी एड कॉलेज कांकेर, समग्र शिक्षा ऐपीसी एमन जैन और कार्यक्रम नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस जोन स्तरीय कार्यक्रम में धमतरी जिला और कांकेर जिला के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला के अंतर्गत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी , विज्ञान प्रोजेक्ट, शिक्षक टीएलएम विज्ञान नाटिका, विज्ञान सेमिनार, विज्ञान प्रश्न मंच, शिक्षक संगोष्ठी प्रतियोगिता में धमतरी जिला और कांकेर जिला से कुल 65 प्रतिभागी पंजीकृत हुए। मुख्य कथानक समाज के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा थीम मानव जाति कल्याण के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर समस्त कार्यक्रम आधारित था ।सहायक प्राध्यापक राम रूद्र गिरी द्वारा सभी प्रतिभागियों को मोटिवेट करते हुए कहा गया कि आप लोगों के द्वारा वैज्ञानिक सोच विकसित करते हुए बनाया गया मॉडल भविष्य में आप लोगों के लिए रोजगार का साधन भी हो सकता है और आप लोगों के बीच से ही बाल वैज्ञानिक भविष्य में भारत के वैज्ञानिक बनकर हमारे देश का नाम रोशन कर सकते हैं ।

# पैराडाइज स्कूल के छात्रों ने बनाये साइंस प्रोजेक्ट

■ **साइंस डे पर बनाये सैकड़ो मॉडल की लगाई गई प्रदर्शनी**

**कांकेर/नवप्रदेश।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के साइंस के मॉडल एवं प्रोजेक्ट बनाकर उस मॉडल की कार्य विधि एवं उपयोगिता के बारें में विस्तार से वर्णन कर साइंस दिवस के अवसर पर अपना वार्षिक मॉडल एवं प्रोजेक्ट जमा किया गया है।

साइंस दिवस के अवसर पर मिडिल स्कूल एवं हाई स्कूल के छात्रों ने मॉडल एवं प्रोजेक्ट को प्राइमरी स्कूल के छात्र छात्राओं के लिये प्रदर्शनी लगाकर उनके बारे में विस्तार से बताया और विज्ञान के प्रति रूचि उत्पन्न करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया

मिडिल कक्षाओं से साइंस प्रोजेक्ट एवं मॉडल में प्रमुख रूप मुकुंद साहू द्वारा पेरीस्कोप, झरना साहू द्वारा प्लांट सेल एवं एनिमल सेल के बारे में, पूर्वाश ठाकुर डाइजेस्टिव सिस्टम, आसमा खान सेटेलाइट सिस्टम, अर्पिता सिंह लेयर्स ऑफ एटमॉस्फियर, पूर्वाशी द्वारा प्लांट सेक्टर, प्रेरणा द्वारा फोटो सिंथेसिस, बुसरा बानो द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट, अंशिका द्वारा बैलेंस डाइट, गौरव, परिधि सोनी, वॉल्केनो, राशि द्वारा स्किन मोड आदि आकर्षण एवं स्वचालित मॉडल बनाये गये जिससे स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने विज्ञान विषय के प्रति रूचि एवं व्यवहारिक जीवन में इसके उपयोग को भी समझ पाये। इसके अलावा प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, मिडिल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी कक्षाओं के छात्रों द्वारा विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कम्प्यूटर, हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा के ज्ञानवर्धक सैकड़ो मॉडल एवं प्रोजेक्ट बनाकर अपने व्यवहारिक कार्य अनुभव का परिचय दिया।विभिन्न प्रकार से साइंस मॉडल एवं प्रोजेक्ट बनवाने में शिक्षक रिया सोनी एवं दीप्ति सोनी का विशेष योगदान रहा।

# भानूप्रतापपुर से भगवान राम के दर्शन के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना

■ **तीनों विधानसभाओ से 403 दर्शनार्थियों को सांसद विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**कांकेर/नवप्रदेश।** श्री अयोध्या धाम में भगवान श्री राम जी के दर्शन हेतु आस्था स्पेशल ट्रेन भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन से आज सुबह जिले के तीनों विधानसभाओ से 403 दर्शनार्थियों सहित मोहला मानपुर व नारायणपुर के दर्शनार्थियों को लेकर अयोध्या धाम रवाना हुई। आज सुबह भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन में इस आस्था स्पेशल ट्रेन को लोकसभा सांसद मोहन मण्डावी, भाजपा प्रदेश मंत्री महेश जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, कांकेर विधायक आशा राम नेताम, कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग, अयोध्या धाम दर्शन योजना के जिला संयोजक बृजेश चौहान, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, राधे लाल नाग, राजेन्द्र गौर, ने हरी झंडी दिखाकर व भगवान श्री राम के जयकारे के गगनभेदी नारे के साथ श्री अयोध्या धाम के लिये रवाना की।

आस्था स्पेशल ट्रेन कल सुबह श्री अयोध्या धाम पहुंचेगी व दिनांक 7 मार्च को वापस भानुप्रतापपुर आएगी । यह पहली बार है कि जिले से कोई स्पेशल ट्रेन भगवान श्री राम के दर्शनार्थ अयोध्या के लिये चलाई जा रही है। जिले सहित अन्य जिले के दर्शनार्थियों के लिये भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन चलाने के लिये अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, सांसद मोहन मण्डावी, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया सहित श्री अयोध्या धाम दर्शन योजना से जुड़े सभी लोगो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव , दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जीएम को धन्यवाद दिया है साथ ही भविष्य में भी भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन से इस प्रकार से स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग रखी।

# कलेक्टर ने लंबित कार्यों की समीक्षा की

■ **अब कोयलीबेड़ा में लगेगा समाधान शिविर**

**कांकेर/नवप्रदेश।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले के दूरस्थ क्षेत्र कोयलीबेड़ा विकासखंड मुख्यालय में अनिवार्य रूप से सभी विभाग के अधिकारियों को सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को उपस्थित रहने और उस क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर वेबसाईट में कर्मचारियों की सही जानकारी एंट्री शीघ्र पूर्ण करने को कहा, ताकि निर्वाचन कार्य हेतु ड्यूटी लगाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी स्कूलों में किचन गार्डन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के चारामा में बनने वाले मेडिकल कॉलेज निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले में अब तक हुए पंजीयन कार्य की समीक्षा की और नगरीय निकायों में लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन कम होने पर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**एसईसीएल की गेवरा बनेगी ...**

ऐतिहासिक दिन है कि जल्द ही एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान एसईसीएल और छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित होगी। पर्यावर्णीय स्वीकृति प्रदान करने में सहयोग और त्वरित कार्रवाई के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) के साथ-साथ केंद्र और राज्य की एजेंसियों और छत्तीसगढ़ सरकार का भी आभार व्यक्त किया।

**कांग्रेस की रणनीति, कोरबा....**

अलावा छन्नी साहू को लेकर जरूर कमेटी में चर्चा हुई।

ये है कांग्रेस का टिकिट के लिए पैनल

| लोकसभा सीट | इन नामों की चर्चा |
|---|---|
| सरगुजा | प्रेमसाय सिंह टेकाम, शशि सिंह, खेलसाय सिंह |
| रायगढ़ | अमरजीत भगत, लालजीत राठिया, रानी जयमाला सिंह |
| जांजगीर-चांपा | शिव डहरिया, रमेश पैगवार, राइस किंग खूंटे |
| कोरबा | चरणदास महंत, ज्योत्सना महंत, जयसिंह अग्रवाल |
| बिलासपुर | टीएस सिंहदेव, संतोष कौशिक, रामशरण यादव |
| राजनांदगांव | भूपेश बघेल, महेश चद्रवंशी, छन्नी साहू |
| दुर्ग | ताम्रध्वज साहू, राजेंद्र साहू, प्रतिमा चंद्राकर |
| रायपुर | भूपेश बघेल, विकास उपाध्याय, डॉ. राकेश गुप्ता, सुशील आनंद शुक्ला |
| महासमुंद | धनेंद्र साहू, उमेश पटेल, देवेंद्र बहादुर सिंह, विनोद चंद्राकर |
| बस्तर | दीपक बैज, कवासी लखमा, हरीश लखमा |
| कांकेर | बीरेश ठाकुर, मोहन मरकाम, अनिला भेंडिया, शिशुपाल सोरी |

**बैज के खिलाफ बेटे के ...**

सामने ही बैज को टिकट नहीं दिए जाने की मांग की। दीपक बैज बस्तर से सांसद हैं। इस बार दीपक बैज के साथ ही कवासी लखमा और हरीश लखमा का नाम लोकसभा टिकट के लिए सबसे ज्यादा चर्चा में है। कहा जा रहा है कि कवासी लखमा और समर्थकों की इच्छा है कि टिकट हरीश को ही मिले।

**हाईकमान के सामने रखी बात**

कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा के साथ ही विक्रम मंडावी, संतराम नेताम, मिथलेश स्वर्णकार, राजीव शर्मा, राजमन बेंजाम समेत कुछ जिला अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य भी दिल्ली पहुंचे हैं। इन्होंने हाईकमान से कवासी या उनके बेटे हरीश को टिकट देने की मांग की है। दरअसल, 4 मार्च यानी सोमवार रात को दिल्ली में प्रत्याशियों पर मंथन को लेकर बैठक रखी गई थी। इस बैठक में कई नामों को लेकर चर्चा हुई है।

**हरीश बोले- टिकट मांगने पहुंचे दिल्ली**

हरीश लखमा ने मिडिया को दिए बयान में कहा है कि वे तमाम नेता सीनियर नेताओं से मुलाकात करने दिल्ली पहुंचे हैं। ये पूरी तरह से सामान्य मुलाकात है। हम चाहते हैं कि पार्टी हमें मौका दे। हमें टिकट दिया जाए। इसी मांग को लेकर हम दिल्ली आए थे।

**दीपक बैज की सीट पर लखमा की चर्चा**

बस्तर से मौजूदा सांसद दीपक बैज की सीट से पूर्व मंत्री कवासी लखमा या उनके बेटे हरीश लखमा के नाम की खूब चर्चा है। पार्टी सूत्रों की माने तो बैज ने खुद भी इस बार बस्तर से चुनाव लड़ने के लिए कोई खास रुचि नहीं दिखाई है।

**नितिन नबीन बोले- पदाधिकारी व ...**

करके अब लोकसभा चुनाव में सभी 11 लोकसभा सीटें भाजपा की जोली में डालनी है। श्री जम्वाल ने भाजपा की गठित सभी समितियों के सुझाव भी लिए और आने वाली दिक्कतों से पार पाने के उपाय भी बताए।

**पवन साय ने कहा- 30 मार्च तक दीवार लेखन करना है**

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि आगामी 30 मार्च तक दीवार लेखन करना है, जिसमें मुख्यमंत्री से लेकर छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी। कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन 10 लाभार्थी परिवारों से और 30 मार्च तक 200 लाभार्थियों से मुलाकात करने का लक्ष्य पूरा करना है। हर घर में झंडा अभियान भी पूर्ण करना है।

**354 करोड़ के सीएआरओ ...**

रोजगार के अवसर पैदा करते हुए विमानन परिदृश्य में स्टार्ट-अप और नवाचार को बढ़ावा देता है। सीएआरओ भविष्य के अनुसंधान और विकास पहलों का समर्थन करने के लिए व्यापक प्रयोगशाला क्षमताओं के एक सेट का उपयोग करेगा।

**सरकार बनने पर पेपर ...**

बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा लापरवाह सरकार, भ्रष्ट अधिकारी, नकल माफिया और निजी प्रिंटिंग प्रेसों के आपराधिक गठजोड़ को खत्म कर हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की ज़रूरत है। जब मैंने छात्रों से बातचीत की तो उन्होंने मुझे बताया कि पेपर लीक की तीन मुख्य वजह हैं। बिका हुआ सरकारी तंत्र, निजी प्रिंटिंग प्रेस और भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके अधीनस्थ सेवा चयन आयोग।

**चुनावी बॉंड मामले में ...**

ही असंवैधानिक, अवैध और आरटीआई का उल्लंघन करार देते हुए रद्द कर दिया था और एसबीआई को छह मार्च तक डेटा विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा था, लेकिन भाजपा चाहती है कि इसे लोकसभा चुनाव के बाद किया जाए। लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म होगा और एसबीआई 30 जून तक डेटा साझा करना चाहता है। भाजपा इस फर्जी योजना की मुख्य लाभार्थी है।

**[24 साल के पोते को बचाती...**

काटने से दादी ने शोर मचा दिया। दादी की आवाज आने पर घर के अन्य सदस्य दौड़ पड़े।इधर सांप के काटने के बाद पोता अपनी दादी को अस्पताल ले गया, जहां अस्पताल में दादी को मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना में दादी द्वारा पकड़े गए सांप की फोटो फ्लिहाल वायरल हो रही है। दादी ने जो साहस दिखाया उसकी हर जगह सराहना हो रही है।

**गुलामी की मानसिकता से ...**

सुनिश्चित कर रहा है कि हिंद महासागर के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा करने में मदद की जाए। हमने सुनिश्चित किया है कि क्षेत्र में कोई भी आधिपत्य का इस्तेमाल नहीं करे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

# 400 साल पुराने मंदिर में चंद्रशेखर स्वरूप में होगा बुढ़ेश्वर नाथ का विवाह

- शिवरात्रि के लिए पूरे मंदिर को भव्य वैवाहिक मंडप का स्वरूप दिया जा रहा

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सबसे प्राचीन और विशाल शिवालय बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर में बाबा बुढ़ेश्वरनाथ चंद्रशेखर स्वरूप धारण कर विवाह रचाएंगे। इसके लिए पूरे मंदिर को भव्य वैवाहिक स्थल के रूप में मंडप का स्वरूप दिया जा रहा है। इसके लिए तैयारियां जोर-जोर से प्रारंभ हो गई है।

रायपुर पुष्टिकर समाज के मुख्य ट्रस्टी चंद्र प्रकाश व्यास ने बताया कि बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर लगभग 400 वर्ष प्राचीन है और यहां पर स्वयंभू शिवलिंग है जिसके दर्शन मात्र से ही भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है। इसका संचालन प्राचीन काल से रायपुर पुष्टिकर समाज द्वारा किया जा रहा है उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के लिए तैयारी मंदिर परिसर में जोरों से चल रही है पूरे शिवालय को एक वैवाहिक मंडप का स्वरूप दिया जा रहा है जिसमें भगवान भोलेनाथ की बारात का दृश्य मंदिर के बाहर स्थल में देखने को मिलेगा। वहीं मंदिर के गर्भ गृह को वैवाहिक वेदी का स्वरूप दिया जा रहा है जहां पर भगवान शिव पार्वती फेरे लेते हुए नजर आएंगे और सभी देवता गण उन पर पुष्प वर्षा करते हुए दिखेंगे।

**क्या है भगवान भोलेनाथ का चंद्रशेखर स्वरूप :** भगवान शिव के विवाह का प्रसंग है। पार्वती की माता मैना के भीतर अहंकार था। भगवान शिव इस अहंकार को नष्ट करना चाहते थे इसलिए उन्होंने भगवान विष्णु और ब्रह्माजी से कहा- आप दोनों मेरी आज्ञा से अलग-अलग गिरिराज के द्वार पर पहुंचिए। शिवजी की आज्ञा मानकर भगवान विष्णु सबसे पहले हिमवान के द्वार पर पधारे। मैना (पार्वतीजी की माता) ने शुभ आरती सजाई और उनके साथ की स्त्रियां उत्तम मंगलगीत गाने लगीं। सुंदर हाथों में सोने की थाल शोभित है, इस प्रकार मैना हर्ष के साथ शिवजी का परछन करने चलीं। जब मैना ने विष्णु के अलौकिक रूप को देखा तो प्रसन्न होकर नारद जी से पूछा है- क्या ये ही मेरी शिवा के शिव हैं?

### माता पार्वती ने कहा मुझे वो उसी रूप में स्वीकार है

इस दौरान माता मैना ने नारद जी को भी बहुत सुनाया। कहा मैंने नारद का क्या बिगाड़ा था जिन्होंने पार्वती को ऐसा उपदेश दिया कि उसने बावले वर के लिए तप किया। सचमुच उनको न किसी का मोह है, न माया, न उनके धन है, न घर है। यह सब सुनकर पार्वती अपनी मां से बोली- हे माता! कलंक मत लो, रोना छोड़ो, यह अवसर विषाद करने का नहीं है। मेरे भाग्य में जो दुख-सुख लिखा है, उसे मैं जहां जाऊंगी, वहीं पाऊंगी।

ऐसा कह कर पार्वती शिव के पास गई और उन्होंने निवेदन किया हे भोले नाथ! मुझे सभी रूप और सभी वेश में स्वीकार हो, लेकिन प्रत्येक माता-पिता की इच्छा होती है कि उनका दामाद सुंदर हो।

### भगवान शिव के अद्भुत रूप को ही चंद्रशेखर कहते हैं

तभी वहां विष्णु जी आ जाते हैं और कहते हैं पार्वती जी! आप चिंता मत कीजिए। आज जो शिव का रूप बनेगा उसे देखकर सभी दंग रह जाएंगे। आप यह जिम्मेदारी मुझ पर छोड़िए। भगवान विष्णु ने भगवान शिव का सुंदर श्रृंगार किया और सुंदर वस्त्र पहनाए। करोड़ों कामदेव को लज्जित करने वाला रूप बनाया शिव जी का। शिव के इस रूप को भगवान विष्णु ने चंद्रशेखर नाम दिया।

### अल सुबह होगी भस्म आरती, पंचामृत अभिषेक

प्रबंधक ट्रस्टी श्रीमती विजयलक्ष्मी बोहरा ने बताया कि महाशिवरात्रि के आयोजन के लिए समाज के युवाओं की पूरी टीम पिछले 10 दिनों से सक्रिय है। 8 मार्च महाशिवरात्रि के दिन प्रातः 4.45 बजे भस्म आरती, पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात प्रातः 7 बजे से श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकेंगे। उसके बाद दोपहर 12 बजे भगवान भोलेनाथ को राजभोग अर्पित किया जाएगा। शाम 4 बजे से भगवान भोलेनाथ के चंद्रशेखर स्वरूप के दर्शन प्रारंभ होंगे जो देर रात्रि तक चलेंगे। रात्रि 12 बजे से महानिशा पूजा का आयोजन भी किया जाएगा।

### अद्भुत है भोलेनाथ का स्वरूप

तब नारद जी बोले, ''नहीं, ये तो भगवान श्री हरि हैं। पार्वती के पति तो और भी अलौकिक हैं। उनकी शोभा का वर्णन नहीं हो सकता।'' इस प्रकार एक-एक देवता आ रहे हैं, मैना उनका परिचय पूछती हैं और नारद जी उनको शिव का सेवक बताते हैं। फिर उसी समय भगवान शिव अपने शिवगणों के साथ पधारते हैं। सभी विचित्र वेश-भूषा धारण किए हुए हैं। कुछ के मुख ही नहीं हैं और कुछ के मुख ही मुख हैं। उनके बीच में भगवान शिव अपने नाग के साथ पधारे हैं।

### शगुन में शिवजी प्रिय वस्तु नाग थमा दिए

शिवजी से द्वार पर शगुन मांगा गया। बाबा ने पूछा कि शगुन क्या होता है? किसी ने कहा कि आप अपनी कोई प्रिय वस्तु दान में दीजिए। बाबा ने अपने गले से सर्प उतारा और उस माता मैना के हाथ में रख दिया जो शगुन मांग रही थी, तो माता वहीं मूर्छित हो गईं। इसके बाद जब महादेवजी को भयानक भेष में देखा, तब स्त्रियों के मन में भारी भय उत्पन्न हो गया। डर के मारे भागकर वे घर में घुस गईं। इधर शिवजी जहां जनवासा था, वहां चले गए।

### किसी भी हालत में इससे बेटी का विवाह नहीं कर सकती

इस दौरन भगवान का भयानक रूप देखकर कुछ महिलाएं डर के मारे व कन्या पक्ष से माता मैना मूर्छित हो गईं। जब मैना जी को होश आया तो रोते हुए कहा- चाहे कुछ भी हो जाए मैं इस भेष में अपनी बेटी का विवाह शिव से नहीं कर सकती हूं। माता ने पार्वती से कहा- मैं तुम्हें लेकर पहाड़ से गिर पड़ूंगी, आग में जल जाऊंगी या समुद्र में कूद पड़ूंगी। चाहे घर उजड़ जाए और संसार भर में अपकीर्ति फैल जाए, पर जीते जी मैं इससे तुम्हारा विवाह नहीं करूंगी।

# भाजपा ने 3 महीने में ही कई वादों को पूरा कर दिया

- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी तैयारियों को तेजी से अमलीजामा पहनाने में जुट गई है। इसी कड़ी में भाजपा के सभी सात मोर्चों की सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आहूत संयुक्त बैठक हुई जिसमें प्रदेश व केंद्रीय नेताओं ने चुनावी रणनीति पर मार्गदर्शन देकर कार्यकर्ताओं से कमर कसकर चुनाव मैदान में उतरने के लिए आह्वान किया। बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं से सघन जन सम्पर्क और जन संवाद करने को कहा गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर संबोधन की शुरुआत में भाजपा में प्रवेश करने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में अभिनंदन है। साय ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव का शंखनाद कभी भी हो सकता है। छत्तीसगढ़ के सभी 11 संसदीय क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों के नाम घोषित हो गए हैं। अब कार्यकर्ताओं को कटिबद्ध होकर सभी सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए परिश्रम करना है। श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को 10 वर्ष हो गए हैं। इन वर्षों के कार्यकाल में भाजपा की सरकार ने देश में चहुंमुखी विकास और जनकल्याण के कार्य कर अनेक उपलब्धियों से देश का माथा गर्व से ऊँचा किया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सन 2014 में भाजपा को 282 सीटें मिलीं और फिर सन 2019 में जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री श्री मोदी पर विश्वास करते हुए 303 सीटों पर भाजपा को विजयी बनाकर अपना आशीर्वाद दिया। इस बार के चुनाव में हम सबको 'चार सौ पार' का लक्ष्य लेकर केंद्र में भाजपा की ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने के लिए कार्य करना है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही लगातार बड़े-बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। पहली ही कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास, जो कांग्रेस सरकार ने रोक दिया था, के लिए राज्यांश की घोषणा कर दी गई। महतारी वंदन योजना के तहत चुनाव से पहले प्रदेश की 70 लाख 14 हजार महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1000 रुपए (सालाना 12 हजार रु.) दिया जाएगा कटाक्ष किया कि कांग्रेस पार्टी देश में कहीं दिख नहीं रही है। भारत जोड़ो यात्रा निकालने वाले कांग्रेसी पहले अपने पार्टी के लोगों को जोड़ें।

### पूरी गंभीरता से नीचे स्तर तक संपर्क करना है- देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा की सदस्यता लेने वाले लोगों का स्वागत किया। संबोधन में देव ने कहा कि भाजपा की पहचान नीति और सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से होती है। यहां जो कार्यकर्ता बैठे हुए हैं, राष्ट्रीय कार्यक्रमों को निचले स्तर पर ले जाकर लेकर जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 5 वर्षों से विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता सिद्ध हुए हैं। देव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी गंभीरता के साथ नीचे स्तर तक संपर्क करने जाना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि केंद्र नेतृत्व द्वारा कार्यकर्ताओं को जो निर्देश दिए गए हैं, उनको पूरा करना है। 1 जनवरी से लेकर 31 दिसंबर तक भाजपा के कार्यकर्ता लगातार कार्य करते हैं, भाजपा का कार्य वर्षभर चलता है। भाजपा और कांग्रेस में यही अंतर है कि भाजपा का कार्यकर्ता स्वाभिमानी होता है। देव ने तंज कसा कि कांग्रेस पार्टी तो गोबर और गौठान से ही आगे नहीं बढ़ी।

### सभी सीटों पर कमल खिलाना है- जम्वाल

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशियों की घोषणा हो चुकी है। हमारा नारा है- अबकी बार 400 पार, और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर कमल खिलाना है। इस दृष्टि से संगठन के कार्य और दायित्वों का चुस्त-दुरुस्त होकर निर्वहन करना है। जनता के बीच जाकर उनसे सघन सम्पर्क और संवाद करना है। आज हमें यह संकल्प लेना है कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर जीत हासिल करनी है।

### 10 लाभार्थियों और 200 परिवारों से सम्पर्क करना है- पवन

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि आगामी 30 मार्च तक भाजपा कार्यकर्ताओं को 10 लाभार्थियों और 200 परिवारों से सम्पर्क करना है। इसी तरह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 250 दीवारों पर लेखन कार्य करना है और उसे सोशल मीडिया विभिन्न प्लेटफार्म पर अपलोड करना है। 10 घरों में भाजपा का झंडा लगाना है। विकसित भारत संकल्प सुझाव कार्यक्रम के तहत 10 प्रतिष्ठित व्यक्तियों के सुझाव लेकर उसे सुझाव पेटी में संग्रहित करना है और नमो एप पर अपलोड करना है। बैठक की कार्यवाही का संचालन कार्यक्रम का संचालन मोर्चा प्रभारी भरतलाल वर्मा ने किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, रामजी भारती, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता समस्त मोर्चा के पदाधिकारी-कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ का चुनाव फार्मूला राष्ट्रीय स्तर का फार्मूला बना- नबीन

प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन कहा कि यह गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ का चुनाव फार्मूला राष्ट्रीय स्तर का चुनाव फार्मूला बन रहा है। अब लोकसभा चुनाव का अवसर आया है तो छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतनी है, इस बार छत्तीसगढ़ का रिजल्ट शत-प्रतिशत भाजपा के पक्ष में हो, इसके लिए कार्यकर्ता तैयार हो जाएं। छोटी-छोटी बैठकें करके अलग-अलग समाज के लोगों को भाजपा से जोड़ना है। उन सभी विधानसभा क्षेत्रों तक भी पहुँचना है जहां पर भाजपा को कम अंतर से जीत मिली हो।

### बीजेपी देश के विकास के लिए काम करती है- साव

वहीं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पहले राजनीतिक दल अपने परिवार को अपने भाई अपने भतीजे अपने बेटे को स्थापित करने के लिए काम करते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी जी की सरकार है जो केवल देश के विकास के लिए काम कर रही है। 'फिर एक बार, मोदी सरकार'; 'अबकी बार 400 पार' का नारा लगाते हुए साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर कमल खिलाकर श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

# कांग्रेस पार्टी डूबती नैया है, जिस पर कोई सवार होना नहीं चाहता : सीएम साय

- भाजपा मोर्चा की संयुक्त बैठक में चौहान, पवार समेत 200 से ज्यादा ने ली भाजपा की सदस्यता

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के मोर्चों की संयुक्त बैठक में सोमवार को 200 से ज्यादा लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भाजपा प्रवेश के इस कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन के अनेक मोर्चा की संयुक्त बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। जहां लोकसभा चुनाव को लेकर वरिष्ठ नेताओं ने मार्गदर्शन दिया।

इस दौरान सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कांग्रेस पार्टी डूबती नैया है जिस पर कोई सवार नहीं होना चाहता और जो सवार है वह एक-एक करके भाजपा में आ रहे हैं। बैठक में मुख्यमंत्री साय के साथ प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, भरत वर्मा सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में अंतागढ़ के पूर्व विधायक मंतूराम राम पवार, बिलासपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, जगबंधु विश्वास पवार समर्थक दल के संयोजक, बंग समाज के प्रदेश सचिव एवं सरपंच मनोज मंडल, सरपंच संजीत मिस्त्री, मिठू दुग्गा, संतोष शील, राजकुमार यादव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कोयलीबेड़ा, प्रभात मंडल, इंद्रजीत विश्वास, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप बनिक, सुबन धनसर, जगन्नाथ बढ़ाई, अर्जुन मंडल, समरेश राय, जयदेव राय, संजय कीर्तनीय, मनोरंजन राय, चांदमन हीरा, विकास सरकार, प्रफुल्ल व्यापारी अध्यक्ष युवा समिति, चिरंजीत दास, अपूर्व मंडल, कालाचंद मंडल, नेपाक मंडल, नंदलाल सरकार, प्रकाश विश्वास, उत्पल विश्वास, जीवन विश्वास, उत्पल राय, रणजीत सरकार, प्रणव ढाली, मनमोहन, श्री राम दे, अखिल हीरा, चंदन गार्डन, प्रकाश मंडल, असीम मंडल, प्रशांत मंडल, सचिन मंडल, सुभाष मंडल, मोहम्मद सिकंदर खान प्रदेश विशेष कार्य समिति सदस्य बिलासपुर अल्पसंख्यक, जानीश बक्श सिद्दीकी, मो. हारून कुरैशी, मोहम्मद इमरान कुरेशी, मोहम्मद रईस कुरैशी, मोहम्मद खलील, राजेश्वर भार्गव राजमहंत सदस्य जिला पंचायत मस्तूरी, राहुल सोनवानी सदस्य जिला पंचायत मस्तूरी, अखिलेश पांडे अभिनेता पूर्व प्रत्याशी छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस बिलासपुर, कमल गुप्ता कांग्रेस पदाधिकारी सीपत, मोहनलाल पाटनवार पूर्व जनपद सदस्य मस्तूरी, इशाक खान, कांग्रेस पदाधिकारी, सुभाष टंडन - राहुल प्रियंका गांधी सेना जिला अध्यक्ष बिलासपुर, गजपाल चंद्रसेन उपाध्यक्ष, अरबाज खान, विधानसभा क्षेत्र मस्तूरी, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि और चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पदाधिकारियों सहित 200 से ज्यादा लोग भाजपा में शामिल हुए।

### भाजपा प्रवेश का दौर जारी

इसके पूर्व 15 फरवरी को पूर्व विधायक विधान मिश्रा एवं प्रमोद शर्मा सहित 300 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली थी। भाजपा प्रवेश का दौर लगातार जारी है। भाजपा प्रवेश करने वाले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि आप सभी का भाजपा परिवार में स्वागत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब कहीं नहीं दिखती है। कांग्रेस पार्टी डूबती नैया है जिस पर कोई सवार नहीं होना चाहता और जो सवार है वह एक-एक करके भाजपा में आ रहे हैं। जो पार्टी केवल एक ही परिवार पर केंद्रित हो उस कांग्रेस पार्टी में भला कौन रहना चाहेगा। उन्होंने भाजपा प्रवेश करने वाले सभी सदस्यों को भाजपा का गमछा पहनकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# चिंतामणी महराज भाजपा में शामिल होते ही हो गए पाक साफ

- कांग्रेस ने कहा एक ही पत्र के आधार पर 35 लोगों पर एफआईआर चिंतामणी को छोड़ दिया गया

**रायपुर/नवप्रदेश।** पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार और कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने के उद्देश्य से कांग्रेस की सरकार के दौरान ईडी ने अनेक कार्यवाहियां की थी।

ईडी ने तथाकथित कोल घोटाला को लेकर तीन सालों तक जांच की और जब कुछ हासिल नहीं कर पाई, तो ईडी ने राज्य के एंटी करप्शन ब्यूरो को 11 जनवरी 2024 को पत्र लिखकर इस मामले में एफआईआर दर्ज करने को कहा।

इस पत्र में ईडी ने इस तथाकथित कोल घोटाले को लेकर विस्तृत ब्यौरा भी दिया। इसमें कुछ लोगों के नाम भी सौंपा जिनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज किये जाने को कहा गया था। इस पत्र में ईडी ने जिन लोगों के नाम सौपी है, उनके सामने तथाकथित रूप से कितनी राशि प्राप्त हुई उसका उल्लेख भी किया है।

इसी में 10वें क्रम पर ईडी ने तत्कालीन कांग्रेस के सामरी से विधायक चिंतामणी महराज के नाम का उल्लेख करते हुये 5 लाख रुपए लिये जाने का दावा किया है। ईडी ने उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करने को लिखा है। ईडी ने इस पत्र के आधार पर एसीबी ने जो एफआईआर 17 जनवरी 2024 को दर्ज किया है उसमें चिंतामणी महराज का नाम नहीं है।

चिंतामणी महराज जो कांग्रेस के विधायक थे अब भाजपा में शामिल होकर भाजपा से सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार हैं। जैसे ही मोदी के वाशिंग मशीन में डाले गये उनके सारे पाप धुल गये। कमल छाप का ताबीज पहनकर वे ईमानदार हो गये।

कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद ने सवाल किया कि एक पत्र के आधार पर जब 35 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाता है, तो फिर चिंतामणी महराज का नाम एफआईआर से बाहर क्यों किया गया, इसीलिये कि वे भाजपा में शामिल हो गये हैं।

यह भाजपा का चरित्र है विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ ईडी, आईटी, सीबीआई को आगे कर मुकदमा दर्ज किया जाता है, दबाव बनाया जाता है, जेल भेजा जाता है, लेकिन जैसे ही वह नेता भाजपा में शामिल हो जाता है उसके खिलाफ सारी कार्यवाही रोक दी जाती है। अजीत पवार, हेमंत बिसवा सर्मा, नारायण राणे, रेड्डी बंधु, मुकुल राय, शुवेंदु अधिकारी, एकनाथ शिंदे, अशोक चौहान जैसे कई उदाहरण हैं।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रदेश की नववधुओं का करेंगे सम्मान

- मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत राज्य निर्वाचन कार्यालय रायपुर में करेगा बड़ा आयोजन

**रायपुर/नवप्रदेश।** आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मताधिकार के लिए प्रेरित करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा है कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ की नववधुओं का करेंगे सम्मान।

उन्होंने कहा लोकसभा आम निर्वाचन के महापर्व में मतदाताओं की भूमिका अहम है। मतदाताओं को मताधिकार के लिए प्रेरित करने का एक बहुत महत्वपूर्ण माध्यम है। कंगाले आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहीं थीं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने कहा कि आगामी एक माह में राज्य स्तर पर विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत आगामी 17 मार्च को नववधु सम्मान समारोह का राज्य स्तरीय आयोजन किया जाएगा। इसमें नवविवाहित वधुओं को सम्मानित किया जाएगा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महाविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा एनएसएस, एनसीसी और स्कॉउट गाइड के युवाओं के माध्यम से युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

किसी भी मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शामिल नहीं किया जाए। कंगाले ने मतदाता जागरूकता के तहत जिला स्तर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बताया । बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों पर चर्चा की।

उन्होंने महिला बाल विकास विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, नेहरू युवा केन्द्र, दूरदर्शन , आकाशवाणी , जनसंपर्क विभाग सहित अन्य विभागों एवं संस्थानों के समन्वय से पूरे प्रदेश में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जाने पर जोर दिया।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वय पी एस ध्रुव तथा डॉ के आर आर सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शारदा अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य अधिकारी डॉ नीता वाजपेयी, महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक नंदलाल चौधरी, भारत स्कॉउट गाइड की राज्य समन्वयक सरिता पांडेय, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ शैलेन्द्र कुमार पटेल, पियाली फाउंडेशन की निदेशक डॉ मीता मुखर्जी सहित नेहरू युवा केन्द्र, दूरदर्शन, आकाशवाणी तथा जनसंपर्क विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के 850 श्रद्धालु 5 को करेंगे अयोध्या दर्शन

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक चलाई जा रही विशेष ट्रेन को 5 मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मौके पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय श्री रामलला दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन को कल सुबह 10.30 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 07 से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस विशेष ट्रेन में रायपुर संभाग के सभी 05 जिलों के 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जाएगा।

गौरतलब है कि 12 कोच वाली इस ट्रेन में एक बार में छत्तीसगढ़ के करीब 850 श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा सकेंगे। इस विशेष ट्रेन का संचालन 5 मार्च से प्रारंभ हो रहा है।

# चोरी के दो आरोपियों से पुलिस ने किया 14 लाख बरामद, जेल भेजे गए

■ आरोपियों ने जंगल में छिपा रखे थे कैश

**महासमुंद/नवप्रदेश।** सरायपाली में हुई दो बड़ी चोरी के आरोपियों को एफआईआर होने के कुछ घंटे के भीतर ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. चोरी के दो मामलों मे शामिल दोनों आरोपियों से चोरी के 14 लाख 6 हजार रुपए नगदी, बैंक पासबुक व आधार कार्ड बरामद किया गया है. बता दें कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी है. आरोपियों ने शटर का बिना ताला तोड़े अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था.

4 मार्च 2024 को प्रार्थी कृष्ण कुमार साहू पिता पुरुषोत्तम साहू निवासी भंवरपुर रोड सरायपाली ने थाने में चोरी का रिपोर्ट दर्ज कराया था. उन्होंने बताया कि उनके मानस मेडिकल स्टोर से अज्ञात चोर ने 2 मार्च 2024 की रात नगदी 15 हजार रुपए एवं दो आधार कार्ड चोरी कर लिए हैं. इस पर थाना सरायपाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था.

दूसरे मामले में 4 मार्च 2024 को प्रार्थी प्रवीण अग्रवाल पिता शंकर लाल अग्रवाल निवासी पदमपुर रोड सरायपाली ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया था. उन्होंने बताया कि 2 मार्च 2024 की मध्य रात्रि अज्ञात चोर ने उसके दुकान का शटर तोड़े बिना दुकान में घुसकर गल्ले से 14 लाख रुपए नगद एवं एक चेक को चोरी कर लिया है. इस पर थाना सरायपाली में अपराध दर्ज कर पुलिस ने विवेचना में लिया था. मुखबिरों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया.

पूछताछ में आरोपी गिरधारी वैष्णो पिता रविशंकर वैष्णव झिलमिल, शंकर साहू पिता स्वर्गीय गणपत साहू सरायपाली ने अपना अपराध कबूल किया. आरोपियों ने बताया कि 2 /3/2024 की रात्रि कृष्ण कुमार साहू के मेडिकल स्टोर एवं प्रवीण अग्रवाल के छड़ सीमेंट के दुकान में चोरी किए हैं. चोरी किया हुआ पूरा पैसा बैलाबाजार के पास जंगल में छिपा कर रखे हैं.

इस पर आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार पर कुल 14 लाख 6 हजार रुपए जब्त किया गया एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## ■ न्यूज गैलरी

### काटागांव में ग्राम विकास के लिए ग्राम पंचायत प्लांनिग टीम का किया गया गठन

**कोण्डागांव/नवप्रदेश।** विकासखंड माकड़ी के ग्राम पंचायत काटागांव की सरपंच जमुना मरकाम की अध्यक्षता में पंचायत को मजबूत करने हेतु सभी पंचायत कर्मचारियों एवं जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन कर ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत प्लांनिग एवं फैसिलिटेशन टीम का गठन किया गया। जिसके तहत बैठक में आये ग्रामीणों ने पंचायत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जल निकासी आदि विषयो पर चर्चा करते हुए कहा गया कि पंचायत में शिक्षा को केंद्र में रखकर सभी स्कूलों में शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाना चाहिए और समस्या के समाधान के लिए सामुदायिक जनचैपाल का आयोजन किया जाना चाहिए। भारत कॉलेबोरेटिव टीम द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के संबंध में बताया। गांधी फेलो धनश्री खडसे ने सरकार के एलएसडीजी लक्ष्यों के बारे में बताते हुए एक ग्राम पंचायत को एकजुट करके एक सक्षम ग्राम पंचायत में तब्दील करने एवं सरपंच के निर्देशन में ग्राम पंचायत विकास योजना के लिए सहायता टीम का गठन करने को कहा। जिसकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के संबंध में बताते हुए इसके बेहतर कार्य एवं गांव के लोगों के सहयोग से शत-प्रतिशत योजनाओं के क्रियान्वयन, टीकाकरण अभियान की सफ्लता और शत-प्रतिशत स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर बल दिया गया । इस बैठक में, सचिव सुकालू मरकाम, पीरामल फाउंडेशन टीम सहित पंचायत के जन प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 6 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** जिला बेमेतरा के राशन कार्डधारियों को सुगमता से खाद्यान्न प्राप्ति हेतु छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 की कंडिका 9 प्रावधानों के बेमेतरा ज़िले विकासखंड साजा की छह शासकीय उचित मूल्य की संचालन हेतु इच्छुक संस्था को आवंटन किया जाना हैं। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा ने बताया कि जिन दुकानों का आवंटन किया जाना हैं वह थानखम्हरीया, हरदास, भेण्डरवानी, उमरावनगर, थानखम्हरीया, चिल्फी, खुरूसबोड़ दुकान तहसील साजा शामिल हैं। दुकान संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं (वृत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति (लेम्पस)/ ग्राम पंचायत/महिला स्व.सहायता समूह/प्राथमिक कृषि साख समितियाँ/अन्य सहकारी समितियां/राज्य शसन द्वारा विनिर्दिष्ट उपकम/वन सुरक्षा समितियां) से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

### कुंभकार समाज विकास की ओर हो रहा अग्रसर : योगेश तिवारी

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज का वार्षिक अधिवेशन बेमेतरा विधानसभा के ग्राम देवसरा में आयोजित हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व भाजपा नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें। मुख्य अतिथि ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुंभकार समाज वर्तमान में आधुनिक युग से जुड़कर विकास की ओर अग्रसर हो रहा हैं। कुंभकार समाज पुरानी पद्धति को पीछे छोड़कर अब आधुनिक उपकरणों से चाक, दिया समेत अन्य मिट्टी के वस्तुओं के निर्माण कर रहा हैं। समाज को बच्चों की उच्च शिक्षा की ओर ध्यान देना चाहिए ताकि वे हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व कर सकें।

# कोमल फूड प्रोडक्ट्स में जर्दा गुटखा बनाने का कारोबार, छापा

■ जीएसटी की टीम को मिला था दुर्ग से इनपुट

■ खाद्य सुरक्षा विभाग की भूमिका पर सवाल

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** नशे को लेकर भले पुलिस विभाग एनडीपीएस की कार्यवाही करने और शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने को ही नशे के अपराध को नियंत्रित करने की मूल दिशा मान रहा है, पर नशे को लेकर अन्य विभागों के जिम्मेदारी कहीं ना कहीं उदासी नजर आती है। सबसे बड़ी बात यह है कि खाद्य सुरक्षा मानक और खाद्य विभाग ऐसे कई मामलों पर कार्यवाही करने की मंशा नहीं रखती, इसका खुलासा बनभेड़ी में कोमल फूड प्रोडक्ट जिसने अपने जीएसटी के शेड्यूल में ताजा सुखे मेवे छिलके और बिना छिलके वाले बचने के कारोबार का जिक्र किया है, वही उसे फैक्ट्री में जर्दा बनाने के कई सामान और मशीन मिलने की बात सामने आ रही है। दो तारीख की रात फैक्ट्री में जीएसटी टीम कविता ठाकुर असिस्टेंट कमिश्नर दुर्ग के दिशा निर्देशन में की गई, जो दुर्ग के इनपुट के आधार पर कार्यवाही की गई। जीई रोड से डेढ़ किलोमीटर दूर फार्म हाउस के भीतर कोमल फूड प्रोडक्ट की कंपनी में छापा मारने का जो साहस दिखाया और फैक्ट्री में नोटिस चस्पा करने के साथ-साथ ताला लगा कर सील जड़ दिया गया है। जीएसटी की नोटिस चस्पा की गई है, उसमे उल्लेखित धाराओं मे सरकारी अधिकारी को जांच में सहयोग न करने और

उचित जवाब नहीं देने का भी जिक्र है। शहर सहित जिलेभर में अवैध गुटखा का कारोबार बेधड़क चल रहा है, जिस पर ना तो प्रशासन कार्रवाई कर रहा है और ना ही संबंधित विभाग। सबसे बड़ी बात यह है कि प्रतिबंधित गुटखा का यह नशे का कारोबार आखिर किन के वरदहस्त में चल रहा है, यह जांच का सबसे बड़ा विषय है। आज की युवा पीढ़ी भी इस नशे की ओर खिंची चली जा रही है, इस अवैध जर्दायुक्त गुटखा का गोदाम लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बनभेड़ी में बदस्तूर चल रहा था, [ जिस पर कल देर रात दुर्ग जीएसटी की टीम ने छापा मारा और कार्रवाई की।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत दो से तीन दिन पूर्व दुर्ग में जीएसटी की टीम ने कई गुटखा व्यापारियों के यहां छापामार कार्रवाई की थी, जिसके इनपुट के आधार पर राजनांदगांव में भी जीएसटी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। कल देर रात जीएसटी की टीम ने राजनांदगांव शहर से लगभग 10 किमी दूर स्थित लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बनभेड़ी में फार्म हाउसनुमा फैक्ट्री में छापामार कार्रवाई की गई है। उक्त फैक्ट्री में सीएसटी की टीम को अनेक प्रकार की मशीने और कच्चे सामान सहित सितार पाऊच भी होना बताया जा रहा है।

**जो सामान मिला फैक्ट्री में**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बनभेड़ी में बनाए जा रहे अवैध सितार गुटखा की फैक्ट्री में गुटखा बनाने की मशीन, तम्बाखू की बोरियां, इलायची का छिलका, तराजू, गुटखा मिक्सर मशीन, सुपारी, कत्था और सितार के पाऊच आदि सामान फैक्ट्री में मिले होने की जानकारी सामने आ रही है।

# एनीमिया मुक्त कोंडागांव अभियान का अध्ययन करने पहुंचा दो सदस्यीय केन्द्रीय दल

**कोण्डागांव/नवप्रदेश।** एनीमिया और कुपोषण की गंभीर चुनौतियों का समाधान करने के लिए जिले में शुरु की गई एनीमिया मुक्त कोंडागांव अभियान का अध्ययन करने के लिए दो सदस्यीय केन्द्रीय दल सोमवार को कोंडागांव पहुंची। दल में नीति आयोग के अंडर सेक्रेटरी श्री जगवीर सिंह तथा आवास एवं नगरीय प्रशासन विभाग के अंडर सेक्रेटरी श्री दीपक कुमार शामिल हैं। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जिले को एनीमिया मुक्त करने के लिए प्रारंभ किए गए इस अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी।इस अवसर पर कलेक्टर ने अध्ययन दल के अधिकारियों को बताया कि एनीमिया मुक्त कोंडागांव जिला प्रशासन की एक पहल है। यह जिला एनीमिया और कुपोषण की गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा था। एनीमिया और कुपोषण की इस चुनौती का सामना करने के लिए योजना निर्माण के साथ योजना का के क्रियान्वयन की निगरानी भी एक चुनौती थी, क्योंकि जिले का कुछ क्षेत्र दुर्गम तथा अतिसंवेदनशील है। एनीमिया मुक्त कोंडागांव के लिए पहले चरण में गर्भवती और शिशुवती महिलाओं के साथ ही किशोरियों में एनीमिया के स्तर का बेसलाईन सर्वे कर योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सूचना तकनीक का करते हुए पहले वेब पोर्टल तथा मोबाईल एप्प के माध्यम से संचालन का प्रशिक्षण तथा एप्प के माध्यम से बालिकाओं और महिलाओं को दी जाने वाली आयरन और फोलिक एसिड की निगरानी से इसके बेहतर परिणाम सामने आए हैं तथा मिडलाईन सर्वे में बड़ी संख्या में महिलाएं और किशोरियां एनीमिया से बाहर आई हैं। जो बालिकाएं और महिलाएं एनीमियामुक्त हुई हैं, उनके भोजन व्यवहार के संबंध में भी निरंतर सलाह दी जा रही है। वहीं एनीमियामुक्त होने पर ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कृत किया जा रहा है,

# बुजुर्ग व बीमारी से पीड़ित को राहत की मांग को लेकर मोर्चा ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**कोंडागांव/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला कोण्डागांव संयोजक नीलकंठ शार्दूल के नेतृत्व में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के विकासखंड, तहसील एवं जिला पदाधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर कोण्डागांव से मुलाकात कर लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया में कर्मचारियों के विभिन्न मांगों एवं सुझाव सम्बंधित ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में निर्वाचन कार्य संपादित करने वाले मतदान कर्मियों को विकास खंडवार प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं लोकसभा क्षेत्रवार कोण्डागांव एवं केशकाल में निर्वाचन सामग्री वितरण एवं संग्रहण की व्यवस्था करने, परिस्थिति के अनुकूल 600 से अधिक मतदाता वाले केंद्र में सहायक मतदान केंद्र की स्थापना, 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग, दिव्यांग व गंभीर बीमारी से ग्रस्त कर्मचारियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सामान्य परीक्षण, प्रमाण पत्र एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर निर्वाचन कार्य से मुक्त करने, मतदान दल गठन प्रक्रिया में वरिष्ठता के आधार पर पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी की नियुक्ति करने, सामग्री वितरण एवं संग्रहण केंद्र की दूरी के आधार पर विकासखंड से आने वाले मतदान कर्मियों के लिए वाहन की व्यवस्था, जिले में प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर्स एवं रिजर्व दल जो निर्वाचन में कार्य करते हैं उन्हें मानदेय का भुगतान एवं निर्वाचन कार्य प्रक्रिया में प्रारंभ से अंत तक सेवा देने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं वाहन चालकों को मानदेय भुगतान करने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया! ज्ञापन सौंपने दौरान जिला सचिव ऋषिदेव सिंह विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी संजय सिंह ठाकुर, शीतल कोर्राम, बी.एस. ठाकुर, यशवंत सिंह, श्रीनिवास नायडू, चमन लाल वर्मा, प्रकाश सेठिया, मनोज फिलिप, चंद्रकांत ठाकुर, अनिल कोरार्म, पवन साहू, देवेन्द्र बघेल, राजकुमार मंडावी, राजू नायर आदि उपस्थित थे ।

# एसपी ने थाना नांदघाट-संबलपुर का निरीक्षण कर जानी स्थिति

**बेमेतरा/नवप्रदेश!** पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना नांदघाट का जायजा लिया। इस दौरान सभी अधिकारियों व जवानों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने तथा थाना प्रभारी को अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। त्रिनयन एप के माध्यम से बेमेतरा जिलें के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस है जो तेजी से अपराध सुलझाने के लिए पुलिस को सशक्त बनाने, सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाकर अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने 3 मार्च को संबलपुर नवीन चौकी हेतु मुंगेली रोड में स्थित पूर्व में संचालित पुलिस सहायता केन्द्र का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पेयजल सुविधा व अन्य व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए।

# संदिग्ध वाहनों की जांच, पुलिस ने कार से 42 लाख के चांदी के आभूषण किए जप्त

**महासमुंद/नवप्रदेश।** महासमुंद पुलिस ने रेहटीखोल अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर एक कार से भारी मात्रा में चांदी के आभूषणों को बरामद किया है. तस्कर इन आभूषणों को बरगढ़ ओडिशा से रायपुर ला रहे थे. जब्त चांदी की कीमत 42 लाख रुपये आंकी गई है. कार में सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की पूछताछ कर रही है. कार सवार युवकों ने बताया कि वे दोनों बरगढ़ ओडिशा से रायपुर जा रहे है. इसके बाद पुलिस ने कार की तलाशी ली तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए. कार से 58.480 किलो चांदी के आभूषण बरामद हुए. जब पुलिस ने दोनों को इन आभूषणों से संबंधित दस्तावेज दिखाने के लिए कहा तो युवक कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए. इसके बाद पुलिस ने आभूषणों को जब्त कर लिया, जिनकी कीमत 42 लाख रुपये आंकी गई है. बता दें कि महासमुंद पुलिस विभिन्न सामानों की अवैध तस्करी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है. सिंघोड़ा पुलिस और साइबर सेल टीम ने महीने भर के अंदर तीसरी बार भारी मात्रा में सोना और चांदी पकड़ा है. इसके पहले 13 जनवरी को पुलिस ने दो लग्जरी कारों से सात किलो से अधिक सोने के बिस्कुट व पत्ती जब्त की थी. इसी तरह 27 जनवरी को एक कार से 81 ग्राम के सोने का नेकलेस, झूमके, चैन और 23 किलो 790 ग्राम की चार चांदी की सिल्ली जब्त की गई थी।

# तीन दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट लीग में कन्हारगांव रही विजेता

**कोंडागांव/नवप्रदेश।** जिला पुलिस बल व् केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 22 वी के सयुक्त तत्त्वधान में मावा गिरदा कोंडानार सामूहिक पुलिसिंग के तहत तीन दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट लीग का आयोजन जिले के अंदरुनी नक्सली क्षेत्र ग्राम उरेन्दाबेड़ा में किया गया !लीग मेच क्रिकेट प्रतियोगिता में अंदरूनी क्षेत्र के 16 टीमों ने भाग लिया ! इस प्रतियोगिता में सभी टीमों ने तीन दिन तक अच्छा प्रदर्शन किया ! फाइनल मैच ग्राम कन्हारगांव व् भोंगापाल के बिच खेला गया जिसमे प्रथम विजेता कन्हारगांव रह कर ट्राफी व् दस हजार के राशि पर कब्जा किया तो वन्ही भोंगापार दुतिया विजेता रही जिन्हें पांच हजार रुपए दिए गए !इस दौरान पुलिस अधीक्षकअक्षय कुमार ने सभी टीमों को बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहां की पुलिस से संबंध स्थापित कर सहयोग प्रदान करने व गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करने अपील की गई साथ ही क्रिकेट प्रतियोगिता में अंदरूनी क्षेत्र से आए खिलाड़ियों दर्शकों को शासन द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ उठाने एवं बेरोजगारों को वर्तमान में होने वाले पुलिस एवं अन्य विभाग केभर्तियो में सम्मिलित होने की जानकारी एवं प्रोत्साहन दिया !मैच में शामिल सभी टीमों को क्रिकेट किट जर्सी लोअर प्रदायकी गई !


**CHHATTISGARH STATE MARKETING CORPORATION LIMITED**

4TH FLOOR, AABKARI BHAVAN, NEAR CHHOKRA NALA, LABHANDI, RAIPUR, CHHATTISGARH, 492001

**CORRIGENDUM NOTICE**

Date: 04.03.2024

AMENDEMENT IN TENDER FOR EMPANELMENT OF PLACEMENT AGENCY FOR PROVIDING SECURITY GUARDS TO CHHATTISGARH STATE MARKETING CORPORATION LTD. ISSUED BY THIS OFFICE VIDE T.NO.: CSMCL/Tender/2024-25/3 DATED 20.02.2024.

2. Corrigendum Notice can be downloaded from **www.excise.cg.nic.in/csmcl/tender**

S.-39906/1 -sd- MANAGING DIRECTOR CSMCL



**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरिया, छत्तीसगढ़**

(E-mail actd.koriya@nic.in,Phone/FaxNo.07836-232859)

**-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक/2372/निर्माण/आ.वि./2023-24 कोरिया, दिनांक 04.03.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ''द'' श्रेणी या उससे ऊपर के ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा केवल स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा द्वारा स्वीकार की जावेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-मै. आदिवासी कन्या छात्रावास रामगढ़ के भवन के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने कार्य (भाग-01) | सोनहत | 12.86 |
| 2. | प्री-मै. आदिवासी कन्या छात्रावास रामगढ़ के भवन के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने कार्य (भाग-2) | सोनहत | 19.92 |

1. निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने का दिनांक :- 26.03.2024 सांय 05:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक :- 28.03.2024 सांय 05:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने का दिनांक :- 01.04.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक :- 02.04.2024 दोपहर 12.00 बजे से

उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र मूल्य 750=00 देय होगा।

जी-08266/3 **(उषा लकड़ा) सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरिया**



**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ.ग.)**

**ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र. 09/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 04.03.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 26.03.2024 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है

**कार्य का नाम -**

(सिस्टम निविदा क्र. 153537) :- **लाफा व्यवपर्तन वियर का पुर्ननिर्माण मुख्य नहर में मिट्टी कार्य आर.सी.सी. चैनल आर.डी. 120 मी. से 420 मी., 06 नग व्ही.आर.बी., 04 नग सी.डी., 01 नग फाल, 20 नग कोलाबा फिक्सिंग इत्यादि का निर्माण कार्य।**

अनुमानित लागत : **रु. 267.76 लाख**

(टीप :- निविदा जल संसाधन विभाग के एस.ओ.आर. अगस्त 2022 के अनुसार आमंत्रित है।)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 11.03.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट नन पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-08289/8 **कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ.ग.)**



**छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

**नारायणपुर वनमण्डल के काष्ठागार के नीलाम का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नारायणपुर वनमण्डल के अंतर्गत नारायणपुर काष्ठागार में संग्रहित नया एवं पुराना ईमारती काष्ठ का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमण्डल से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक, स्थान एवं समय - 11.03.2024 को कोण्डागांव काष्ठागार में दक्षिण वनमण्डल कोण्डागांव काष्ठागार के नीलामी के पश्चात

| प्रजाति | नया वनोपज (काष्ठ) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ईमारती काष्ठ | | बल्ली | डेंगरी |
| | नग | (घ.मी.) | (नग में) | (नग में) |
| साल | 2790 | 369.711 | - | - |
| बीजा | 15 | 2.668 | - | - |
| साजा | 191 | 16.228 | 36 | 31 |
| धावड़ा | 152 | 16.146 | 37 | 21 |
| तेन्दू | 25 | 3.910 | 17 | 5 |
| जामुन | 3 | 0.314 | - | - |
| अन्य | 595 | 55.470 | 383 | 138 |
| **योग:-** | **3771** | **464.447** | **473** | **195** |

| प्रजाति | पुराना वनमंडल (काष्ठ) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ईमारती काष्ठ | | बल्ली | डेंगरी |
| | नग | घ.मी. | (नग में) | (नग में) |
| साल | 6096 | 685.608 | 487 | 464 |
| बीजा | 771 | 91.71 | 6 | 62 |
| साजा | 368 | 31.148 | 6 | 62 |
| सागौन | 453 | 37.581 | 17 | 108 |
| धावड़ा | 735 | 48.507 | 210 | 124 |
| हल्दू | 130 | 18.183 | 7 | - |
| तेन्दू | 139 | 15.931 | 34 | 4 |
| तिन्सा | 321 | 29.744 | - | 2 |
| कर्रा | - | - | 6 | - |
| अन्य | 2546 | 230.525 | 776 | 153 |
| **योग :-** | **11559** | **1188.937** | **1661** | **1018** |

**दूरभाष क्रमांक- नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर (07781- 252228)**

01. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक प्लांट के संबध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1000/- रुपए इसमें जो अधिक हो जमा करना अनिवार्य है।
02. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व वर्ष 2022 का पंजीयन प्रमाण पत्र, GST प्रमाण पत्र एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।
03. विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस GST कर एवं आयकर पेन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्कआर्डर जारी किया जावेगा।
04. नीलाम में क्रय किए गए लाटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई.एम.डी. पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।
05. GST की राशि का भुगतान पृथक से नारायणपुर वनमण्डल नारायणपुर के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो नारायणपुर में देय हो, तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

जी-08272/7 **वनमण्डलाधिकारी, नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर**

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ही बीमार, मरीज हो रहे हैं परेशान

**लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश।** सरगुजा जिले के लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपने अव्यवस्था को लेकर हमेशा से सुर्खियों में रहा है। अस्पताल प्रबंधन के लचर व्यवस्था से अक्सर मरीजों के तिमारदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विराजमान डॉक्टर लैब टेक्नीशियन सहित अस्पताल के अन्य दूसरे कर्मचारियों के अस्पताल में आने जाने का कोई निश्चित समय सीमा नहीं होती। इतना ही नहीं मरीजों के हताश परेशान परिजनों से अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार करने की भी शिकायत रही हैं। अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर और कर्मचारियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने कारण अस्पताल में व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हो पा रही है। जिससे अस्पताल में आने वाले क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधिकारी कर्मचारीयों के लेटलतीफ आने का हैरतअंगेज नजारा है। मनमज़ी विलंब से अस्पताल पहुंचते हैं। अस्पताल प्रबंधन इन लापरवाह कर्मचारियों पर नकेल कसने में नाकाम रही है। ऐसे भी

कई कर्मचारी हैं जो दोपहर 12:00 बजे ड्यूटी में आते हैं। और इधर-उधर दुकानों में बैठकर 2 बजे चले जाते हैं।इन नमूनों से जब ड्यूटी के संबंध में कोई जनप्रतिनिधि या मरीज के परिजन पूछते हैं तोइन कर्मचारियों द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।सही मायनों में बीएमओ सहित ये दूसरे अन्य डाक्टर तथा अस्पताल कर्मी ओपीडी 9:00 बजे के बजाय 10:00 बजे पहुंच रहे हैं। हालिया आज दिन सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओपीडी खुलने का समय 9:00 बजे है परंतु अस्पताल में 10:00 बजे तक बीएमओ डॉक्टर पी0 एस0 मार्को अपने कक्ष में तशरीफ नहीं ला सके थे। बीएमओ के नक्शे कदम पर दूसरे डाक्टर तथा पदस्थ स्टाप नर्स कर्मचारी अस्पताल में एक घंटा देरी से अस्पताल में पहुंचे जिसके कारण कई मरीज उपचार के लिए काफी समय तक इधर-उधर भटकते रहे। और यही वजह है कि सरकारी अस्पताल में आने वाले कई मरीजों को शासकीय अस्पताल में पदस्थ डाक्टरों के नीजी क्लीनिक में जाकर उपचार करवाने मजबूर होना पड़ता है। बेहतर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने के चाह में लोग सरकारी अस्पताल तक आते हैं परन्तु डाक्टरों के नीजी किलनिक का पनाह में जाना पड़ता है। समझने वाली बात है कि सूबे में सरकार किसी भी पार्टी की हो परंतु सरकारी अस्पतालों में जो चिकित्सा सुविधा लोगों को मिलनी चाहिए वह सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण डॉक्टरों द्वारा दवा कंपनी के कमीशन खोरी के चक्कर में सामने खड़े मरीजों को नजर अंदाज कर अनदेखा किया जाता है। डाक्टरों द्वारा एमआर को पहली प्राथमिकता दी जाती है। इससे पूर्व मरीजों द्वारा ओपीडी के समय में एम आर को अस्पताल के अंदर प्रवेश वर्जित करने की मांग की जाती रही है। मांग यथावत है। ब्लाक क्षेत्रवासियों द्वारा मांग किया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर ओपीडी के समय में 9:00 बजे खुद खंड चिकित्साधिकारी पहुंचे ताकि अन्य डॉक्टर तथा कर्मचारी अस्पताल में समय पर पहुंच सकें।

### व्यवस्था में और सुधार करने का प्रयास किया जाएगा

बीएमओ डॉ पी एस मार्को खंड चिकित्सा अधिकारी ने इस संबंध में पूछे जाने पर बताया गया कि अस्पताल में पदस्थ चिकित्सको को 9:00 बजे से पहले आने की व्यवस्था बनाई गई है। सभी चिकित्स्क कर्मचारी 10:00 बजे तक अस्पताल में पहुंचाना बताया गया। व्यवस्था में और सुधार करने का प्रयास किया जाएगा। जिससे मरीजों को किसी तरह से कोई दिक्कत ना हो।

# रामभक्तों को अयोध्या में रामलला का कराएंगे दर्शन- मुख्यमंत्री साय

**मुंगेली/नवप्रदेश।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम चलान (चातरखार) में आयोजित 108 महाकुण्डीय यज्ञ श्री शिव महापुराण एवं विराट संत सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान प्रसिद्ध शिव महापुराण कथा प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा का अभिनंदन किया और उन्हें नमन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही शिव महापुराण आरती में शामिल होकर प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कथा प्रवक्ता श्री मिश्रा को राज्य अतिथि का दर्जा देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि मुंगेली जिले में 108 महाकुण्डीय यज्ञ श्री शिव महापुराण एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। जिसमें आज लाखों की संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ माता कौशिल्या की धरती है, भगवान राम हमारे भांचा है। अयोध्या में 22 जनवरी को जब नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई, तो सबसे अधिक उत्साह छत्तीसगढ़ में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत सरकारी खर्चे से रामभक्त अयोध्या में भगवान राम का दर्शन करेंगे। 05 मार्च को रायपुर से अयोध्या के लिए ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास करके छत्तीसगढ़ की जनता ने हमारी सरकार बनाई है, उस पर खरा उतरने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता के तरफ से कथा प्रवक्ता श्री मिश्रा को कार्यक्रम में पहुंचने के लिए धन्यवाद दिया। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि आज हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि मुंगेली की इस धरती में इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। भोले बाबा की महिमा से बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए हैं, इससे ऐसा लग रहा है कि महाशिवरात्रि का शुरुआत हो गया है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के साथ दुनिया में आध्यात्मिक परचम लहराने का काम हुआ है। इस दिन पूरे क्षेत्र को भक्तिमय और आध्यात्ममय करने का काम किया गया है।

## न्यूज गैलरी

### स्व-सहायता समूह की महिलाओं से पीएम मोदी आज करेंगे संवाद

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कल 6 मार्च को स्व-सहायता समूहों से जुडी महिलाओं के साथ संवाद किया जाएगा। संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के कुल 270 स्थानों पर किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री स्व सहायता समूह एवं संगठनों की महिलाओं से वर्चुअल माध्यम से संवाद करेंगे। कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिले में कुल 11 स्थानों में कार्यक्रम होंगे। जिस हेतु आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिले में अम्बिकापुर ग्रामीण क्षेत्र का, लुण्ड्रा (बटवाही), बतौली, मैनपाट, लखनपुर, लखनपुर पूर्वी, सीतापुर, उदयपुर, दरिमा, नवानगर, धौरपुर में आयोजित किए जाएंगे।

### लाइनमैनों को किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** भारत सरकार द्वारा निर्धारित की गई लाइनमेन दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को गांधीनगर स्थित कल्याणभवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे अंबिकापुर वृत्त के अंतर्गत कार्यरत समस्त लाइनमैन को सम्मानित किया गया तथा लाइन में कार्य करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंबिकापुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीश शेलेट, अधीक्षण अभियंता आर के मिश्रा, कार्यपालन अभियंता एस पी कुमार, आर नागवंशी एवं एस के प्रजापति एवं सभी उपसंभाग के सहायक अभियंता तथा कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।

### युवा उत्सव आज, विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023-24 का आयोजन जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के राजमोहनी भवन ऑडिटोरियम में कल 7 मार्च को प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। युवा उत्सव विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। जिसमें लोकनृत्य (सामूहिक), लोक गीत (सामूहिक), एकांकी नाटक (हिन्दी/अंग्रेजी भाषा में), शास्त्रीय गायन (हिन्दुस्तानी शैली), शास्त्रीय गायन (कर्नाटक शैली), सितार वादन (शास्त्रीय वादन), बांसुरी वादन (शास्त्रीय वादन), तबला वादन (शास्त्रीय वादन), वीणा वादन (शास्त्रीय वादन), मृदंगम वादन, हारमोनियम वादन (सुगम वादन), गिटार वादन (भारतीय या पाश्चात्य संगीत), मणीपुरी (शास्त्रीय नृत्य), ओडिसी (शास्त्रीय नृत्य), भरत नाट्यम (शास्त्रीय नृत्य), कत्थक (शास्त्रीय नृत्य), कुचीपुड़ी (शास्त्रीय नृत्य), वाक्तृत्वकला, (तात्कालिक भाषण हिन्द्री /अंग्रेजी भाषा) में विधाएं शामिल है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करने वाले कलाकार जिनका पंजीयन कर लिया गया है वे कल 7 मार्च के प्रातः 10 बजे राजमोहनी भवन अम्बिकापुर में उपस्थित होंगे।

### महतारी वंदन योजना की राशि खाते में कल होगी अंतरित

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर कल 7 मार्च को प्रदेश में राज्य मुख्यालय के साथ-साथ समस्त जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय, नगरीय निकाय क्षेत्रों में महिला सम्मेलन का आयोजन, महतारी वंदन सम्मेलन के रूप में किया जा रहा है। प्रदेश में नवीन महतारी वंदन योजना लागू की गयी है, जिसके अंतर्गत 1 मार्च से योजना को लागू करते हुए 21 वर्ष से अधिक आयु की पात्र विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपए की मासिक वित्तीय सहायता राशि दी जानी है। प्रथम बार इस योजना से हितग्राहियों को 7 मार्च को प्रथम सहायता राशि दिया जाएगा।

# महतारी वंदन: योजना की राशि से महिलाएं बढ़ाएंगी अपना व्यवसाय

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महतारी वंदन योजना की प्रदेश भर में शुरुआत की गई। जिसका लाभ लेने महिलाओं में गजब का उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में नजदीकी आंगनबाड़ी में पहुंचकर महिलाओं ने आवेदन किए और अब इसका लाभ महिलाओं को मिलने वाला है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय डीबीटी के माध्यम से महिलाओं के बैंक खाते में महतारी वंदन योजना की पहली किस्त ट्रांसफर करेंगे। इस योजना के जरिए महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। इस योजना को लेकर महिलाओं में ख़ासा उत्साह है। चाय बेचकर अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाली 65 वर्षीय श्रीमती कौशल्या सिंह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को लेकर काफी खुश नजर आई। उन्होंने बताया कि उनके घर में सात सदस्य रहते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से उनका खुद का अपना पक्का मकान बन गया है। घर परिवार के चलाने के लिए वह जिला कोर्ट के पास फुटपाथ पर चाय स्टॉल लगाती हैं। जिससे होने वाली आमदनी से घर-परिवार और दुकान चलता है। पैसों की कमी से वह अपना व्यवसाय नहीं बढ़ा पा रही थी। महतारी वंदन योजना की जब जानकारी मिली तो उम्मीद की रोशनी मिली। उन्होंने जल्दी से फॉर्म भरकर जमा किया और अब प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री श्री साय के सुशासन में महतारी वंदन योजना से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल वो अपने चाय स्टॉल को आगे बढ़ाने में करेगी जिससे चार पैसों की आमदनी बढ़ेगी और घर परिवार का पालन-पोषण अच्छे से हो पाएगा। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार जरूरतमंद गरीब महिलाओं को आर्थिक सहायता दे रही है जिससे हम जैसी महिलाएं अपनी रोजमर्रा की जरूरत को पूरा कर पाएंगे। श्रीमती कौशल्या सिंह ने महतारी वंदन योजना के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का तहेदिल से धन्यवाद दिया है। गौरतलब है कि जिले में कुल 2,33,379 महिलाओं को पहली किस्त में राशि का अंतरण किया जाएगा। जिला मुख्यालय के साथ ही सभी विकासखण्ड में भी महतारी वंदन सम्मेलन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हितग्राहियों को भुगतान ऑनलाईन डीबीटी मोड में किया जाएगा।

### यातायात मित्र सक्ती पुलिस की नई पहल

**सक्ती।** पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर संजीव शुक्ला के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों का पालन कराने व यातायात सुचारू रूप से संचालित करने ÷यातायात मित्र सक्ती पुलिस÷ अभिनव पहल की जा रही है। जिला सक्ती में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के द्वारा नेशनल हाईवे स्टेट हाईवे ग्राम सड़क में ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु समस्त थाना चौकी एवं यातायात शाखा को निर्देश देकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत यातायात मित्र का गठन सक्ती जिला क्षेत्र में किया जा रहा है। जिसके तहत सड़क किनारे संचालित फर्स्ट रिस्पांडर एवं इनफॉर्मर, जिसमें मोटर मैकेनिक, फल बेचने वाले, सब्जी बेचने वाले, दुकान वाले एवं अन्य को यातायात मित्र बनाकर यातायात मित्र का गठन किया जा रहा है।

## खेलो इंडिया फुटबाल प्रशिक्षक के चयन के लिए वाक इन इंटरव्यूव 7 मार्च को

**सक्ती/नवप्रदेश।** भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के अतंर्गत सक्ती जिले में '' खेलो इंडिया का फुटबाल लघु प्रशिक्षण केन्द्र रगजा में स्वीकृत किया गया है। योजना की गाईडलाईन अनुसार प्रशिक्षण केन्द्र के लिए 01 प्रशिक्षक नियुक्त किया जाना है। प्रशिक्षक के लिए योग्यता - फुटबाल में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी या सीनियर वर्ग की नेशनल ओपन चैम्पियनशिप में प्रतिनिधित्व या अंतर विश्व-विद्यालयीन फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व एवं प्रशिक्षण कार्य का अनुभव होना चाहिए। प्रशिक्षक भर्ती हेतु अभ्यर्थीयों को अपने बायोडाटा के साथ दिनांक 01 मार्च 2024 को सुबह 11 बजे कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सक्ती में उपस्थित होकर वाक इन इंटरव्यूव में शामिल होने हेतु प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारण से स्थगित किया गया था। उक्त प्रशिक्षक भर्ती हेतु 7 मार्च 2024 दिन गुरूवार को सुबह 11 बजे कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सक्ती में उपस्थित होकर वाक इन इंटरव्यूव में शामिल हो सकते है। निर्धारित समय के पश्चात् उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को शामिल नहीं किया जायेगा।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रशिक्षक के चयन पश्चात् भारत सरकार के खेलो इंडिया योजना के पोर्टल में प्रशिक्षक के बायोडाटा की एंट्री के पश्चात् भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षक के वेतन के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली राशि से प्रशिक्षक को प्रतिमाह 25,000 रूपये का वेतन, शासन के प्रचलित नियमानुसार प्रदान किया जायेगा। चयनित प्रशिक्षक को राज्य सरकार के किसी भी मद से वेतन भुगतान नहीं होगा और न ही चयनित प्रशिक्षक राज्य सरकार या स्थानीय प्रशासन से वेतन की मांग कर सकेगा। उक्त प्रावधानों के अनुरूप निर्धारित योग्यता रखने वाले प्रशिक्षक या खिलाड़ी को वाक इन इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया गया है।

## राजस्व निरीक्षक विभागीय परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

**जांजगीर/नवप्रदेश।** राजस्व निरीक्षक विभागीय परीक्षा में गड़बड़ी कर अपात्रों के चयन होने का आरोप लगाते हुए राजस्व पटवारी संघ ने मामले की उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच करने की मांग और सीएम को ज्ञापन सौपा। राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने बताया कि विभागीय राजस्व निरीक्षक परीक्षा 2023-24 का आयोजन 7 जनवरी 2024 को किया गया था। जिसमें प्रदेश के सभी जिले के पटवारियो ने आवेदन किया तथा परीक्षा भी दिलाई, लेकिन परीक्षा बाद राजस्व पटवारी संघ द्वारा उक्त परीक्षा के संबंध में घोर आपत्तियां प्रस्तुत की गई थी। जिसे राजस्व पटवारी संघ की प्रांतीय बैठक 28 जनवरी 2024 को राजधानी रायपुर में आहूत की गई थी, जिसमे उच्चस्तरीय जांच कराये जाने संबंध में संज्ञान लेते हुये राज्य शासन को पत्राचार भी किया गया लेकिन राज्य शासन द्वारा इस पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। परिणामस्वरूप राजस्व निरीक्षक परीक्षा का परिणाम 29 फ़रवरी 2024 का घोषित किया गया। राजस्व निरीक्षण प्रशिक्षण वर्ष 2024 के लिए चयन सूची में 216 को चयनित किया गया है। सूची में जिलेवार संख्यात्मक जानकारी प्रस्तुत की गई जो संदेहास्पद है। कई जिलों से भारी संख्या में तथा कुछ जिलों से केवल नाममात्र का चयन हुआ है जिससे कहीं न कहीं निष्पक्ष परीक्षा आयोजन में संदेह को जन्म दे रहा है। संघ के पदाधिकारियो ने बताया कि परीक्षा के पूर्व ही कोण्डागांव के पटवारियों ने आपत्तियां प्रस्तुत की गई थी। उन्होंने बताया कि आचार संहिता के दौरान सभी पटवारी चुनाव कार्य में संलग्न थे और आयुक्त कार्यालय विभागीय परीक्षा के विभिन्न चरणों की तैयारी कर रहा था, इसी दौरान ही पात्र अपात्र सूची, दावा आपत्ति मंगवाया गया, 2019 बैच के अनेक साथियों को परीक्षा से वंचित कर दिया। वर्तमान मंत्रीमंडल का गठन ही नहीं हुआ था और विभागीय परीक्षा को शासन के संज्ञान में लाए बिना संचालक महोदय द्वारा परीक्षा आयोजित करवाया जाना भी कहीं न कहीं निष्पक्ष परीक्षा को संदेहास्पद बना रहा है। राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने कहा कि राजस्व पटवारी संघ का भी आपकी सरकार पर पूर्ण विश्वास है कि जिस प्रकार आपने छ0ग0 पीएससी परीक्षा पर संज्ञान लेते हुये कार्यवाही प्रारंभ की है।

### शराब की अवैध बिक्री दो गिरफ्तार

**सक्ती।** जिले में अवैध शराब कारोबारियों व नशे के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के दिये दिशा निर्देश सभी थानों को दिए गए हैं। उक्त निदेशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया गायत्री सिंह के मार्गदर्शन पर सक्ती पुलिस सतत अभियान चला कर कारवाई कर रही है। अवैध शराब के विरुद्ध अभियान में कार्यवाही हेतु नगर निरीक्षक विवेक शर्मा के द्वारा टीम रवाना की गई थी । इस अभियान के दौरान सक्ति में एक व्यक्ति शिव सिंह सिदार के द्वारा महुआ शराब बिक्री करने की सूचना प्राप्त हुई,जहां जाकर चेक करने पर महुआ शराब बिक्री कर रहे शिव सिंह सिदार को महुआ शराब बेचते पाने पर कारवाई करते हुए, बरामद 6 लीटर महुआ शराब को जप्त करके आरोपी शिव सिंह सिदार निवासी मस्निया* को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया।

# आवासों को कॉलोनी का रूप देन प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण

### पीवीटीजी बसाहट जरहाडांड में लोगों से मिले कलेक्टर

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** पीएम जनमन योजनांतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर विलास भोस्कर द्वारा अधिकारियों को पीवीटीजी समुदाय की आवासीय सुविधा के मद्देनजर इन आवासों का निर्माण कॉलोनी के रूप में करने पर कार्ययोजना निर्माण हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर श्री भोस्कर ने स्वयं अम्बिकापुर के ग्राम पंचायत मलगवांखुर्द के आश्रित ग्राम रामनगर के जरहाडांड बसाहट में पहुंचकर संभावित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पहाड़ी कोरवा परिवारों हेतु आवास निर्माण को कॉलोनी के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्तावित भूमि का अवलोकन किया। उन्होंने सभी सुविधाओं एवं आवश्यकताओं का ध्यान रख निर्माण कराए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित क़िया। इस दौरान उन्होंने पीवीटीजी परिवारों से बात कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं पर चर्चा की और अधिकारियों को यथाशीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया।

**चेतावनी** — लंबित प्रकरणों का निराकरण 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से करने के निर्देश

# जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही।नवप्रदेश।** कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने जिला अधिकारियों को जन शिकायत एवं जनसमस्याओं के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समय सीमा के सभी लंबित प्रकरणों को अगले 15 दिनों में अनिवार्य रूप से निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने श्री रामलला दर्शन योजना, महतारी वंदन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, पीएम जनमन योजना सहित फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना के तहत विद्युत एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों को समन्वय से आगामी 31 मार्च तक शत प्रतिशत बैगा परिवारों के घरों का विद्युतीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत (डीआरडीए) से सभी बैगा जनजातियों के आधार कार्ड की सूची लेने और ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से शिविर लगाकर सभी बैगा जनों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैगा जनजाति के सभी घरों में नल जल कनेक्शन का कार्य पूर्ण करने तथा जहां नल कनेक्शन संभव नहीं हो पा रहा है वहां वैकल्पिक रूप से कुंआ के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने पीएम आवास, उज्जवला गैस कनेक्शन, जनधन खाता, केसीसी, वन अधिकार पट्टा, जाति प्रमाण पत्र, वोटर आईडी आदि से सभी बैगा जनजाति के लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जनसमस्याओं एवं जन शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का परीक्षण करने और जांच प्रतिवेदन के आधार पर शीघ्र निराकृत करने कहा। उन्होंने कहा कि नियमों-प्रावधानों के दायरे में नही आने पर प्रकरण को लंबित नहीं रखे, बल्कि कारण बताते हुए संबंधित आवेदक को सूचित करें। उन्होने मनरेगा के कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने, अधोसंरचना के कार्यों की तकनीकी स्वीकृति जारी करने, हाई कोर्ट के प्रकरणों का जवाब समय पर प्रस्तुत करने सहित जनहित के कार्यो को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकृत करेन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को नियमित रूप से मैदानी क्षेत्रों का भ्रमण करने और योजनाओं की प्रगति की जानकारी पोर्टल में दर्ज कराने तथा पोर्टल में किसी तरह ही तकनीकी समस्या आने पर स्टेट एवं सेंट्रल से बात कर तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होने सभी जिला अधिकारियों को समय का पाबंद होने और अवकाश के दिनों में उनके अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ने निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे, परियोजना निदेशक डीआरडीए केपी तेंदुलकर, संयुक्त कलेक्टर आनंद रूप तिवारी, एसडीएम मरवाही दिलेराम डाहिरे एवं पेंड्रारोड अमित बेक, सीएमएचओ डॉ. आइ नागेश्वर राव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ ललित शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी जेके शास्त्री, उप पुलिस अधीक्षक मीरा अग्रवाल सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर 11 लोग न्यायालय में पेश

**लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश।** थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त ऐसे 11 लोगों के नाम न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर लखनपुर पुलिस ने वारंटियों को गिरफतार कर न्यायालय पेश किया है। 4 मार्च को 6 लोगों को न्यायालय पेश किया गया जहां सभी वारंटी जमानत पर रिहा हुये। वहीं 5 मार्च को एक वारंटी के फौत हो जाने कारण मृत्यु प्रमाण पत्र सहित 5 वारंटियों को गिरफतार कर न्यायालय के सुपुर्द किया गया। जिसमें उसीन राजवाड़े, श्रीमती श्रीदेवी राजवाड़े ग्राम सिगीटाना, दिनेश साहू, ग्राम लटोरी, मोती लाल ग्राम अधला संतोषी सारथी के नाम जारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। पुलिस की मानें तो सभी वारंटियों के नाम न्यायालय में मुकदमा चल रहा है तथा पेशी में हाजिर नहीं होने कारण इनके नाम माननीय न्यायालय ने वारंट जारी किये थे। पुलिस उक्त सभी वारंटियों को गिरफतार कर न्यायालय पेश किया।

■ न्यूज गैलरी

## लोकसभा आम निर्वाचन के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज और कल

**बालोद/नवप्रदेश।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफ्लतापूर्वक संचालन हेतु मतदान दलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के रूप में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 06 एवं 07 मार्च को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। श्री कौशिक ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर प्रशिक्षण हेतु उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## स्कूलों में अग्निवीर भर्ती में रोजगार देने पंजीयन 9 को

**पिथौरा/नवप्रदेश।** शासकीय रणजीत कृषि उच्चत माध्यमिक.विद्यालय (सेजेस) में 09 मार्च 2024 को समय दोप. 01 बजे से 4 बजे तक अग्निवीर भर्ती द्वारा सेना में रोजगार उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से शारीरिक मापजोख और पंजीयन कार्य किया जाएगा जिसमें विद्यालयीन और गैर विद्यालयीन छात्र, बेरोजगार युवा इच्छुक प्रतिभागी अपने सभी शैक्षणिक योग्यता के साथ जिसमें 08 वीं पास होना अनिवार्य है के साथ, आयु कम से कम 17 वर्ष 6 माह और अधिकतम 21 वर्ष है वे अपनी उपस्थिति देकर शिविर का लाभ ले सकते हैं। पिथौरा विकास खण्ड के समस्त हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं कालेज, आई टी.आई के समस्त बच्चे लाभार्थी होंगे। उक्त शिविर के लिए विकास खण्ड के नोडल अधिकारी योगेश सोनवानी एवं समस्त व्यायाम शिक्षक (पी.टी.आई) परीक्षण एवं पंजीयन हेतु उपस्थित रहेंगे। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के.के.ठाकुर ने समस्त युवाओ, छात्र-छात्राओं से शिविर का लाभ लेने अपील की है।

## आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगांव/नवप्रदेश।** 4 को एसपी राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव मे मर्ग क्र0 98/22 धारा- 174 जा0फौ0 की मर्ग डायरी के जांच क्रम मे पंचानो व गवाहों का कथन लिया गया है एवं मृतिका के पास से मिले सुसाईडल नोट का परीक्षण ह्स्ष्ठ शाखा पुलिस मुख्यालय रायपुर से कराया गया है , विशेषज्ञ के द्वारा सुसाईडल नोट को मृतिका के ही हस्तलिखित होना लेख किया गया है , मृतिका ने अपने सुसाईडल नोट मे कोमेश राणा निवासी ग्राम बननवागांव के द्वारा ईज्जत के साथ खिलवाड करना के संबंध मे लेख किया गया है , मृतिका का शव का पीएम एवं गवाहों तथा पंचाणों का कथन किया गया है , जांच पर आरोपी कोमेश राणा के द्वारा मृतिका को प्रेम प्रसंग मे फ्साकर बाद मे उसे निराश करके आत्महत्या करने पर विवश करना पाया गया है , जो कृत्य अपराध धारा-306 भादवि का घटित होना पाया गया । आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से आज दिनांक 04.03.2024 के 12.10 बजे गिर0 किया गया है । आरोपी के ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है ।

# अबकी बार 400 पार के लक्ष्य के साथ 11 लोकसभा सीटों पर खिलेगा कमल : चैतराम

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** भाजपा दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से लगातार ग्रामीण छेत्रो का दौरा कर रहे है जिसके तहत आज वे भोगाम पहुंचे जहा उन्होंने ग्रामीणों तथा भाजपा कार्यकर्ताओ से मुलाकात किया।

आलनार में स्कूल का निरिक्षण कर बच्चो से मुलाकात किया एवं फ्रसपाल में मेला में शामिल होकर देवी देवताओ के दर्शन के साथ ग्राम के वरिष्ठ,पेरमा,गायता व बीजेपी के

कार्यकर्ताओ से मुलाकात किया 7 भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव की तरह पुरे आत्मविश्वास के साथ लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों की घोषणा में भी अन्य राजनितिक दलों से अग्रणी रही और महेश कस्यप को बस्तर लोकसभा छेत्र से पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है, लोकसभा सदस्य उम्मीदवार घोषित होने के पश्चात महेश कश्यप बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दर्शन करने दंतेवाड़ा पहुंचे।

विधायक चैतराम अटामी भी सांसद प्रत्याशी महेश कश्यप के साथ माँ दंतेश्वरी के दर्शन एवं प्रचंड मत से जीत का आशीर्वाद लेने देवी दरबार पहुंचे थे 7 विधायक चैतराम अटामी ने कहा की कि विधानसभा चुनाव में मुखरता और प्रखरता से भाजपा ने नारे लगाए और भाजपा के नारे को जनता ने स्वीकार किया,और आज जब लोकसभा का चुनाव हो रहा है तब पूरा देश एक ही नारा लगा रहा है- फ्रि एक बार, मोदी सरकार; अबकी बार 400 पार।

श्री अटामी ने कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में 'अऊ नई सहिबो बदल के रहिबो' का नारा जनता ने स्वीकार किया, उसी तरह अबकी बार 400 पार का नारा जनता स्वीकार कर रही है।

# विधायक निर्वाचित होने के बाद पुरंदर मिश्रा के प्रथम नगर आगमन पर लोगों ने किया स्वागत

**पिथौरा/नवप्रदेश।** रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरन्दर मिश्रा के निर्वाचित होने के बाद प्रथम पिथौरा नगर आगमन पर उनका नगरवासी पिथौरा एवं समस्त समाज के लोगों ने स्वागत किया। कृषि उपज मंडी के सामने कलार समाज के सीताराम सिन्हा, प्रमिला पुनीत सिन्हा के नेतृत्व में समाज के लोगों ने श्रीफ्ल से पुरन्दर मिश्रा को तौल कर बधाई दी। इसके बाद नगर के प्रमुख बार चौक पर प्रियांशु दीक्षित व गोविंद शर्मा के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ केला फ्ल से तौल कर स्वागत किया। स्वागत की कड़ी में ब्राह्मण धर्मशाला के सामने समाज के अध्यक्ष कांशीराम भकलु शर्मा, पीसी सामन्तराय के नेतृत्व में पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ धान से तौल कर बधाई दी। अधिकारी- कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष उमेश दीक्षित के नेतृत्व में कर्मचारी संगठन, सचिव संघ ने माला से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं की नारेबाजी व आतिशबाजी करते हुए पुरन्दर मिश्रा को मंडी से स्थानीय विश्राम गृह तक लाया गया। इसके बाद समस्त समाज के लोगों ने पुष्प मालाओं व प्रतीक चिन्हों से स्वागत किया। सभा को सम्बोधित करते हुए जनता के सभी कार्यों और

क्षेत्र के पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि मैं रायपुर उत्तर विधानसभा से निर्वाचित होकर प्रथम बार अपने जन्म स्थली और अपनों के बीच उपस्थित हुआ हूं और आत्मीय स्वागत से अभिभूत हूं। यह पिथौरा बसना क्षेत्र में विगत 30 वर्षों से मेरा कर्मस्थली रहा है। क्षेत्र की जनता के दुख, दर्द में सदैव सम्मलित रहा हूं। विकास करने के लिए तत्पर रहूंगा। आप सभी के सहयोग व आशीर्वाद से मैं विधानसभा तक पहुंचा। मैं रायपुर विधायक हूं तो क्या हुआ अपने घर परिवार को कोई कभी नहीं भूलता। पिथौरा व बसना क्षेत्र मेरा घर है। यहां के सभी लोग मेरे भाई, बहन, परिवार के सदस्य हैं। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष देवेश निषाद, अनन्त सिंह वर्मा, राधे लाल साहू, सीताराम सिन्हा, प्यारेलाल कोसरिया, हरजिंदर सिंह पप्पू, आशीष शर्मा, वीरेंद्र तिवारी, किरण सिन्हा, नीता डड़सेना, पूजा डड्सेना, मुरली प्रधान, सुधीर प्रधान, सचिन प्रधान, थबिर साहू, रामु तिवारी, अंजलि पांडे, सचिन प्रधान, ननद कुमार साहू, हीरा साहू, यशवंत डड़सेना, मुरली साव, विनय गार्डिया, हरिहर यदु, राकेश दीक्षित, उमेश साहू, अमन अग्रवाल, मनराखन ठाकुर, पीएल मिश्रा, राजा शुक्ला, ऋषिकेश शुक्ला, उमेश दीक्षित, आलोक त्रिपाठी, साहू समाज के अध्यक्ष मनोहर साहू, पुनीत सिन्हा, रोहणी देवांगन, डोलामनी साहू, द्वारिका पटेल, रैदास गोयल, सरपंच भिथिडीह शैलेन्द्र शैलू डड़सेना, मुन्नी बाई, राजेश गोयल जित्तु, योगेंद्र सिंहा, ओम सिन्हा, आत्माराम गजेंद्र, राजेन्द्र सिन्हा, पुरषोत्तम घृतलहरे, बिनोद सिन्हा, लेखराम साहू आदि उपस्थित थे।

## राजस्व निरीक्षक विभागीय परीक्षा की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**कोंडागांव/नवप्रदेश।** राजस्व निरीक्षक विभाग की परीक्षा 2023 24 की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग को लेकर पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष भागवत कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ज्ञापन सोपा है इस संबंध में पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विभागीय राजस्व निरीक्षक परीक्षा 2023-24 को आयोजन 7 जनवरी 24 को किया गया था इसमें प्रदेश के सभी जिलों के साथियों ने आवेदन किया तथा परीक्षा भी दिलाई परंतु परीक्षा उपरांत राजस्व पटवारी संघ के साथियों द्वारा उक्त परीक्षा के संबंध में घोर आपत्तियां प्रस्तुत की गई थी जिसे राजस्व पटवारी संघ की प्रान्तीय बैठक 28 जनवरी को रायपुर में आहूत की गई थी में उच्च स्तरीय जांच कराए जाने संबंध में संज्ञान लेते हुए राज्य शासन को पत्राचार भी किया गया , परंतु राज्य शासन द्वारा इस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई परिणाम स्वरूप राजस्व निरीक्षक परीक्षा का परिणाम 29 फ्रवरी को घोषित किया गया । राजस्व निरीक्षण प्रशिक्षण वर्ष 2024 हेतु चयन सूची में 216 को चयनित किया गया है। जिसकी सूची पत्र के साथ सलग्न है। सूची में जिलेवार संख्यात्मक जानकारी प्रस्तुत की गई जो संदेहास्पद है। कई जिलों से भारी संख्या में तथा कुछ जिलों से केवल नाम मात्र का चयन कहीं ना कहीं निष्पक्ष परीक्षा आयोजन में संदेह को जन्म दे रहा है। इस संबंध में परीक्षा के पूर्व ही कोंडागांव के साथियों ने आपत्तिया की थी।

आचार संहिता के दौरान सभी पटवारी चुनाव कार्य में संलग्न थे और आयुक्त कार्यालय विभागीय परीक्षा के विभिन्न चरणों की तैयारी कर रहा था ,इसी दौरान ही पात्र अपात्र सूची दावा आपत्ति मंगवाया गया ,2019 बैच के अनेक साथियों को परीक्षा से वंचित कर दिया गया। वर्तमान मंत्रिमंडल का गठन भी नहीं हुआ था और विभाग की परीक्षा को शासन के संज्ञान में ले बिना संचालक महोदय ने परीक्षा आयोजित करवा दिया । इससे निष्पक्ष परीक्षा को लेकर संदेह पैदा होता है। जिस प्रकार छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई प्रारंभ की है उसी प्रकार विभागीय राजस्व निरीक्षक परीक्षा पर संज्ञान लेते हुए दोषी अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही कर योग्य परीक्षार्थियों के साथ न्याय करेंगे अतः विभागीय राजस्व निरीक्षक परीक्षा 2023 - 24 पर आवश्यक जांच करने करवट अनुरोध किया गया है।

## जनहित से सरोकार होता तो विधानसभा चुनाव में नहीं मिलती करारी हार: संतोष गुप्ता

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** भाजपा जिला महामंत्री संतोष गुप्ता ने जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा की जनहित नहीं परिवारहित कांग्रेस की निति एवं परंपरा रही है इसलिए कांग्रेस की राजनीती राष्ट्रिय,प्रदेश से लेकर जिला तक एक ही परिवार के इर्द गिर्द रहती है।

श्री गुप्ता ने कहा की अगर जनहित सर्वोच्च प्राथमिकता होती तो विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना नहीं करना पड़ता उस परिवार को जिसने कयी दशकों तक सत्ता में रहते हुए भी जनता का नहीं पर सिर्फ परिवार का विकास किया जिसके परिणाम के तहत कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता अपने आप को छला हुआ मह्सूस करते हुए पूरे चुनाव में गायब रहे । श्री गुप्ता ने कहा की दंतेवाड़ा-बचेली सड़क पर जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ओछी राजनीती कर रही है शायद वे भूल गयी है की यह निर्माणाधीन सड़क कांग्रेस के सरकार के समय से ही बन रही है,भाजपा सरकार बनते ही कार्य में तेजी लायी गयी,चक्काजाम सिर्फ और सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए एक राजनीतिक टूल किट है जो नाकाम सबित्त होगा 7 श्री गुप्ता ने कहा की लगातार विधायक चैतराम सड़क निर्माण में तेजी लाने प्रयासरत है और जल्द ही सड़क बन कर तैयार दिखेगी साथ ही रेलिंग भी कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बना जिसका जनता की आवाज बन कर भाजपा ने लगातार विरोध भी किया पर भ्रष्टाचार,अहंकार और निजी हित में मग्न कांग्रेस के किसी नेताओ को नहीं दिखा।

## दिवंगत शिक्षक एलबी संवर्ग के परिजन को परिवार पेंशन लाभ मिलना प्रारंभ : सीजीटीए

**कोंडागांव/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन (सीजीटीए) की प्रांतीय वर्चुएल बैठक प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व वित्त मंत्री को दिए गए ज्ञापन चर्चा की जानकारी विस्तार से दी गयी । प्रथम नियुक्ति के आधार पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन देने, पेंशन हेतु 33 वर्ष की सेवा के स्थान पर केंद्र, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड की तरह 33 वर्ष की जगह 20 वर्ष करने, वेतन विसंगति को दूर करने, क्रमोन्नति वेतनमान पूर्व सेवा के आधार पर निर्धारित करने, प्राचार्य के पद पर एल बी संवर्ग के व्याख्याता को पदोन्नति

करने, व्याख्याता, शिक्षक व प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति करने, लंबित 4 त्न महंगाई भत्ता देने की मांग पर तथ्य के आधार पर चर्चा की गई,,प्रमुख मांगो के अलावा पूरक मांग पत्र तैयार करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन प्रांतीय सचिव मनोज सनाढ्य ने किया, बैठक को वाजिद खान, बसंत चतुर्वेदी, शैलेन्द्र पारीक, उदय प्रताप सिंह, रमेश चंद्रवंशी सहित पदाधिकारियों ने संबोधित किया, बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी व जिला अध्यक्ष ने विचार रखा।छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा स्थानीय व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो को ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया गया है । शीघ्र ही वित्त व शिक्षा सचिव से मुलाकात करने पर चर्चा हुई ।

कर्मचारियों को कैशलेश इलाज की सुविधा हेतु निर्णय कराने सार्थक प्रयास किया जाएगा। दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को पेंशन, ग्रेच्युटी, जीआईएस, अर्जित अवकाश नगदीकरण हेतु आवश्यक प्रयास करने सभी जिला व ब्लाक अध्यक्षों को निर्देशित किया गया। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोण्डागांव जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन घोषणानुसार छत्तीसगढ़ में ओपीएस विकल्प भरने वाले शिक्षक एलबी संवर्ग के दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को परिवार पेंशन का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है । इस तारतम्य में सभी जिला व ब्लाक में बैठक में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ताकि विभिन्न जानकारियां संग्रहित कर प्रक्रिया पूर्ण करवाया जा सके। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोण्डागांव की जिला स्तरीय बैठक 10 मार्च 2024 को कोण्डागांव में आयोजित की जाएगी।

## 37 युवाओं को कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

**कोंडागांव/नवप्रदेश।** जिले के 37 युवाओं का अग्निवीर में चयन होने पर जिला कलेक्टर कुनाल दुदावत के द्वारा पुष्पमाला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । विदित हो कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा कोंडागांव जिले में युवाओं को अग्निवीर भर्ती में जाने के लिए निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दिया गया था, जिसके फ्लस्वरूप जांजगीर चांपा में आयोजित अग्निवीर की भर्ती में कोंडागांव जिले के 37 युवाओं का चयन हुआ है, इसी कड़ी में आज जिला रोजगार कार्यालय एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा अग्निवीर भर्ती में चयनित युवाओं के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया । कलेक्टर कुणाल दुदावत ने चयनित युवाओं को बहुत-बहुत बधाई दी और उनके उज्जवल

भविष्य की कामना की साथ ही उनसे कहा कि वे जिस गांव में रहते हैं वहां के युवाओं को भी सेना में जाने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कोंडागांव जिले के पूर्व सैनिक निरंतर युवाओं को सेना में जाने के लिए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दे रहे हैं जिससे कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

## राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें : कलेक्टर

**बिलाईगढ़/नवप्रदेश।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लिया। कलेक्टर ने बैठक की शुरूआत में जिले में कार्यरत राजस्व अधिकारियों, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक पटवारी की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों की त्वरित निराकरण करें। रिकार्ड दुरूस्ती 24 घंटे में हो। राजस्व निरीक्षक (आरआई) अपने अधीनस्थ पटवारी के ऑनलाइन और उनके पास कार्यालयीन भौतिक दस्तावेज रिकार्ड को दुरूस्त कराएं।

कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि किसी भी राजस्व प्रकरण में आवश्यकतानुसार ही पेशी की तारीख दें। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी जो अधीनस्थ न्यायालय की जांच करते हैं वे जांच सही हो। जांच ऐसी होनी चाहिए कि जिससे व्यवस्था में सुधार हो। कलेक्टर श्री साहू ने बैठक में सीमांकन, बटांकन, जाति, निवास, आय, अविविादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, डिजिटल हस्ताक्षर, अभिलेख शुद्धता, छुटे हुए खसरा, नक्शा विहीन खसरा, खसरा विहीन नक्शा, संयुक्त खातादार आदि के संबंध में

अधिकारियों से चर्चा किए और निर्देश दिए कि सभी कार्य में आज के रिकार्ड और भविष्य में इस प्रकरण का निराकरण शीघ्र करके दें। इसी प्रकार कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि ऐसे व्यक्ति जो कई वर्षों पहले से मृत हैं, तो उनका फौती नामांतरण का कार्य उस मृत के वारिसों का नही हैं, पटवारी का काम है कि वो उस मृत व्यक्ति का फौती नामांतरण कराए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, तहसीलदारगण उपस्थित थे।

## महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन 7 को

**बालोद/नवप्रदेश।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महतारी वंदन सम्मेलन जिला मुख्यालय बालोद स्थित टाउन हॉल में 7 मार्च को सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि प्रदान किया जाना है।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। इसके अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद को संपूर्ण कानून व्यवस्था तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बालोद को संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह तहसीलदार बालोद को मंच एवं बैठक व्यवस्था, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला सूचना अधिकारी एवं एन.आई.सी. के ई. डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को एल.ई.डी. प्रोजेक्टर, वीडियो कैमरा एवं ऑनलाईन संवाद की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी को विभागीय गतिविधियों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित होने वाली विवाहित महिलाएं, महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह उपसंचालक पंचायत बालोद को विभागीय स्टॉल व्यवस्था, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी को मंच एवं कार्यक्रम स्थल पर माइक, प्रकाश की व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंम्पनी बालोद को मंच एवं कार्यक्रम स्थल पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं जनरेटर की व्यवस्था आदि।

# उत्कृष्ट इमली संग्रहण, भंडारण एवं प्रसंस्करण संबंधी कार्यशाला प्रारंभ

■ **350 प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया।**

**कोण्डागांव/नवप्रदेश।** इमली संग्रहण, भंडारण एवं प्रसंस्करण हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ केशकाल के ईको पर्यटन केन्द्र टाटामारी में किया गया।

इस कार्यशाला में 12 जिला यूनियन से संग्राहक, समूह सदस्य, वनधन मित्र, इंटर्न, कृषक, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ एक्सी एवं उप प्रबंधक संचालकों तथा संघ मुख्यालय से उपस्थित विशेषज्ञ, लैब

एनालिस्ट सहित लगभग 350 प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया। इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को इमली के संग्रहण प्रक्रिया भंडारण एवं प्रसंस्करण कर छिलका सहित इमली से आटी इमली एवं उत्कृष्ट फूल इमली प्राप्त करने तथा पलटा फूल तैयार कर पैकिंग की पध्दति से कार्यशाला में समूह सदस्यों से उनके द्वारा ही कार्य करने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। कार्यशाला में अपर प्रबंध संचालक बी. आनंद बाबू, मुख्यवनसंरक्षक कांकेर डॉ. के. मेचियो, संग्रहण विशेषज्ञ हेमन्त पांडे , वनमंडलाधिकारी केशकाल एन गुरुनाथन, उप वनमंडलाधिकारी केशकाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला प्रारंभ की गई। मुख्य वनसंरक्षक कांकेर वृत्त ने कार्यशाला के प्रतिभागीयों को इमली के उत्कृष्ठ एवं वैज्ञानिक पद्धति से संग्रहण एवं प्रसंस्करण करने पर इमली का निर्यात होने की संभावना एवं उचित मूल्य प्राप्त होने के संबंध में जानकारी दी।

कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट गुणवत्तायुक्त प्रसंस्करण के अभ्यास कार्य में बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## प्लेसमेंट कैंप 7 मार्च तक

**बालोद/नवप्रदेश।** जिले के विभिन्न विकासखण्डों में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई के द्वारा 05 मार्च से 07 मार्च तक सुबह 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**संशोधित मैन्युअल निविदा सूचना**

नि.क्र.59/न.पा.नि./जनकार्य-06/2023-24 दिनांक 05/03/2024

नगर पालिक निगम बिलासपुर जोन क्र. 06 के कार्यालयीन प्रथम निविदा न.पा.नि./जोन-06/ 2023-24 बिलासपुर दिनांक 04.03.2024 के द्वारा प्रथम निविदा आमंत्रित किया गया था। उक्त निविदा में त्रुटि वंश निविदा क्र. नही होने के कारण उक्त निविदा को संशोधित करते हुए निविदा क्र. 59 एवं निविदा तिथि एवं नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान।

जोन कमिश्नर, जोन क्रमांक-06
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

# गोल्ड लोन मंजूर करने और वितरण पर आरबीआइ की रोक

## पुराने लोन की सेवाएं जारी रखने की इजाजत

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड को निर्देश दिया कि वह तत्काल प्रभाव से अपने किसी भी गोल्ड लोन को मंजूरी देना या वितरित करना या किसी भी गोल्ड लोन को असाइन करना/प्रतिभूत करना/बेचना बंद कर दे। आरबीआई ने कहा, हालांकि, कंपनी सामान्य संग्रह और पुनर्प्राप्ति प्रक्रियाओं के जरिए अपने मौजूदा स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की सेवा जारी रख सकती है। उसने कहा कि आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के उसके निरीक्षण से कंपनी के स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में सामग्री पर्यवेक्षी चिंताओं का पता चला है, जिसमें ऋण की मंजूरी के समय और डिफॉल्ट पर नीलामी के समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन की जांच व प्रमाणित करने में गंभीर विचलन शामिल हैं। निरीक्षण में ऋण-से-मूल्य अनुपात में उल्लंघन भी पाया गया। वैधानिक सीमा से कहीं अधिक नकदी में ऋण राशि का महत्वपूर्ण संवितरण और संग्रहण; मानक नीलामी प्रक्रिया का पालन न करना और आईआईएफएल द्वारा ग्राहक खातों पर लगाए जाने वाले शुल्कों में पारदर्शिता की कमी पाई गई। आरबीआई ने बताया कि ये प्रथाएं, नियमों के उल्लंघन के अलावा, ग्राहकों के हितों पर भी अहम और प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

पिछले कुछ महीनों में आरबीआई इन कमियों पर कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन और वैधानिक लेखा परीक्षकों के साथ बातचीत कर रहा है। हालांकि, अब तक कोई सार्थक सुधारात्मक कार्रवाई सामने नहीं आई है। आरबीआई ने कहा, इससे ग्राहकों के समग्र हित में तत्काल प्रभाव से व्यावसायिक प्रतिबंध लगाना जरूरी हो गया है। केंद्रीय बैंक के बयान में कहा गया है कि यह व्यावसायिक प्रतिबंध किसी भी अन्य नियामक या पर्यवेक्षी कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना है, जिसे कंपनी के खिलाफ आरबीआई द्वारा शुरू किया जा सकता है।

# सेमीकंडक्टर्स में निवेश का डच कंपनियों के लिए भारत एक अच्छा स्थान : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे भारत अपनी सेमीकंडक्टर की यात्रा शुरू कर रहा है, यह डच कंपनियों को निवेश के लिए अपार अवसर प्रदान कर रहा है। यह बात मंगलवार को एक आई एक रिपोर्ट में कही गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, विशेष रूप से सेमीकंडक्टर के डिजाइन और उत्पाद की खपत मे। सरकारी नीतियों की वजह से सेमीकंडक्टर विनिर्माण में निवेश भी बढ़ रहा है।इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) और नीदरलैंड इनोवेशन नेटवर्क व भारत में नीदरलैंड के दूतावास ने 'इंडो-डच सेमीकंडक्टर अवसर' नामक एक नई रिपोर्ट लॉन्च की।भारत, नेपाल और भूटान में नीदरलैंड की राजदूत मारिसा जेराईस ने कहा, यह रिपोर्ट प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जहां प्रगति और समृद्धि सभी के लिए सुलभ हो।भारत का लक्ष्य पांच वर्षों में 85 हजार सेमीकंडक्टर पेशेवर तैयार करना है।रिपोर्ट में छात्रों के आदान-प्रदान के माध्यम से ज्ञान साझा करने और कौशल विकास को बढ़ावा देने वाले संभावित कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला गया। आईईएसए के चेयरपर्सन संजय गुप्ता ने कहा, हमें उम्मीद है कि यह रिपोर्ट दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग को प्रेरित करेगी। आईईएसए के प्रेसीडेंट अशोक चांडक ने कहा कि रिपोर्ट उद्योग, शिक्षाविदों, अनुसंधान, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण आदि में अवसरों के संभावित क्षेत्रों को स्पष्ट करती है।

## एलन मस्क की मुश्किलें बढ़ी, 128 मिलियन डॉलर का भुगतान नहीं करने पर एफआईआर

**सैन फ्रांसिस्को।** ट्विटर (अब एक्स) के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल सहित तीन कर्मचारियों ने एलन मस्क पर 128 मिलियन डॉलर नहीं चुकाने को लेकर उनके खिलाफ मुकदमा दायर करने का ऐलान किया है। पराग अग्रवाल, मुख्य वित्तीय अधिकारी नेड सेगल पूर्व ट्विटर कानूनी और नीति प्रमुख विजया गड्डे और पूर्व ट्विटर जनरल काउंसिल सीन एडगेट ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। एक फॉलोवर ने पोस्ट किया कि पराग अग्रवाल ने एलन मस्क पर मुकदमा दायर किया है, तो इस पर मंगलवार को मस्क ने सिर्फ एक इमोजी डालकर अपनी प्रतिक्रिया दी। मुकदमे में दावा किया गया कि टेस्ला के सीईओ ने सार्वजनिक रूप से लगभग 200 मिलियन डॉलर के उनके भुगतान को रोकने की कसम खाकर उनके प्रति विशेष गुस्सा दिखाया, जब उन्होंने 2022 में 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया। अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर मुकदमा में कहा गया है, मस्क के नियंत्रण में ट्विटर कर्मचारियों, मकान मालिकों, विक्रेताओं और अन्य लोगों को परेशान करने वाला एक उपहास बन गया है। मस्क अपने बिलों का भुगतान नहीं करते हैं, उनका मानना है कि नियम उन पर लागू नहीं होते हैं, और जो कोई भी उनसे असहमत है, उसके साथ दुर्व्यवहार करने के लिए अपने धन और शक्ति का उपयोग करते हैं। अक्टूबर 2022 में, मस्क ने अग्रवाल, गड्डे और सेगल को सूचित किया कि कंपनी के साथ उनका संबंध खत्म कर दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब तीनों शीर्ष अधिकारियों ने कंपनी छोड़ी तो उनके पास 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा का एग्जिट पैकेज था।

# टाटा मोटर्स ने नया ऑलटाइम हाई बनाया एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स का शेयर 58 फीसदी चढ़ा

## सेंसेक्स 195 अंक गिरकर 73,677 पर बंद



**मुंबई।** शेयर बाजार में सेंसेक्स 195 अंक गिरकर 73,677 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 49 अंकों की गिरावट रही। ये 22,356 के स्तर पर बंद हुआ। बैंकिंग शेयरों में आज तेजी देखने को मिली है। वहीं कॉमर्शियल और पैसेंजर व्हीकल बिजनेस के डिमर्जर की घोषणा के बाद टाटा मोटर्स के शेयर ने नया ऑलटाइम हाई बनाया है। कारोबार के दौरान ये 1,065.60 के स्तर तक पहुंचा। इस साल अब तक टाटा मोटर्स करीब 30 प्रतिशत चढ़ चुका है।

एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स का शेयर BSE पर 85.9 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 264 रुपए पर लिस्ट हुआ। हालांकि इसके बाद इसमें थोड़ी गिरावट देखने को मिली और ये 82.95 रुपए (58.42%) की बढ़त के साथ 224.95 रुपए पर बंद हुआ। इसका इश्यू प्राइस 142 रुपए का था। इसके अलावा प्लेटिनम इंडस्ट्रीज का शेयर BSE पर 33.3% प्रीमियम के साथ 228 रुपए पर लिस्ट हुआ। हालांकि, बाद में इसमें थोड़ी गिरावट देखने को मिली और ये 50.20 रुपए (29.36%) की बढ़त के साथ 221.20 रुपए पर बंद हुआ। इसका इश्यू प्राइस 171 रुपए था।

### जेजी केमिकल्स लिमिटेड के आईपीओ में निवेश का मौका

रिटेल निवेशकों के लिए ओपन होगा। इस IPO के लिए 7 मार्च तक बोली लगा सकेंगे। 13 मार्च को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर लिस्ट होंगे। JG केमिकल्स लिमिटेड ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 210-221 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 67 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप IPO के अपर प्राइस बैंड 221 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,807 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 871 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं।

# एमएसएमई के लिए सरकार का बड़ा कदम

## पेमेंट नियमों में हो सकता है बदलाव

**नई दिल्ली।** अगर आप बिजनेस करते हैं तो ये खबर आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि सरकार पेमेंट नियमों में बदलाव करने जा रही है। वित्त मंत्रालय एमएसएमई के लिए 45 दिन पेमेंट नियम के कार्यान्वयन को अप्रैल 2025 तक स्थगित कर सकता है।

सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्रालय इनकम टैक्स एक्ट के तहत नियम 43B(h) लागू करने को स्थगित करने पर विचार कर रहा है, जो 45 दिनों के भीतर माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (MSMEs) को पेमेंट अनिवार्य करता है। कहा गया है कि यह प्रस्तावित स्थगन पूरे वित्त वर्ष तक चलने की उम्मीद है, जबकि नियम 1 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होने की उम्मीद है। फाइनेंस एक्ट 2023 ने इनकम टैक्स में संशोधन किया था। इसके तहत पेमेंट पूरा करने के लिए 45 दिन की लिमिट निर्धारित की है। इस टाइमलाइन का पालन नहीं करने पर पेंडिंग पेमेंट को इनकम माना जाएगा और टैक्सेशन के अधीन किया जाएगा। इससे पहले इंडस्ट्री ने वित्त मंत्रालय से इस नियम के कार्यान्वयन की टाइमलाइन पर पुनर्विचार करने की अपील की थी। इंडस्ट्री बॉडीज ने वित्त मंत्रालय को दिए अपने प्रस्ताव में व्यवसायों को आवश्यक एडजस्टमेंट पीरियड प्रदान करने के लिए एक्ट में संभावित बदलाव का सुझाव दिया है।



# छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग,आईपीएल और टीम इंडिया में दस्तक का सुनहरा अवसर

हमारे विशेष खेल संवाददाता
नितेश छाबड़ा की विशेष रिपोर्ट

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने पिछले दिनों प्रेस वार्ता कर आगामी जून माह में छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) के आयोजन का ऐलान किया है। यह जानकारी भी दी गई कि इस लीग के लिए बीसीसीआई से हरी झंडी मिल चुकी है और इसका आयोजन बीसीसीआई की छत्रछाया में उनके ही मार्गदर्शन से होगा। इस ऐलान से छत्तीसगढ़ के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। दरअसल राज्य के युवा क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा के अनुरूप प्रदर्शन के लिए बहुत अधिक मौके नहीं मिल पाते। ऐसे क्रिकेटर जो भविष्य में आईपीएल एवं भारतीय टीम की ब्लू जर्सी का सपना देखते है, उन्हें इस टूर्नामेंट से सपनों को साकार करने के लिए एक बड़ा कदम आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा।

सितंबर 2023 में भी छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने एक प्रेस वार्ता बुलाई थी, जिसमें अक्टूबर 2023 में छत्तीसगढ़ आमंत्रण टूर्नामेंट के आयोजन के संबंध में जानकारी दी गई थी। उसी दौरान मैंने सवाल किया था कि क्या यह टूर्नामेंट आने वाले समय में छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आधार बनेगा, तब उन्होंने जवाब दिया था कि ÷बिल्कुल हम अपने राज्य में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में अपने खिलाड़ियों के पूल को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे आगे हमें प्रीमियर लीग के लिए अनेक खिलाड़ी तैयार नजर आएँ। इसके बाद हम छत्तीसगढ़ राज्य में लीग का आयोजन करने में समर्थ होंगे÷

अब यह आयोजन आकर लेने लगा है। पिछले कुछ समय से छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के आला अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी एक्शन मोड़ में नजर आ रहे हैं। अक्टूबर 2023 में संघ ने महिला एवं पुरुष वर्ग के आमंत्रण टूर्नामेंट के आयोजन किया, फिर बीसीसीआई के राष्ट्रीय महिला टूर्नामेंट के अंतिम चरण के मैच और फाइनल का आयोजन किया। इसके अलावा बोर्ड की अलग अलग ट्रॉफी के मैचों के साथ साथ इस सत्र में रायपुर के स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी के भी चार मैचों का आयोजन हुआ है। साथ ही बोर्ड के विभिन्न कैटेगरी के मैच और राज्य संघ के विभिन्न वर्ग के टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को अच्छी सुविधाएं भी संघ ने उपलब्ध कराई हैं, मसलन प्रैक्टिस, टूर के दौरान ठहरने के लिए अच्छे होटल्स और एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए सही ट्रांसपोर्ट सुविधा इनमें से मुख्य है। इन सुविधाओं का मकसद बिल्कुल साफ था कि खिलाड़ियों का मुख्य फोकस अपने खेल को निखारने और अच्छे प्रदर्शन पर रहे। यह कार्य क्रिकेट संघ ने बखूबी किया है। बात की जाए इस लीग की तो प्रारंभिक तौर पर यह जानकारी सामने आई है कि इस टूर्नामेंट में सिर्फ छत्तीसगढ़ के ही खिलाड़ी ही प्रतिभागी होंगे। यह एक बहुत ही अच्छा फैसला है। इन खिलाड़ियों को चार कैटेगिरी में रखा जाएगा। ए कैटेगरी में आइकॉन खिलाड़ी होंगे। बी में रणजी खिलाड़ी, सी केटेगरी में अंडर 19 खिलाड़ी और डी में जिले स्तर पर खेल रहे खिलाड़ियो को मौका दिया जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 6 टीमें होंगी और हर टीम में 16 से 20 खिलाड़ी तक हो सकते हैं। इस तरह देखा जाए तो 100 से 120 खिलाड़ियों को इस लीग में मौका मिलेगा। इस टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण टीवी के साथ साथ इंटरनेट मीडिया पर भी होगा। जल्दी ही टीम के नामों की घोषणा होगी। उसके बाद टीम बनाने की प्रक्रिया में खिलाड़ियों को नीलामी के माध्यम से खरीदा जाएगा, जो कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में बहुत ही बड़ा मील का पत्थर एवं रोचक कदम साबित होगा। इस टूर्नामेंट के संचालन के लिए राज्य संघ ने अलग से गवर्निंग काउंसिल का भी गठन कर दिया है, जिसके अध्यक्ष प्रमोद शंकर शर्मा हैं।

राज्य के स्टार खिलाड़ियों की बात करें तो वर्तमान कप्तान अमनदीप खरे 2016 के अंडर 19 विश्व कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। हरप्रीत सिंग भाटिया, अजय मंडल एवं शशांक सिंह आईपीएल में अलग अलग फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। आशीष चौहान ने गेंदबाजी में और शशांक चंद्राकर ने बल्लेबाजी में मुंबई के विरुद्ध अच्छा प्रदर्शन किया है। ज़ाहिर है कि इन खिलाड़ियों पर सबसे ज्यादा बोली लगेगी। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि नवोदित खिलाड़ियों पर कितना दांव लगता है। ऐसा नहीं है कि इससे पहले खिलाड़ियों को मौके नहीं मिले हैं, पर यह पहली बार होगा कि युवाओं को इतना बड़ा मंच मिलेगा। स्टेडियम में 50000 दर्शक होंगे। वहीं टीवी और इंटरनेट मीडिया के जरिये इसे छत्तीसगढ़ वासियों के साथ साथ पूरा भारतवर्ष देख रहा होगा। मैदान में राज्य और बीसीसीआई के आला अधिकारी होंगे और साथ ही आईपीएल की विभिन्न फ्रेंचाइजी की भी नजर इस टूर्नामेंट पर होगी। यह समय होगा कुछ कर दिखाने का। अधिकतर क्रिकेटरों के परिवार जन, मित्र एवं उनके फैंस पहली बार उन्हें टीवी पर खेलते हुए देखेंगे।

संघ के इन प्रयत्नों से एक बात तो साफ है कि छत्तीसगढ़ में क्रिकेट का भविष्य काफी उज्ज्वल है। छत्तीसगढ़ में प्रतिभाशाली क्रिकेटरों की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें तराशने की। पिछले महीने रायपुर में खेले गए रणजी मैच में छत्तीसगढ़ ने मुंबई को कड़ी टक्कर दी थी और सिर्फ दो रनों के अंतर से छत्तीसगढ़ पहली पारी के आधार पर जीत से वंचित रह गया था। अमनदीप खरे ने छत्तीसगढ़ की पहली पारी में बेहतरीन 143 रन बनाए थे, जबकि आशीष चौहान और अजय मंडल ने शानदार गेंदबाजी की थी। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने यह बहुत ही अच्छा कदम उठाया है।

## देशभक्ति से लबरेज ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। बता दें कि इस साल सारा अली खान अपने फैंस को कुछ धमाकेदार और असल कहानियों से प्रेरित फिल्में दिखाने के लिए तैयार हैं। साल 2024, मार्च के महीने में उनकी दो फिल्में बैक टू बैक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के लिए तैयार हैं। इनमें एक 'मर्डर मुबारक' है और दूसरी 'ऐ वतन मेरे वतन' है, जिसका ट्रेलर आज रिलीज कर दिया गया है।

आपको बता दें कि इस फिल्म का ट्रेलर करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस मूवी में सारा उस जांबाज महिला की कहानी दिखाएंगी, जिन्होंने रेडियो से अंग्रेजों की हालत खराब कर दी थी। इस ट्रेलर में सारा को 'स्वतंत्रता की आखिरी लड़ाई' लड़ने के लिए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड स्टेशन शुरू करते और इसी के जरिये अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते देखा जा सकता है। 'ऐ वतन मेरे वतन' फिल्म में सारा अली खान, उषा मेहता के रोल में नजर आएंगी। उषा मेहता ने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान खुफिया रेडियो स्टेशन की शुरुआत की थी, जिसके लिए वो पूरे देश में मशहूर भी हुई थीं।सारा अली खान को इस तरह के रोल में देख फैंस उनकी तारीफ कर रहें हैं। ट्रेलर में सारा की पावरफुल परफॉर्मेंस देखने को मिल रही है। ये फिल्म अमेजन प्राइम पर 21 मार्च को रिलीज होगी। वहीं, इससे पहले नेटफ्लिक्स पर उनकी मूवी 'मर्डर मुबारक' दस्तक देगी।

## लापता लेडीज की कमाई में 140 प्रतिशत की उछाल

किरण राव की लापता लेडीज ने रविवार को कमाल कर दिया। ओपनिंग डे के मुकाबले फिल्म की कमाई में तीसरे दिन 140 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दूसरी ओर, वरुण तेज की ऑपरेशनल वैलेंटाइन को फाइटर का दंश झेलना पड़ रहा है, जबकि कागज 2 और दगे डिजास्टर साबित हुई हैं।

जैसी उम्मीद थी, वहीं हुआ। किरण राव के डायरेक्शन में बनी लापता लेडीज ने तारीफ और वर्ड ऑफ माउथ के बूते वीकेंड में कमाल कर दिया है। ज़ाहिर है, फिर से बंपर कमाई की उम्मीद नहीं की जा सकती, लेकिन अपने पहले वीकेंड में फिल्म की कमाई में तगड़ा उछाल देखने को मिला है। रविवार को रिलीज के तीसरे दिन फिल्म ने ओपनिंग डे के मुकाबले 140 प्रतिशत अधिक का कारोबार किया है। जरूर ये है कि अब इस बढ़त को वीकडेज में भी जारी रखा जाए। दूसरी ओर, वरुण तेज और मानुषी छिल्लर की ऑपरेशन वैलेंटाइन का हाल बहुत अच्छा नहीं है। जबकि दिवंगत सतीश कौशिक की कागज 2 और हर्षवर्धन राणे की दंगे बुरी तरह पिट गई हैं। ये चारों फिल्में शुक्रवार, 1 मार्च 2024 को रिलीज हुई हैं।स्पर्श श्रीवास्तव, प्रतिभा रांटा और नितांशी गोयल की लापता लेडीज ने दर्शकों के दिल को छुआ है। जो भी लोग फिल्म देखकर निकल रहे हैं, तारीफ जरूर कर रहे हैं। इसका असर बॉक्स ऑफिस पर भी दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को ओपनिंग डे पर जहां इस फिल्म ने 75 लाख रुपये कमाए थे, वहीं शनिवार को इसकी कमाई बढ़कर 1.45 करोड़ रुपये हो गई। जबकि रविवार को फिल्म ने ओपनिंग डे के मुकाबले 140 प्रतिशत अधिक कमाते हुए 1.80 करोड़ रुपये का बिजनस किया है। इस तरह तीन दिनों में फिल्म ने 4 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। दूसरी ओर, वरुण तेज और मानुषी छिल्लर की ऑपरेशन वैलेंटाइन हिचकोले ले रही है। बालाकोट एयर स्ट्राइक पर बनी इस फिल्म ने पहले वीकेंड में सिर्फ 5.56 करोड़ रुपये कमाए थे। ओपनिंग डे पर इसने 1.50 करोड़ रुपये कमाए थे। शनिवार को कमाई बढ़कर 2.15 करोड़ तक पहुंची, लेकिन अगले ही दिन रविवार को यह घटकर 1.91 करोड़ रुपये हो गई है। जाहिर है, ऐसे में सोमवार से फिल्म की कमाई में और गिरावट आने की पूरी संभावना है।

## न्यूज गैलरी

### लॉकर से नकदी रकम हुई चोरी

**रायपुर/नवप्रदेश।** देवेन्द्र नगर सेक्टर 3 स्थित संगीत क्लास गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 17 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रूबल सिंह अरोरा 25 वर्ष देवेन्द्र नगर सेक्टर 3 का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने 26-27 फरवरी के दरम्यानी संगीत क्लास गोदाम का ताला तोड़कर टेबल के लॉकर में रखे नकदी 17 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मंदिर के पास रखे लोहे के प्लेट पार

**रायपुर/नवप्रदेश।** सरोरा स्थित शनि मंदिर के पास रखे 6 नग लोहे के प्लेट को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेश जैन 25 वर्ष विकाश विहार कालोनी रायपुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने उरला थाना में शिकायत किया कि सरोरा के शनि मंदिर के पास लोहे का प्लेट रखा था, जिसमें से 6 नग प्लेट को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए प्लेट की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### गार्डन के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर/नवप्रदेश।** अनुपम गार्डन गेट के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष कुमार कन्नौजे 30 वर्ष पलारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीपी 7703 से रायपुर आया था और बाइक को अनुपम गार्डन के गेट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक पर त्रिशुल से हमला

**रायपुर/नवप्रदेश।** चंपारण स्थित रामजानकी मंदिर के दानपेटी से पैसा निकालने से मना करने पर त्रिशुल से मारकर चोट पहुंचाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अरूण कुमार 32 वर्ष चंपारण नवापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थााना में शिकायत किया कि आरोपी हेमुराम साहहू मंदिर के दान किए पैसा को निकाल रहा था, जिसे मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मंदिर के त्रिशुल से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गांजा के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर/नवप्रदेश।** तेलीबांधा पुलिस ने सुभाष नगर देवारपारा में एक युवक के पास से 1 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुभाष नगर देवारपारा में एक युवक गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी यादव सोनवानी 30 वर्ष के पास से 1 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### अवैध शराब बेचते दो गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** अभनपुर एवं गुढियारी पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 51 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है।

अभनपुर पुलिस ने कठिया मोड़ के पास आरोपी भुवनेश्वर गायकवाड़ 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। वहीं गुढियारी पुलिस ने खालबाड़ा के पास आरोपी गजानंद सोनी 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 31 पाव देशी शराब जब्त किया है।

### तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर/नवप्रदेश।** उरला स्थित भवानी मोल्ड कंपनी के पास कल रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक विरेन्द्र यादव 45 वर्ष शहीद नगर बीरगांव का रहने वाला है। मृतक कल रात अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएच 0812 से घर जा रहा था, तभी भवानी मोल्ड कंपनी के पास ट्रक क्रमांक सीजी 13 एटी 4269 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे विरेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर/नवप्रदेश।** लखौली नहर ओव्हरब्रीज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कौशल साहू 38 वर्ष ग्राम गुल्लू का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी लखौली नहर ओव्हरब्रीज के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

सूचना पर मौके में पहुंची आरंग पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# श्रीरामलला दर्शन योजना के पहले जत्थे को सीएम साय ने किया रवाना

- यह हमारे लिए गौरवशाली क्षण पूरे मंत्रिमंडल के साथ जल्द ही करेंगे श्री रामलला के दर्शन- सीएम
- जय श्रीराम के नारे से गूंजा राजधानी रायपुर का रेलवे स्टेशन

**रायपुर/नवप्रदेश।** ''रामकाज किन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम'', मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार मानस की इन पंक्तियों के अनुरूप श्रीराम के आदर्शों के अनुरूप काम कर रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के निरंतर आदर्शों से सीख लेते हुए राज्य के नागरिक तथा तंत्र एक आदर्श समाज का निर्माण कर सकें, इसके लिए श्रीरामलला दर्शन योजना आरंभ की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज राजधानी रायपुर के रेल्वे स्टेशन से अयोध्या जाने वाली विशेष ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन में 850 राम भक्तों की टोली जय श्रीराम का नारा लगाते हुए अयोध्या के लिए रवाना हुआ। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय श्री रामलला दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन को आज सुबह 10.30 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 07 से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष ट्रेन में रायपुर संभाग के सभी 05 जिलों के 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन करायेगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह क्षण हमारे लिए गौरवशाली है कि छत्तीसगढ़ की जनता श्री रामलला के दर्शन के लिए जा रही है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने हमारी सरकार बनने पर श्री रामलला दर्शन योजना का वादा किया था, उसे पूरा करते हुए आज छत्तीसगढ़ से अयोध्या पहली ट्रेन रवाना हुई है। आने वाले दिनों में रायपुर के साथ रायपुर के अलावा बिलासपुर और रायगढ़ से भी ट्रेन अयोध्या के लिए चलेगी। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत यह विशेष ट्रेन छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को सप्ताह में एक बार अयोध्या धाम का दर्शन कराएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अयोध्या के साथ-साथ अन्य धार्मिक स्थलों की भी यात्रा करायी जायेगी। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां की जनता को सरकारी खर्च पर श्री रामलला का दर्शन कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मार्च महीने में पूरे मंत्रिमंडल के साथ रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे।

रायपुर रेलवे स्टेशन पर जैसे

## यात्रियों ने कहा, अयोध्या धाम के दर्शन करना सौभाग्य की बात

इस यात्रा से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है और भगवान राम का जय-जयकार करते हुए अयोध्या धाम के लिए निकल चुके हैं। ट्रेन में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल में श्री रामलला के दर्शन को जा रहे है। ट्रेन को अयोध्या धाम जैसे सुंदर सजावट किया गया है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री दयालदास बघेल सहित विधायकगण उपस्थित रहे।

अयोध्या धाम की यात्रा करने निकले पारा गांव निवासी श्रीमती शशि ठाकुर और उनकी सहेलियों को बहुत खुशी हो रही है। वे कहती हैं कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री रामलला दर्शन के लिए योजना की शुरूआत की है। इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। क्योंकि अयोध्या के दर्शन हम जैसे लोगों के लिए असंभव था, लेकिन मुख्यमंत्री की पहल पर आज हमें अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन संभव हुए है। आज अयोध्या के लिए रवाना हो रहे है और हमें बहुत खुशी हो रही है।

ग्राम कोपरा के निवासी श्री चेतन कहते है कि हम इस यात्रा से धन्य हुए है, जो हमें श्री रामलला के दर्शन का अवसर मिला।

## 'बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा का पुण्य दे रही है सरकार, रामलला का दर्शन सौभाग्य की बात'

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के रेल्वे स्टेशन से रामलला दर्शन योजना के स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस आस्था ट्रेन से छत्तीसगढ़ के लगभग 850 राम भक्त अयोध्या में राम लला के दर्शन के लिए रवाना हुए। श्रद्धालु दर्शन करने के लिए बहुत उत्साहित नजर आए गरियाबंद जिले के देवभोग निवासी 60 वर्षीय श्री लालधर यादव, श्री तुलसी राम यादव, श्री सुनाधर यादव, श्री मकरन नायक और 60 वर्षीय श्री चाम्पर नेताम ने बताया कि प्रभु श्री राम के अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद पहली बार दर्शन करने जा रहे हैं। मन में एक अलग खुशी महसूस हो रही है।

गरियाबंद जिले के 60 वर्षीय श्रीमती फूलकुंवर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सार्थक पहल से प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। प्रशासन ने गरियाबंद जिले से रायपुर स्टेशन तक लाने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई थी। हमारे गांव से और भी साथी लोग भी बड़ी संख्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने एक साथ ट्रेन में जा रहे हैं।

गरियाबंद जिले के गांव हरदीभाठा के 70 वर्षीय श्रीमती सोनबाई और श्रीमती उषा बाई पटेल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था, साफ सुथरा ट्रेन, नाश्ता भोजन की भी उत्तम व्यस्था की गई है। रायपुर जिले के आरंग निवासी 60 वर्षीय श्री नंदलाल, सकरी गांव के 62 वर्षीय श्री छन्नूलाल साहू, 60 वर्षीय श्री मस्तराम ने बताया कि प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए मन बहुत उत्सुक है। छत्तीसगढ़ शासन ने श्री रामलला दर्शन योजना की शुरूआत की है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बहुत ही लाभदायक है। उम्र के इस पड़ाव में तीर्थ यात्रा करने का मन सभी का रहता है। किंतु आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण यात्रा नहीं कर पाते है। ऐसे परिवारों के बुजुर्गों को इस योजना का प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।

## व्यक्तित्व विकास के लिए सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं में भी भागीदारी आवश्यक

- एम्स के एमबीबीएस और बीएससी (नर्सिंग) के छात्रों के लिए फ्रेशर्स पार्टी आयोजित

**रायपुर/नवप्रदेश।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के एमबीबीएस और बीएससी (नर्सिंग) के 2023 बैच के छात्रों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सा छात्रों को मेडिकल की पढ़ाई के साथ स्वयं के व्यक्तित्व को निखारने के लिए सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने को प्रोत्साहित किया गया।

कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने स्वयं के अकादमिक अनुभव को साझा करते हुए कहा कि चिकित्सा शिक्षा में अनुशासन के साथ स्वयं के व्यक्तित्व को निखारने की आवश्यकता होती है जिससे बेहतर संवाद किया जा सके। इसके लिए सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना आवश्यक होता है। उन्होंने नए चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए चिकित्सक के रूप में समाज को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर जूनियर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए कई सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने समाज में चिकित्सा शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए इसके नियमों का पालन करने के लिए सभी को संदेश दिया।

## देश के विकास में श्रमिकों के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता : लखनलाल

- श्रमिकों के लिए शुरू हुई 5 रूपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था

**रायपुर/नवप्रदेश।** श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन ने कल कोरबा जिले के बाल्को में शहीद वीर नारायणसिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत निर्माण, संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिकों के लिए 05 रूपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था हेतु दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं भी श्रमिकों को भोजन परोसने के साथ भोजन भी किए और श्रमिकों से अपील की कि वे इस दाल-भात केंद्र में भोजन अवश्य करें। श्रम मंत्री ने इस पहल को गरीब श्रमिकों के लिए लाभदायक बताते हुए श्रम विभाग अंतर्गत श्रमिकों और उनके परिवार के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के विकास में श्रमिकों का बहुत बड़ा योगदान है। श्रमिकों ने सड़क, पुल-पुलिया, महल सहित अन्य बड़े-बड़े कार्य किए हैं। उद्योग मंत्री होने के नाते उनकी भी कोशिश है कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग स्थापित हों और छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार मिले।

दाल-भात केंद्र का शुभारंभ करते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस योजना को प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने तत्काल सहमति दी और आज उनके प्रयास से गरीब मजदूरों को किफायती दर में भरपेट भोजन उपलब्ध होगा। श्रम मंत्री ने बताया कि उन्होंने भी गरीबी को बहुत ही करीब से देखा है। इसलिए वे श्रमिकों की आवश्यकताओं को भलीभांति जान और समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 21 स्थानों पर दाल-भात केंद्र प्रारंभ है।

## मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ क्लाइमेट चेंज कॉन्क्लेव 2024 में लगी प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ क्लाइमेट चेंज कॉन्क्लेव 2024 में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के बाद स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने हर स्टॉल पर जाकर वहां प्रदर्शित मॉडलों, जड़ी-बूटी, उपकरणों, हर्बल प्रोडक्ट की जानकारी ली। वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री केदार कश्यप भी उनके साथ थे। मुख्यमंत्री का पगड़ी और बिरन माला पहनाकर स्वागत किया गया।

दर्पण सोसायटी जशपुर के सदस्यों ने स्टाल पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री श्री साय को सरई फूल से बना गुलदस्ता भेंट किया। सोसायटी के सदस्यों श्री लोचन यादव ने बताया कि उनका समूह वन एवं वनोपजों के संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है। वे ग्रामीणों को वनोपजों के संरक्षण के लिए प्रशिक्षित करने के साथ ही उसके प्रसंस्करण की तकनीक से भी अवगत कराते हैं। जिससे ग्रामीणों को उनके उत्पादों का सही दाम मिल सके।

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के स्टॉल पर इंडोर सोलर कुकिंग सिस्टम की यूनिट लगाई गयी थी। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस यूनिट में थर्मल बैटरी का उपयोग किया गया है जिससे सौर ऊर्जा को स्टोर कर लिया जाता है। इससे रात्रि के समय या बिजली नहीं होने पर भी स्टोर ऊर्जा का उपयोग कर खाना बनाया जा सकता है। स्टाल में प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की भी जानकारी दी जा रही है।

कोरबा महामाया कृषक उत्पादक संघ के किसान श्री इतवारी बंजारे ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनका संघ कोरबा जिले के करतला ब्लॉक में काजू और ब्लैक राइस का उत्पादन कर रहा है। जहाँ काजू के लगभग 7500 पेड़ लगाए गए हैं और शुरूआती दौर में प्रति पेड़ 15 से 20 किलोग्राम काजू का उत्पादन होता है।

छत्तीसगढ़ हर्बल के स्टॉल पर सुश्री अंजलि डहरिया ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ हर्बल के अंतर्गत मिलने वाले उत्पादों आँवला जूस, मुरब्बा, कैण्डी, महुआ आचार, शहद जैसे अन्य उत्पादों के बारे में बताया।